कर्नाटक सरकार

# हिंदी सुमन

## प्रथम भाषा हिंदी

**Hindi First Language**

# 7

## सातवीं कक्षा

**Seventh Standard**

©KTBS Not to be republished

**Karnataka Text Book Society (R.)**
100 Ft. Ring Road, BSK 3rd Stage,
Bengaluru - 560 085.

# PREFACE

The Textbook Society, Karnataka has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which inturn are designed on NCF – 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as the media of instruction. From standard 1 to 4 there is the EVS, mathematics and 5$^{th}$ to 10$^{th}$ there are three core subjects namely mathematics, science and social science.

**NCF – 2005** has a number of special features and they are:

- connecting knowledge to life activities.
- learning to shift from rote methods.
- enriching the curriculum beyond textbooks.
- learning experiences for the construction of knowledge.
- making examinations flexible and integrating them with classroom experiences.
- caring concerns within the democratic policy of the country.
- making education relevant to the present and future needs.
- softening the subject boundaries- integrated knowledge and the joy of learning.
- the child is the constructor of knowledge.

The new books are produced based on three fundamental approaches namely.

Constructive approach, Spiral Approach and Integrated approach.

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the all round development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

©KTBS Not to be republished

The most important objectives of teaching language are listening, speaking, reading, writing and reference work. These skills have been given a lot of importance in all the language textbooks. Along with the inculcation of these skills, fundamental grammar, opportunities for learners to appreciate beauty and imbibe universal life values have been integrated in language textbooks. When learners master these competencies, they would stop studying textbooks for the sake of passing examinations. In order to help learners master these competencies, a number of paired and group activities, assignments and project work have been included in the textbooks. It is expected that these activities would help learner master communicative skills. Ultimately, it is expected that students master the art of learning to learn and make use of these competencies in real life.

The Textbook Society expresses its gratitude to the chairpersons, writers, scrutinisers, artists, staff of DIETs and CTEs and the members of the Editorial Board and printers in helping the Text Book Society in producing these textbooks. A few works of some writers and poets have been included in these textbooks. The textbook society is extremely grateful to them for giving their consent for the inclusion of these pieces in the textbooks.

**Prof G. S. Mudambadithaya**
**Coordinator**
Curriculum Revision and Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bangalore, Karnataka

**Nagendrakumar**
**Managing Director**
Karnataka Textbook Society®
Bangalore, Karnataka

© KTBS Not to be republished

# अध्यक्ष की ओर से

वर्तमान विद्यार्थी-समुदाय भाषा और साहित्य की ओर बहुत ही कम ध्यान दे रहा है, जो खेद की बात है। भाषा के प्रयोजन और महत्व से वर्तमान छात्र-समूह पूरी तरह से परिचित नहीं है । इसी कारण से वह भाषा के प्रति उदासीन रहा है, ऐसा हमारा अभिप्राय है। ज्ञान-विज्ञान की हर शाखा का परिचय भाषा के द्वारा ही पाया जा सकता है। इतना ही नहीं, हमारे दैनंदिन व्यवहारों तथा व्यावसायिक संदर्भों में भी सही और शिष्ट भाषा का प्रयोग करना बहुत ही जरूरी है।

राष्ट्रीय पाठ्याचार रूपरेखा 2007 के अनुसार कर्नाटक पाठ्यपुस्तक संघ ने पाठ्यपुस्तकों की तैयारी में कई नये तरीकों को अपनाया है। सातवीं कक्षा प्रथम भाषा हिन्दी पाठ्यपुस्तक हिंदी सुमन में कुछ नवीन अंशों का परिचय पा सकते हैं।

आप को हिंदी सुमन - 7 में हिंदी साहित्य की कई विधाओं की सुंदर झलक मिलती है। जीवन में रुचि, प्रेम और उत्साह जगानेवाले अंश तथा मानवीय मूल्यों से मंडित पाठ अध्यापकों तथा विद्यार्थियों का मन मोह लेंगे। कर्नाटक राज्य के विविध प्रांतों की विशेषताओं तथा कर्नाटक एवं भारत के महान् व्यक्तियों की गरिमा का परिचय करानेवाले पाठ इस पुस्तक में संकलित हैं। प्राचीन तथा नवीन कविताओं की सरलता और सुंदरता छात्रों में हिंदी के प्रति प्रेम जगाएँगी। पद्य और गद्य में सरसता और शालीनता का मणिकांचन योग मिलता है जो अध्यापक और विद्यार्थी समुदाय के मन को हर लेगा।

इस पुस्तक में पाठों का चयन इस तरह किया गया है कि विद्यार्थियों की जिज्ञासा और जानकारी को पाठ-वैविध्य जरूर बढ़ाएगा। ऐसे अभ्यास दिए गए हैं जिनसे छात्रों का भाषा-ज्ञान विस्तृत होगा और उनका संवहन-कौशल भी निखरेगा।

इस पाठ्य-पुस्तक को तैयार करने में रचना-समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला है। अतः मैं इन सबके प्रति अत्यंत आभारी हूँ। मैं कर्नाटक पाठ्यपुस्तक संघ के सभी पदाधिकारियों के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूँ।

अध्यक्ष

जी. अश्वत्थनारायण

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक रचना समिति

**अध्यक्षः**

**श्री जी. अश्वत्थनारायण,** विश्रांत हिन्दी प्राध्यापक, 49, श्रीगिरि, कॉलेज टीचर्स लेअउट, बेंगलूरु

**सदस्यः**

**श्री बी.के. सुधींद्र,** विश्रांत उप प्राचार्य, स.प.पू. कॉलेज, वेमगल, ता.जि. कोलार

**श्रीमती एच.डी. शांता,** विश्रांत प्राचार्या, बेंगलूरु

**श्री अंबले बाबू राव,** हिंदी शिक्षक, स. हाईस्कूल, कोडंबल, ता. हुमनाबाद, जि. बीदर

**श्री किशोर रूपनुरे,** हिंदी शिक्षक, स. हाईस्कूल, संगोलगी, ता.जि. बीदर

**श्री राजू सिंग,** हिंदी शिक्षक, स. हाईस्कूल, वलखिंडी ता. हुमनाबाद, जि. बीदर

**परिशीलकः**

**डॉ. तिप्पेस्वामी,** विश्रांत हिंदी प्राध्यापक, मैसूरू

**संपादकः**

**डॉ. शशिधर एल. जी.,** प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, हिंदी विभाग, मैसूर विश्वविद्यानिलय, मैसूरू

**डॉ. एस. रंगनाथ,** हिंदी विभाग, नेशनल कॉलेज, जयनगर, बेंगलूरु

**प्रधान संयोजकः**

**श्री जी.एस. मुडंबडित्ताय,** संयोजक, पाठ्य पुस्तक रचना समिति, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु

**सहायता और मार्गदर्शनः**

**श्री. नागेंद्रकुमार,** प्रबंध निदेशक ,कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती सी. नागमणि,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# ಪರಿಷ್ಕರಣೆ ಕುರಿತು

ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಬಗ್ಗೆ ಪ್ರಕಟಗೊಂಡ ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಗಮನಿಸಿ ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಯವರೂ ಅರ್ಥಸಚಿವರೂ ಆಗಿರುವ ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯನವರು ತಮ್ಮ 2014–15ರ ಬಜೆಟ್‌ನಲ್ಲಿ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ರಚಿಸುವ ಘೋಷಣೆ ಮಾಡಿದರು. ತಜ್ಞರು ಅನುಸರಿಸಬೇಕಾದ ಮೂಲ ಆಶಯವನ್ನು ಹೀಗೆ ಹೇಳಿದರು: “ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯ, ನೈತಿಕಮೌಲ್ಯಗಳು, ವ್ಯಕ್ತಿತ್ವವಿಕಸನ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮತ್ತು ವೈಚಾರಿಕ ಮನೋಭಾವ, ಜಾತ್ಯಾತೀತತೆ ಮತ್ತು ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಬದ್ಧತೆಗಳಿಗೆ ಅನುವಾಗುವಂತೆ ತಜ್ಞರ ಸಮಿತಿಯನ್ನು ಪುನರ್‌ರಚಿಸಲಾಗುವುದು” – ಇದು ಬಜೆಟ್ ಭಾಷಣದಲ್ಲಿ ಸಾದರಪಡಿಸಿದ ಆಶಯ.

ಆನಂತರ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆಯು ಒಂದರಿಂದ ಹತ್ತನೇ ತರಗತಿಯವರೆಗಿನ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಾಗಿ 27 ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ದಿನಾಂಕ: 24.11.2014 ರಂದು ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ವಿಷಯವಾರು ಮತ್ತು ತರಗತಿವಾರು ಮಾನದಂಡಕ್ಕನುಗುಣವಾಗಿ ರಚಿತವಾದವು. ವಿವಿಧ ಪಠ್ಯವಿಷಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರು, ಅಧ್ಯಾಪಕರು ಈ ಸಮಿತಿಗಳಲ್ಲಿದ್ದಾರೆ. ಈಗಾಗಲೇ ಲಿಖಿತವಾಗಿ ಬಂದಿರುವ ಅನೇಕ ಆಕ್ಷೇಪಗಳು ಮತ್ತು ವಿಶ್ಲೇಷಣೆಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಿ, ತಪ್ಪು ಒಪ್ಪುಗಳ ಬಗ್ಗೆ ನಿರ್ಣಯಿಸಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ ಹೊಣೆಹೊತ್ತ ಈ ಸಮಿತಿಗಳಿಗೆ ‘ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪಠ್ಯವಸ್ತುವನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸಿ ನಂತರ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವ’ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು 24.11.2014ರ ಆದೇಶದಲ್ಲೇ ನೀಡಲಾಗಿತ್ತು. ಆನಂತರ 19.09.2015 ರಂದು ಹೊಸ ಆದೇಶ ಹೊರಡಿಸಿ ‘ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಲ್ಲಿ ಪುನರ್ ರಚಿಸುವ’ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು ನೀಡಲಾಯಿತು. ಹೀಗೆ ಸಮಗ್ರ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗೊಂಡ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು 2016–17ರ ಬದಲು 2017–18ನೇ ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ವರ್ಷದಲ್ಲಿ ಜಾರಿಗೊಳಿಸಲಾಗುವುದೆಂದು ಇದೇ ಆದೇಶದಲ್ಲಿ ತಿಳಿಸಲಾಯಿತು.

©KTBS Not to be republished

ಅನೇಕ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳೂ ಸಂಘಟನೆಗಳೂ ಸ್ವಯಂಪ್ರೇರಿತರಾಗಿ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಮಾಹಿತಿದೋಷ, ಆಶಯದೋಷಗಳನ್ನು ಪಟ್ಟಿಮಾಡಿ ಶಿಕ್ಷಣ ಸಚಿವರಿಗೆ, ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘಕ್ಕೆ ಕಳುಹಿಸಿದ್ದರು. ಅವುಗಳ ಪರಿಶೀಲನೆಮಾಡಿದ್ದಲ್ಲದೆ, ಸಮಿತಿಗಳಾಚೆಗೆ ಅನೇಕ ಸಂವಾದಗಳನ್ನು ಏರ್ಪಡಿಸಿ ವಿಚಾರ ವಿನಿಮಯ ಮಾಡಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ. ಪ್ರಾಥಮಿಕ ಮತ್ತು ಪ್ರೌಢಶಾಲಾ ಅಧ್ಯಾಪಕರ ಸಂಘಗಳ ಜೊತೆ ಚರ್ಚಿಸಿದ್ದಲ್ಲದೆ ಪ್ರಶ್ನಾವಳಿ ಸಿದ್ಧಪಡಿಸಿ ಅಧ್ಯಾಪಕರಿಗೆ ಕಳಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಗಳನ್ನು ಸಂಗ್ರಹಿಸಲಾಗಿದೆ. ಅಧ್ಯಾಪಕರು, ವಿಷಯಪರಿವೀಕ್ಷಕರು ಮತ್ತು ಡಯಟ್ ಪ್ರಾಂಶುಪಾಲರ ಪ್ರತ್ಯೇಕ ಸಭೆಗಳನ್ನು ನಡೆಸಿ ವಿಶ್ಲೇಷಣಾತ್ಮಕ ಅಭಿಮತಗಳನ್ನು ಪಡೆಯಲಾಗಿದೆ. ವಿಜ್ಞಾನ, ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ, ಭಾಷೆ ಸಾಹಿತ್ಯಗಳಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ತಜ್ಞರಿಗೆ ಮೊದಲೇ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸಿ ಆನಂತರ ಸಭೆ ನಡೆಸಿ ಚರ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಮಹಿಳಾ ಸಂಘಟನೆ ಹಾಗೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಸಂಬಂಧಿ ಸಂಸ್ಥೆಗಳನ್ನು ಆಹ್ವಾನಿಸಿ ಚಿಂತನೆ ನಡೆಸಲಾಗಿದೆ. ಹೀಗೆ ಎಲ್ಲಾ ಮೂಲಗಳಿಂದ ಪಡೆದ ಅರಿವಿನ ಆಧಾರದ ಮೇಲೆ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಅಗತ್ಯವಿದ್ದಕಡೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಬಹುಮುಖ್ಯವಾದ ಇನ್ನೊಂದು ಸಂಗತಿಯನ್ನು ಇಲ್ಲಿ ಹೇಳಬೇಕು. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ **(N.C.E.R.T)** ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ತೌಲನಿಕವಾಗಿ ಅಧ್ಯಯನ ಮಾಡಿ ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ನೀಡಲು ವಿಜ್ಞಾನ, ಗಣಿತ ಮತ್ತು ಸಮಾಜವಿಜ್ಞಾನಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದಂತೆ ತಜ್ಞರ ಮೂರು ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲಾಯಿತು. ಈ ಸಮಿತಿಗಳು ನೀಡಿದ ತೌಲನಿಕ ವಿಶ್ಲೇಷಣೆ ಮತ್ತು ಸಲಹೆಗಳನ್ನು ಆಧರಿಸಿ ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸಲಾಗಿದೆ. ಕೇಂದ್ರೀಯ ಶಾಲಾ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳಿಗಿಂತ ನಮ್ಮ ರಾಜ್ಯದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಗುಣಮಟ್ಟ ಕಡಿಮೆಯಾಗದಂತೆ ಕಾಯ್ದುಕೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ. ಜೊತೆಗೆ ಆಂಧ್ರ, ತಮಿಳುನಾಡು, ಮಹಾರಾಷ್ಟ್ರ ರಾಜ್ಯಗಳ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಜೊತೆ ನಮ್ಮ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳನ್ನು ಪರಿಶೀಲಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಇನ್ನೊಂದು ಸ್ಪಷ್ಟನೆಯನ್ನು ನೀಡಲು ಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ನಮ್ಮ ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿರುವುದು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯೇ ಹೊರತು ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸಮಗ್ರ ರಚನೆಯಲ್ಲ. ಆದ್ದರಿಂದ ಈಗಾಗಲೇ

©KTBS
Not to be republished

ರಚಿತವಾಗಿರುವ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕಗಳ ಸ್ವರೂಪಕ್ಕೆ ಎಲ್ಲಿಯೂ ಧಕ್ಕೆಯುಂಟುಮಾಡಿಲ್ಲ. ಲಿಂಗತ್ವ ಸಮಾನತೆ, ಪ್ರಾದೇಶಿಕ ಪ್ರಾತಿನಿಧ್ಯ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಸಮಗ್ರತೆ, ಸಮಾನತೆ, ಸಾಮಾಜಿಕ ಸಾಮರಸ್ಯಗಳ ಹಿನ್ನೆಲೆಯಲ್ಲಿ ಕೆಲವು ಪರಿಷ್ಕರಣೆಗಳು ನಡೆದಿವೆ. ಹೀಗೆ ಪರಿಷ್ಕರಿಸುವಾಗ ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟು ಮತ್ತು ರಾಜ್ಯ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ ಚೌಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಮೀರಿಲ್ಲವೆಂದು ತಿಳಿಸಬಯಸುತ್ತೇನೆ. ಜೊತೆಗೆ ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನದ ಆಶಯಗಳನ್ನು ಅನುಸರಿಸಲಾಗಿದೆ. ಸಮಿತಿಗಳು ಮಾಡಿದ ಪರಿಷ್ಕರಣೆಯನ್ನು ಮತ್ತೊಮ್ಮೆ ಪರಿಶೀಲಿಸಲು ವಿಷಯವಾರು ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನ ಸಮಿತಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಿ ಅಭಿಪ್ರಾಯಪಡೆದು ಅಳವಡಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಹೀಗೆ ಕ್ರಮಬದ್ಧವಾಗಿ ನಡೆದ ಕೆಲಸಕ್ಕೆ ತಮ್ಮನ್ನು ತಾವು ಸಂಪೂರ್ಣ ತೊಡಗಿಸಿಕೊಂಡ 27 ಸಮಿತಿಗಳ ಅಧ್ಯಕ್ಷರು ಮತ್ತು ಸದಸ್ಯರನ್ನು ಹಾಗೂ ಉನ್ನತ ಪರಿಶೀಲನಾ ಸಮಿತಿಯ ಸಮಸ್ತರನ್ನು ಕೃತಜ್ಞತೆಯಿಂದ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಅಂತೆಯೇ ಸಮಿತಿಗಳ ಕೆಲಸ ಸುಗಮವಾಗಿ ನಡೆಯುವಂತೆ ವ್ಯವಸ್ಥೆಮಾಡಲು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮ ಅಧಿಕಾರಿಗಳಾಗಿ ನಿಷ್ಠೆಯಿಂದ ದುಡಿದ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘದ ಎಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳನ್ನೂ ನೆನೆಯುತ್ತೇವೆ. ಸಹಕರಿಸಿದ ಸಿಬ್ಬಂದಿಗೂ ನಮ್ಮ ವಂದನೆಗಳು. ಅಭಿಪ್ರಾಯ ನೀಡಿ ಸಹಕರಿಸಿದ ಸರ್ವ ಸಂಘಟನೆಗಳು ಮತ್ತು ತಜ್ಞರಿಗೆ ಧನ್ಯವಾದಗಳು.

**ನರಸಿಂಹಯ್ಯ**
ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ ನಿರ್ದೇಶಕರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು-85

**ಪ್ರೊ. ಬರಗೂರು ರಾಮಚಂದ್ರಪ್ಪ**
ಸರ್ವಾಧ್ಯಕ್ಷರು
ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಪರಿಷ್ಕರಣ ಸಮಿತಿ
ಕರ್ನಾಟಕ ಪಠ್ಯಪುಸ್ತಕ ಸಂಘ (ರಿ)
ಬೆಂಗಳೂರು-85

©KTBS Not to be republished

# पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति

**सर्वाध्यक्ष :**

**प्रो. बरगूरु रामचंद्रप्पा,** अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य पाठ्य पुस्तक परिष्करण समिति, बेंगलूरु.

**सहयोग :**

**श्री नरसिंहय्या,** प्रबंध निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु-५६००८५

**श्रीमती. नागमणि सी,** उपनिदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

**अध्यक्ष:**

**डॉ. नामदेव. एम. गौडा,** विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, महाराजा कॉलेज, मैसूरु विश्वविद्यानिलय, मैसूरु-५७०००५

**सदस्य :**

**श्रीमती. सुमा. एस. के,** विषय परिवीक्षिका (हिंदी) बेंगलूरु विभाग आयुक्तालय बेंगलूरु-५६० ००१

**डॉ. रागिनी. आर,** हिंदी अध्यापिका (स्वैच्छिक अवकाश प्राप्त) ७३८/४, सोप्पिनकोला स्ट्रीट, काशीपति अग्रहार, के.आर. मुहल्ला, मैसूरु - २४

**डॉ. एस. ए. मंजुनाथ,** सहायक प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पोंपै कॉलेज, ऐकला, मंगलूरु-५७४१४१

**डॉ. एस. विजि,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी हाईस्कूल, वोंटीकोप्पल, मैसूरु-५७००२०

**श्री. जी. एम. मंजुनाथ,** सह-शिक्षक (हिंदी), सरकारी पी.यु. कॉलेज, गौनीपल्ली, श्रीनिवासपुरा ताल्लुका, कोलार जिला-५६३१६१

**श्रीमती. वसंतकुमारी बाई,** सह-शिक्षिका (हिंदी), एस. एस. पी. एस. हाईस्कूल, कोप्पा ताल्लुका, चिक्कमगलूरु जिला - ५७७१२६

**वासुदेवमूर्ति. एस,** हिंदी अध्यापक, सरकारी हाईस्कूल, उद्बूरु, मैसूरु तालूक, मैसूरु जिला - ५७००२६.

**उन्नत परिशीलन समिति :**

**डॉ. काशीनाथ अंबलगे,** अवकाश प्राप्त प्रोफेसर, गुलबर्गा विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**डॉ. के.ए. सेबास्टियन,** क्राइस्ट विश्वविद्यालय, होसूर रोड, बेंगलूरु

**डॉ. गणेश बि. पवार,** अध्यक्ष, हिंदी विभाग, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय, कलबुरगि.

**कलाकार:**

**श्री डी. एन. वेंकटेश,** सरकारी हाईस्कूल, उरमार कसलगेरे, मंड्या जिला.

**कार्यक्रम संयोजक :**

**श्रीमती जयलक्ष्मी सी.डी.,** सहायक निदेशक, कर्नाटक पाठ्य पुस्तक संघ, बेंगलूरु.

©KTBS Not to be republished

# अनुक्रमणिका


| क्र.स. | शीर्षक | विधा | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| १. | पुष्प की अभिलाषा | कविता | १ |
| २. | बुद्‌धिमान ऐसप | कहानी | ५ |
| ३. | कालैय्या | रेखाचित्र | ११ |
| ४. | इंद्रधनुष | कविता | २० |
| ५. | एक दीपक बुझ गया | संस्मरण | २४ |
| | घर - संसार | पूरक वाचन | ३१ |
| ६. | साहसी शीजा | साहस गाथा | ३३ |
| ७. | वरदान माँगूँगा नहीं | कविता | ४२ |
| ८. | भारतप्रेमी फादर कामिल बुल्के | लेख | ४८ |
| ९. | प्रायश्चित्त | कहानी | ५५ |
| १०. | रक्षाबंधन | कविता | ६८ |
| ११. | कमलादेवी चट्‌टोपाध्याय | व्यक्ति चित्रण | ७१ |
| | पंच परमेश्वर | पूरक वाचन | ७७ |
| १२. | बाल मज़दूरी : राष्ट्रकलंक | निबंध | ७९ |
| १३. | हम होंगे कामयाब | कविता | ८५ |
| १४. | कौन जीता ? कौन हारा ? | लोककथा | ८८ |
| १५. | बीदर की यात्रा | यात्रा-वृत्तांत | ९३ |
| १६. | दादू के दोहे | प्राचीन कविता | १०१ |
| १७. | दो थैलियाँ | एकांकी | १०६ |
| | जगदीशचंद्र बोस | पूरक वाचन | ११६ |


©KTBS Not to be republished

# पाठ - १

# पुष्प की अभिलाषा

- माखनलाल चतुर्वेदी

**आशय : भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए हर भारतीय तन-मन -धन से तैयार था। कवि ने त्याग और बलिदान की इस भावना को फूल के माध्यम से बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है। इस कविता में भारत बगीचा है तो हर भारतीय फूल है। इस कविता में भारतवासियों का देशप्रेम सुंदर रूप से प्रकट हुआ है।**

चाह नहीं, मैं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ ।
चाह नहीं, प्रेमी-माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊँ।

चाह नहीं, सम्राटों के शव
पर, हे हरि! डाला जाऊँ।
चाह नहीं, देवों के सिर पर
चढ़ूँ, भाग्य पर इठलाऊँ।

मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक ।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जाएँ वीर अनेक।

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचय :**

माखनलाल चतुर्वेदी जी(**१८८८-१९६९**)आधुनिक हिंदी साहित्य की राष्ट्रीय-भावना के कवियों में अग्रणी हैं। आपकी रचनाओं में राष्ट्रीयता का ओजस्वी स्वर गूँजता है। असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण आपको जेल भी जाना पड़ा था। काव्य के क्षेत्र में आपको 'एक भारतीय आत्मा' के रूप में जाना जाता है। 'हिमकिरीटिनी' 'हिम-तरंगिनी', 'माता' 'समर्पण', 'युग-चरण' आपकी प्रसिद्ध काव्य रचनाएँ हैं।

**शब्दार्थ :**

चाह - इच्छा, आशा; सुरबाला - देवकन्या, गहनें - ज़ेवर, आभूषण; गूँथना - पिरोना, हरि - भगवान; इठलाना - गर्व करना

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. पुष्प किनके गहनों में गुंथवाना नहीं चाहता?

२. पुष्प प्रेमी-माला में क्या करना नहीं चाहता?

३. पुष्प को किनके शव पर डाले जाने की चाह नहीं है?

४. पुष्प कहाँ चढ़कर गर्व करना नहीं चाहता?

५. पुष्प की दृष्टि में वीर कौन हैं?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. पुष्प को किन-किन बातों की चाह नहीं है?

२. वनमाली से पुष्प की क्या विनती है?

©KTBS Not to be republished

**III. भाव स्पष्ट कीजिए :**

मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ में देना तुम फेंक।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पथ जाएँ वीर अनेक।

**IV. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

१. पुष्प -
२. चाह -
३. सुरबाला -
४. सम्राट -
५. शीश -
६. भूमि -
७. पथ -
८. वन -

**V. विरुद्धार्थक शब्द लिखिए :**

१. अनेक ×
२. भाग्य ×
३. वीर ×
४. तोड़ना ×
५. आशा ×
६. देव ×

**VI.** पद्य की इन पंक्तियों को पूर्ण कीजिए:

चाह नहीं, ________________
_________________________ ।
_________________________
________________ ललचाऊँ।

©KTBS Not to be republished

**VII. कविता कंठस्थ कीजिए ।**

**VIII. खाने में लिखे अक्षरों को जोड़कर (अगल । बगल । ऊपर । नीचे) शब्द बनाइये:**

**उदा : मर, जग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | र | स | क |
| न | म | न | ख |
| ग | ज | ल | म |

**योग्यता विस्तारः**

- इसी तरह की राष्ट्रीय भावनायुक्त अन्य कविताएँ पढ़िए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - २

## बुद्‌धिमान ऐसप

-संकलित

**आशय: इस पाठ के माध्यम से बताया गया है कि हमें बुद्‌धिमत्ता और चतुराई से काम करना चाहिए। इसके लिए ऐसप का उदाहरण दिया जा रहा है।**

© KTBS Not to be republished

चंदन को आज नींद नहीं आ रही थी। वह माँ के पास जाकर खड़ा हो गया। ''क्या हुआ ?'' माँ ने पूछा।

''नींद नहीं आ रही है।'' चंदन ने कहा।

''अच्छा ! तो कहानी सुनना चाहता है?''

''किंतु...नई.. बिलकुल नई कहानी।'' कहता हुआ वह माँ के पास उनकी सब्जी की डलिया खिसकाकर लेट गया।

माँ ने बड़े स्नेह से उसके बालों में अपनी उँगलियाँ फेरते हुए कहा- ''बेटा! आज मैं तुम्हें ऐसप की कहानी सुनाती हूँ।''

''कौन ऐसप..?''चंदन ने पूछा।

''ऐसप यूनान के राजा का गुलाम था। वह बहुत ही दुबला-पतला था, पर था बहुत बुद्‌धिमान।

एक बार जब राजा के यहाँ पुत्र पैदा हुआ तो वह बहुत प्रसन्न हुआ। इस खुशी के मौके पर उसने दूर एक तीर्थस्थान पर जाने का निश्चय किया। वह राजकुमार के लिए प्रार्थना करना चाहता था। राजा ने ऊँटों को यात्रा के लिए तैयार करवाया तथा बहुत से गुलाम भी साथ ले लिए। प्रत्येक गुलाम को एक-

एक गट्ठर उठाने का आदेश दिया गया। ऐसप ने सबसे बड़ा गट्ठर उठाया तो राजा ने आशचर्य प्रकट करते हुए कहा-'ऐसप! क्या तुम इतना बड़ा गट्ठर उठा सकोगे?'

ऐसप ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया - 'महाराज! आप चिंता न करें। मैं खुशी-खुशी इस गट्ठर को ले चलूँगा।'

'जानते हो उस गट्ठर में क्या था?'

'रोटियाँ।' इसलिए धीरे-धीरे गट्ठर हल्का होता गया। जब वे तीर्थस्थान पर पहुँचे तो पूरा गट्ठर खाली हो चुका था। ऐसप बड़ी शान से तीर्थस्थान पर इधर-उधर घूमता रहा। उसके संगी साथियों के पास राजा का सामान था जिस कारण वे घूम-फिर भी नहीं पाते थे। अपनी प्रखर बुद्धि से ऐसप ने काम भी किया और आराम भी। राजा ऐसप की बुद्धिमत्ता से बहुत प्रभावित हुआ। इस घटना के बाद ऐसप राजा का कृपापात्र बन गया।

एक बार पड़ोसी देश के राजा ने तीन मूर्तियाँ भेजीं। वे बड़ी खूबसूरत तो थीं लेकिन तीनों एक जैसी थीं। सवाल यह था कि प्रत्येक मूर्ति की विशेषता बतानी थी। तीनों मूर्तियों में अंतर बतानेवाले को मुँह माँगा पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई थी।

राज्य के अनेक छोटे-बड़े दरबारियों, कर्मचारियों तथा वहाँ के प्रतिष्ठित नागरिकों ने कई बार उन मूर्तियों को देखा और परखा, पर किसी की बुद्धि ने उनका साथ नहीं दिया।

अंत में ऐसप ने विनयपूर्वक कहा- 'महाराज! आज्ञा हो तो मैं भी प्रयत्न करूँ?'राजा ने हँसकर कहा -'ऐसप! यह रोटियों का गट्ठर नहीं है। यह बुद्धि का खेल है, फिर भी हम तुम्हें निराश नहीं करना चाहते, तुम भी अपनी किस्मत आज़मा कर देख लो।'

© KTBS Not to be republished

ऐसप बड़े साहस और विश्वास के साथ आगे बढ़ा। पहले उसने मूर्तियों का अच्छी तरह से निरीक्षण किया। फिर कुछ समय बाद बोला -'महाराज! मुझे कुछ तिनके चाहिए।' ऐसप की इस माँग पर वहाँ उपस्थित सभी व्यक्ति हँसने लगे। फिर भी वह निराश नहीं हुआ।

राजा ने ऐसप की माँग पूरी करने के लिए तिनके मँगवाए। ऐसप ने प्रत्येक मूर्ति के कान में एक-एक तिनका डाल दिया। जिस मूर्ति का तिनका कान में से होता हुआ पेट में चला गया, ऐसप ने उसे उत्तम घोषित किया। उसने बताया कि वह मूर्ति सबकी बात सुनेगी, परंतु किसी की बात प्रकट नहीं करेगी। जिस मूर्ति का तिनका मुँह से बाहर निकल आया, वह द्‌वितीय ठहराई गई। उसने कहा कि यह मूर्ति बात सुनेगी और प्रकट कर देगी।

जिस मूर्ति का तिनका एक कान से होता हुआ दूसरे कान से बाहर निकल गया, उसे तीसरा स्थान दिया गया। ऐसप ने कहा कि यह मूर्ति हर बात सुनकर दूसरे कान से बाहर निकाल देगी अर्थात् किसी बात पर ध्यान न देगी कि कोई क्या कह रहा है।

ऐसप ने प्रत्येक मूर्ति की जो-जो विशेषता बताई, वह पूर्ण रूप से ठीक थी। राजा उसकी बुद्‌धिमत्ता पर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने ऐसप को स्वतंत्र कर दिया और बहुत-सा धन भी दिया।

''माँ, फिर ऐसप ने स्वतंत्र होने के बाद क्या किया?''-चंदन ने पूछा।

माँ ने प्रेमपूर्वक कहा - ''बेटा, स्वतंत्र होने के बाद ऐसप ने अपना शेष जीवन रोचक कहानियाँ लिखने में बिताया।''

चंदन ने पूछा - ''माँ! पहली मूर्ति क्यों श्रेष्ठ मानी गई? '' माँ ने कहा - ''बेटा! पहली मूर्ति को इसलिए श्रेष्ठ माना गया क्योंकि उस मूर्ति में तिनका कान में से होता हुआ पेट में चला गया। इसका अर्थ है कि हमें किसी की

©KTBS Not to be republished

चुगली नहीं करनी चाहिए। जिस तरह हम भोजन पचा लेते है, उसी तरह बातें भी पचा लेनी चाहिए, नहीं तो हम विश्वासघाती कहलाएँगे।'' माँ से कहानी सुनकर चंदन बहुत खुश हुआ और आराम से सो गया।

**शब्दार्थ:**

डलिया-टोकरी, यूनान-ग्रीस देश, आदेश- आज्ञा, हलका-कम वजनवाला, शान- गौरव, वैभव; परखना-जाँच करना, परीक्षण करना; किस्मत आज़माना-भाग्य की परीक्षा करना, निरीक्षण-पर्यवेक्षण,Inspection; तिनका-तृण, घास; शेष-बाकी, चुगली करना-पीठ पीछे निंदा करना, शिकायत करना.

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. चंदन कौन-सी कहानी सुनना चाहता था?

२. ऐसप कौन था?

३. राजा तीर्थस्थान पर क्या करना चाहता था?

४. पड़ोसी देश के राजा ने कितनी मूर्तियाँ भेजीं?

५. ऐसप ने अपना शेष जीवन कैसे बिताया?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. राजा तीर्थस्थान पर जाना क्यों चाहता था? और कैसे निकला?

२. ऐसप ने काम भी किया और आराम भी । कैसे?

३. ऐसप की विनती पर राजा ने क्या कहा?

४. पहली मूर्ति की श्रेष्ठता बताते हुए माँ ने चंदन को कौन-सा संदेश दिया?

©KTBS Not to be republished

**III. रिक्त स्थान भरिए:**

१. आज मैं तुम्हें ............. की कहानी सुनाती हूँ।

२. राजा ने बहुत-से ............ भी साथ ले लिए।

३. ऐसप बड़ी ............ से तीर्थस्थान पर घूमता रहा।

४. ऐसप बड़े ............. और विश्वास के साथ आगे बढ़ा।

**IV. पाठ से विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए:**

१. हट्टा-कट्टा x

२. स्वतंत्र x

३. मूर्ख x

४. अप्रसन्न x

५. भारी x

६. अनुपस्थित x

७. रोना x

**V. पाठ से शब्द-युग्मों को पहचानकर लिखिए:**

**जैसे: खुशी-खुशी, इधर-उधर**

१. ________

२. ________

३. ________

४. ________

५. ________

©KTBS Not to be republished

**VI. विशेषणों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए:**

१. दुबला-पतला :

२. बहुत बुद्धिमान:

३. सबसे बड़ा:

४. खूबसूरत:

५. तीन:

६. रोचक:

**VII. संख्या सूचक शब्दों का सही संख्या वाचक रूप लिखिए:**

| एक | दो | तीन | चार | पाँच |
|---|---|---|---|---|
| पाँचवाँ | चौथा | पहला | तीसरा | दूसरा |

**VIII. राजा के यहाँ पुत्र पैदा हुआ। यह उसके लिए खुशी का मौका था। आपके जीवन में भी खुशी के अनेक मौके आये होंगे। कोई चार मौकों का उल्लेख कीजिए:**

१. ______________________

२. ______________________

३. ______________________

४. ______________________

**योग्यता विस्तार**

- भारत देश में अनेक धर्म हैं। सबके अपने-अपने पवित्र यात्रा स्थल हैं। उनकी एक सूची तैयार कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ३

## कालैय्या

-ना. नागप्पा

**आशय : सच्चाई, ईमानदारी, परोपकार की भावना, प्राणिदया आदि मानव जीवन के मूल्य हैं। इनका पालन करने से ही मानव का जीवन सार्थक होता है, समाज की भी भलाई होती है। लेखक ने इस रेखाचित्र में कालैय्या के इन गुणों का मार्मिक चित्रण किया है।**

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की शरण में स्वर्ग पहुँचने का सुअवसर कितने लोगों के भाग्य में है? यह सौभाग्य घर के बूढ़े नौकर कालैय्या को प्राप्त हुआ था। जी चाहता है कि हम भी कैलास पहुँचकर कालैय्या से पूछें-''**कालैय्या, तुम यहाँ कैसे हो**?''

बूढ़े कालैय्या का क़द पूरे छः फुट लम्बा, शरीर मोटा, आँखें बड़ी-बड़ी, गर्दन की दोंनो तरफ़ की नसें उभरी हुईं, गला मोटा, सर सदा हिलता हुआ और पाँव लंबे थे। उसका रंग काला था। एक आँख पर आए दिन पट्टी बँधी हुई होती थी। वह लाठी टेकते हुए लंबे-लंबे डग भरता चलता था।

कालैय्या दिल का सच्चा था, कभी झूठ नहीं बोलता था। स्थानीय सहकारी स्टोअर्स का वह वाचमन (रखवाला) था। उसे इस पद पर इसलिए नियुक्त किया गया था कि वह चाहने पर भी रात में सो नहीं सकता था। उसे नींद आवे तब न सोने का। रात भर स्टोअर्स बिल्ड़िंग (भवन) के चारों ओर तीन-तीन बार परिक्रमा करता हुआ गश्त लगाता और बरामदे में एक टाट पर पड़ा रहता। सुबह होते ही मुँह अँधेरे उठकर इधर-उधर दिशा-जंगल घूमता हुआ निकल जाता और फूल चुनकर अपने अन्नदाता सरदार साहब के यहाँ देता। वह रोज़ उन्हीं के यहाँ एक जून खाता और रात को वैसे ही काट देता।

©KTBS Not to be republished

कालैय्या की दो संतानें हुईं-एक लड़का और एक लड़की। लड़का आवारा निकला। लड़की के यहाँ कुछ दिन अपनी तनख्वाह का पूरा पैसा देकर वह खाना खाता। उसे मुफ्त का खाना अखरता था। लड़की के अचानक देहांत के बाद कालैय्या पस्त हो गया। ज़िंदगी में कोई सहारा न पाकर वह सरदार साहब के यहाँ पूजा के लिए फूल चुनकर दे देता और खाना खाता। वह हमारे यहाँ दिन के समय पेड़-पौधे सींचता, कपड़े धोता, एक पत्थर के टुकड़े से अपना सारा बदन रगड़-रगड़कर रोज़ ठंडे पानी से नहाता और बच्चों से खेला करता। उसे देखते ही जाने कितने गोरैये आ आकर उसके पास जमा हो जाते थे। कालैय्या के पास एक छोटी-सी झोली थी जिसमें चावल का किनका भरा रहता। वह सारा किनका गोरैयों को खिलाया करता था। किनका खाने के बाद गोरैया पौधों की क्यारी का जल ''लुच् लुच् लुच्....'' करके पी लेते। इसे देख कालैय्या को बड़ा आनंद आता था।



© KTBS Not to be republished

कालैय्या के पास एक छोटी-सी सिल-बट्टी झोली में रखी रहती थी। उसमें वह अपना पान, सुपारी, जर्दा और जाने क्या-क्या चीजें पीस लेता और उनका गोला बनाकर खा लेता था। सुबह-शाम सूखे पान के बिना उसका काम ही नहीं चलता था। दोपहरिया में हमारे घर के अहाते में वह किसी पेड़-तले पड़ा रहता और गौरैयों को किनका खाकर जल पीता हुआ देखता-देखता सो लेता। उसकी खूबी यह थी कि उसका लगाया हुआ एक भी पौधा सूखता नहीं था। अपने हाथों लगे, पनपे और फूले हुए पेड़-पौधों की छाँह में सोते हुए दोपहर के वक्त कालैय्या के आनंद का आर-पार नहीं था।

कालैय्या घर का किराना खरीद लाता। बच्चों के साथ खेलता। उसकी गोद में पहुँचकर बच्चे निहाल हो जाते। वे उसकी गोद में आराम से सो लेते। वह बूढ़ा होने पर भी ज़मीन तक अपना भारी-भरकम शरीर नवाकर बच्चों को हौले-हौले उठाता, कंधे पर बिठा लेता और बाहर दशहरे के वक्त राज-गज, राजाश्व, ऊँट, राज-गऊ आदि दिखाकर वापिस लौटता। तमाशा देखने की आशा लिए हुए बच्चे उछल-उछल कर कालैय्या की गोद में पहुँच जाते। उनको गौरैयों से खेलते हुए बड़ी खुशी होती थी और कालैय्या के तो सब गौरैयाँ स्नेही थे। छोटे-छोटे बच्चों और गोरैयों पर कालैय्या जान देता था।

एक दिन रात को, जाने कैसे, स्टोअर्स में चोरी हो गई। बूढ़ा कालैय्या रात का रखवाला था। उसे यह बात खटकी। उसने न आगा देखा, न पीछा। तुरंत स्टोअर्स के मंत्री महोदय के पास जाकर दंडवत किया और अपना त्याग-पत्र पेश करते हुए अर्ज की - ''महाराज, आप मेरे अन्नदाता रहे हैं। रखवाले का काम आइंदा मेरे बूते का नहीं है। आँखें वैसे ही कम सूझती हैं। शरीर शिथिल हो गया है। सिर हिलता है। हाथ-पाँव काँपते हैं। मेरे रहते चोरी जो हो गई इससे मैं शर्मिंदा हो गया हूँ। भूल-चूक माफ हो। यह है स्टोअर्स के सदर फाटक की चाबी। उसे आप सँभालिए। किसी योग्य रखवाले को आप रख लीजिएगा।'' इतना अर्ज करके बेचारे ईमानदार कालैय्या ने स्टोअर्स से बिदा ली।

©KTBS Not to be republished

कालैय्या की भगवद्भक्ति सराहनीय है। वह रोज़ शिव-मंदिर में जाता और भोले भगवान पर तुलसी-दल, बिल्व-पत्र और कनेर का फूल चढ़ाता। उसके बिना वह खाना नहीं खाता। भगवान् शंकर पर कई गीत उसे जबानी याद थे। वह दोपहर के समय सभी गीत गाता। काश कि वे सब गीत (कन्नड़ में) लिख लिये गए होते! रामोत्सव के दिन वह राम-भजन गाता। हर शिवरात्री के दिन वह व्रत रखता और रात-भर मंदिर में बैठकर अभिषेक और अर्चन (हर पहर का) देखा करता था। सुबह नहाने-धोने के बाद कहीं जल पीता। वह कहता था-

''हमारे इस जन्म को धिक्कार है, जो मानव-जन्म पाकर भी किसी का उपकार नहीं किया। शिकारी कण्णप्पा को लीजिए। भगवान् शंकर ने उसकी निश्चल भक्ति पर प्रसन्न होकर उसे सद्गति प्रदान की। मैं यदि दिल का सच्चा और कर्म का पूरा न रहूँ तो मैं किस नरक में जाऊँगा?''

भगवान् शंकर उससे प्रसन्न हुए और शिवरात्रि के दिन उसे अपने पास बुला लिया।

मुहल्ले के सब लोगों ने कालैय्या की ज़िंदगी और मौत की सराहना की। स्टोअर्स के हाते में उसके लगाये हुए जैतून के सायेदार वृक्ष के नीचे आज भी पत्थर की बेंच पर कितने ही लोग आराम से बैठकर उसकी ठंडी हवा का आनंद लेते हैं। पर उस पेड़ के लगानेवाले का किसी को अब स्मरण नहीं रहा।

**लेखक परिचय :**

आचार्य ना. नागप्पा जी (१९१२-२००९) एम. ए. हिंदी की उपाधि (१९३५) पानेवाले सर्वप्रथम दक्षिण भारतीय हैं। इन्होंने कर्नाटक में हिंदी प्रचार करने में अपना तन-मन-धन लगाया है। नागप्पा जी मैसूरु विश्वविद्यानिलय के हिंदी विभाग के सर्वप्रथम प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष रहे । हिंदी व्याकरण पर इनका ज़बरदस्त अधिकार था। इनका 'शिक्षार्थी व्याकरण' अत्यंत लोकप्रिय है।
'पंपायात्रा', 'ईश्वर' इनके अनूदित ग्रंथ हैं। 'बुआजी' इनका मौलिक रेखाचित्र-संग्रह है। नागप्पा जी बिहार राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान से पुरस्कृत विद्वान हैं।

Not to be republished ©KTBS

**शब्दार्थ :**

सुअवसर - अच्छा मौका, परिक्रमा - प्रदक्षिणा करना, चक्कर लगाना; मुँह अंधेरा - तड़के, अखरना - बुरा लगना, खटकना; पस्त होना - थक जाना, हारा हुआ; चावल का किनका - चावल के टुकड़े, छाँह - छाया, साया; निहाल होना - बहुत खुश होना, हौले-हौले - धीरे धीरे, खटकना - बुरा लगना, दंड़वत् करना - नमस्कार करना, त्यागपत्र - इस्तीफ़ा, आइंदा - भविष्य में, सदर फाटक - मुख्य दरवाजा, अर्चना - पूजा, सराहनीय - प्रशंसा करने योग्य

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. कालैय्या क्या काम करता था?

२. कालैय्या अपने अन्नदाता को क्या देता था?

३. कालैय्या का लड़का क्या करता था?

४. कालैय्या दिन के समय क्या करता था?

५. कालैय्या की झोली में क्या-क्या रहता था ?

६. गोरैये क्या करते थे?

७. बच्चे कालैय्या के साथ कैसे थे?

८. एक दिन स्टोअर्स में क्या हुआ?

९. कालैय्या ने अपना काम क्यों छोड़ा?

१०. कालैय्या कब मरा?

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. कालैय्या देखने में कैसा था?

२. कालैय्या का स्वभाव कैसा था?

©KTBS Not to be republished

३. कालैय्या स्टोअर्स का पहरा कैसे देता था?

४. सुबह उठकर कालैय्या क्या-क्या काम करता था?

५. गोरैय्या के प्रति कालैय्या कैसे प्यार दिखाता था?

६. कालैय्या की भगवद्भक्ति के बारे में लिखिए।

७. रामोत्सव और शिवरात्रि के दिन कालैय्या क्या करता था?

८. दिन में कालैय्या क्या करता था?

९. सरदार साहब को कालैय्या क्या देता था?

१०. कण्णप्पा के बारे में कालैय्या का क्या विचार था?

११. कालैय्या ने पहरेदार की नौकरी से त्यागपत्र क्यों दिया?

**III. वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

१. उछल-उछल २. मुँह अंधेरे

३. बात खटकना ४. शर्मिंदा होना

**IV. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

**जैसे :** भाग्य - नसीब, किस्मत

१. जगत ...... ......

२. पानी ...... ......

३. फूल ...... ......

४. आनंद ...... ......

५. स्मरण ...... ......

©KTBS Not to be republished

**V. विरुद्धार्थक शब्द लिखिए :**

**उदाहरण - स्वर्ग x नरक**

१. भाग्य x

२. बूढ़ा x

३. मोटा x

४. काला x

५. रात x

६. ठंडा x

७. आनंद x

८. ज़िंदगी x

९. उपकार x

©KTBS Not to be republished

**VI. शब्द विच्छेद करके संधि का नाम बताइए :**

१. सद्गति २. राजाश्व ३. भगवद्भक्ति

**VII. अनेकार्थक शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :**

१. पान -पान के पत्ते, पीना

अ) -------------------------

आ) -------------------------

२. जान - जानना, प्राण

अ) -------------------------

आ) -------------------------

**VIII. पाठ में अनेक अंग्रेज़ी शब्दों का प्रयोग हुआ है। उनको पहचानकर लिखिए और उनके लिए हिंदी शब्द भी लिखिए :**

अ) --------------------------

आ) --------------------------

इ) --------------------------

**IX. 'क्रिया' शब्दों को पहचानकर रेखांकित कीजिए :**

१. कालैय्या लंबे-लंबे डग भरता चलता था ।

२. लड़की के यहाँ पैसे देकर खाता था ।

३. वह रोज़ ठंडे पानी से नहाता था ।

४. कालैय्या गोरैयों पर जान देता था ।

५. शिवरात्री के दिन वह व्रत रखता था ।

# भाषा बोध

## साहित्यिक भाषा - बोलचाल की भाषा

भाषा के दो प्रकार होते हैं- साहित्यिक भाषा तथा बोलचाल की भाषा। पढ़े-लिखे, पंडित लोग जिस भाषा के सौंदर्य का आनंद लेते हैं उसे साहित्यिक भाषा कहते हैं। सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद एवं सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' जैसे कवियों की भाषा साहित्यिक भाषा कहलाती है। जब कि हाट-बाजार में, दूकान में लोगों के साथ बातें करनी होती है और हम जिस भाषा के द्वारा मोल-तोल करते हैं, वही बोलचाल की भाषा है। साहित्यिक भाषा बोलने, समझने और लिखने के लिए हमें बौद्धिक श्रम करना पड़ता है। जब कि बोलचाल की भाषा बोलने, सीखने और लिखने में हमें अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ती है। साहित्यिक भाषा का क्षेत्र सीमित होता है। बोलचाल की भाषा का क्षेत्र बहुत विशाल होता है।

©KTBS Not to be republished

साहित्यिक भाषा की गरिमा और सुंदरता एक ओर, बोलचाल की भाषा की महत्ता और सुगंध दूसरी ओर। साहित्यिक भाषा में बदलाव धीरे-धीरे होता है जब कि बोलचाल की भाषा में तेजी से बदलाव होता रहता है।

साहित्यिक भाषा में सरल और सुबोध शब्दों का अधिक प्रयोग करने से तथा बोलचाल की भाषा में मुहावरों और कहावतों का प्रयोग करने से दोनों भाषाओं की दूरी कम हो सकती है। आम जनता भी साहित्यिक भाषा का आनंद ले सकती है। साहित्य को आम जनता के करीब लाने का प्रयास करना जरूरी है।

**योग्यता विस्तार :**

- भील कण्णप्पा की कहानी पढ़िए और कक्षा में अपने मित्रों को सुनाइए ।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ४

## इंद्रधनुष

-कुवेंपु

**आशय : आसमान में निकलनेवाला इंद्रधनुष अपने अनुपम सौंदर्य से सबको उल्लसित करता है। कवि उस सौंदर्य को आदिकवि के सुंदर गीत या वैणिक के वीणावादन के सदृश मानते हैं। मानव को भी इंद्रधनुष की तरह कम समय जीवित रहने पर भी समाज में संतोष पसारना है। इसी में मानव जीवन की गरिमा है।**

लो, खिंच गया इंद्रधनुष आकाश पर
मानो नभदेवी ने किया हो मणिमाला से शृंगार।
रुक जा मित्र, मूकविस्मित हो, रुक जा,
मंदिर के सामने हाथ जोड़कर खड़े होनेवाले भक्त जैसे।
मानो धनुष बन गया हो सौंदर्य-चेतना,
मानो माया से अंकित मधुर चित्र हो यह,
मानो गा रहा हो आदिकवि कोई सुंदर गीत,
मानो बज रहा हो वादक वीणा के तार।
इंद्रधनुष-सा क्षणिक है जीवन तो क्या हुआ?
इंद्रधनुष जैसा वह मधुरतम तो है ना?
गरिमामय जीवन एक दिन का ही क्यों न हो?
निकृष्ट जीवन हो युग - युग तक क्यों?



**अनुवादिका: डॉ.जे.एस. कुसुमगीता**

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचय :**

**कुवेंपु (1904-1994):** इस कविता के कवि हैं कुवेंपु। इनका पूरा नाम के.वि. पुट्टप्पा है। इनका जन्मस्थान कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले का कुप्पल्लि गाँव है। ये कन्नड के सुप्रसिद्ध एवं चर्चित कवि हैं। ''जय भारत जननिय तनुजाते जय हे कर्नाटक माते'' जो कर्नाटक का 'नाड़गीते' (प्रादेशिक गीत) है, इन्हीं का लिखा हुआ है। इनका 'श्रीरामायण दर्शनम्' एक महाकाव्य है। 'कानूरु हेग्गडति', 'मलेगलल्लि मदुमगलु' इनके प्रसिद्ध उपन्यास हैं।

'नेनपिना दोणियलि' इनकी आत्मकथा है। कुवेंपु जी एक कवि, उपन्यासकार, नाटककार, निबंधकार, कहानीकार ही नहीं, आत्मकथाकार के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। भारत का सर्वोच्च ज्ञानपीठ पुरस्कार कन्नड में सर्वप्रथम इन्हींको मिला है।

ये भारत सरकार से पद्मभूषण और कर्नाटक सरकार से 'कर्नाटक रत्न' पुरस्कारों से अलंकृत हैं। इन्हें कई विश्वविद्यालयों से मानद डी.लिट की उपाधियाँ मिली हैं।

प्रस्तुत कविता का हिंदी अनुवाद डॉ. जे. एस. कुसुमगीता ने किया है। ये मैसूर विश्वविद्यानिलय में लंबे समय तक हिंदी विभाग में अध्यापन कार्य करती रहीं।

**शब्दार्थ :**

इंद्रधनुष - आसमान में वर्षा-काल में दिखनेवाला सातरंगों का धनुषाकार, गरिमा - बड़प्पन, महानता; निकृष्ट - नीच, मूकविस्मित - आश्चर्यचकित, अचरज में पड़ा हुआ

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. कविता में से ढूँढ़कर लिखिए :**

१. इंद्रधनुष कहाँ खींचा गया था?

२. नभदेवी का शृंगार किससे किया गया था?

३. सुंदर गीत कौन गा रहा था?

४. एक दिन का जीवन होने पर भी हमें कैसे रहना **है?**

**II. तीन - चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. आकाश में इंद्रधनुष कैसे दिखता है?

२. इंद्रधनुष और जीवन का क्या संबंध है?

**III. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उदाः गीत** | **:** | **कविता** | **पद्य** |
| १. आकाश | : | ________ | ________ |
| २. मणि | : | ________ | ________ |
| ३. मित्र | : | ________ | ________ |
| ४. मंदिर | : | ________ | ________ |
| ५. सुंदर | : | ________ | ________ |
| ६. जीवन | : | ________ | ________ |

©KTBS Not to be republished

**IV. इस कविता की अंतिम चार पंक्तियों को कंठस्थ कीजिए ।**

**V. पंत, प्रसाद और निराला की प्रकृति-संबंधी कविताएँ पढ़िए ।**

**VI. इंद्रधनुष को देखने के बाद आपके मन में कैसी भावनाएँ उठती हैं? व्यक्त कीजिए ।**

**योग्यता विस्तार:**

- कुवेंपु की जीवनी पढ़िए ।
- इंद्रधनुष का चित्र खींचकर उचित रंग भरिए ।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - ५

## एक दीपक बुझ गया

**-घनश्यामदास बिड़ला**

**आशय : महात्मा गांधी भारत के राष्ट्रपिता हैं। उनके जीवन का हर एक पल अनमोल है। गांधीजी के जीवन से जो सीख मिलती है वह अनुकरणीय है। प्रस्तुत पाठ में गांधीजी के आदर्शों का परिचय दिया गया है।**

गांधीजी का और मेरा प्रथम संपर्क १९१५ के जाड़ों में हुआ। वे दक्षिण अफ्रिका से नये-नये ही आये थे और हम लोगों ने उनका एक बृहत् स्वागत करने का आयोजन किया था। मैं उस समय केवल बाईस साल का था। गांधीजी की उस समय की शक्ल यह थी: सिर पर कठियावाडी साफा, एक लंबा अंगरखा, गुजराती ढंग की धोती और पाँव बिलकुल नंगे। वह तस्वीर आज भी मेरी आँखों के सामने ज्यों-की-त्यों नाचती है। हमने कई जगह उनका स्वागत किया। उनके बोलने का ढंग, भाषा और भाव बिल्कुल ही अनोखे मालूम पड़े। न बोलने में जोश, न कोई अतिशयोक्ति, न कोई नमक-मिर्च, सीधी-सादी भाषा।

१९१५ में जो संपर्क बना, वह अंत तक चलता ही रहा और इस तरह बत्तीस साल का गांधीजी के साथ का अमूल्य संपर्क मुझ पर एक पवित्र छाप छोड़ गया है जो मुझे सदा स्मरण रहेगा। उनका सत्य, उनका सीधापन, उनकी अहिंसा, उनका शिष्टाचार, उनकी आत्मीयता, उनकी व्यवहार-कुशलता, इन सब चीज़ों का मुझ पर दिन प्रतिदिन असर पड़ता गया और धीरे-धीरे मैं उनका भक्त बन गया। जब समालोचक था तब भी मेरी उनमें श्रद्धा थी, जब भक्त बना तो श्रद्धा और भी बढ़ गई। ईश्वर की दया है कि बत्तीस साल का मेरा और एक महान आत्मा का संपर्क अंत तक निभ गया। मेरा यह सद्भाग्य है।

©KTBS Not to be republished

वे इतने महान् होते हुए भी किस तरह छोटों की भी उन्हें चिंता थी, यह आत्मीयता उनकी देखने लायक थी। यही चीज़ उनके पास एक ऐसे रूप में थी कि जिसके कारण लोग उनके बेदाम गुलाम बन जाते थे। उनके पास रहनेवाले को यह डर रहता था कि बापू किसी भी कारण अप्रसन्न न हो और यह भय इसलिए नहीं था कि वे महान् व्यक्ति थे, वरन् इसलिए कि मनुष्य में जो सहृदयता और आत्मीयता होनी चाहिए, वह उनमें कूट-कूटकर भरी थी।



बहुत वर्षों की बात है। जाड़े का मौसम था। कड़ाके का जाड़ा पड़ रहा था। गांधीजी दिल्ली आये थे। उनकी गाड़ी सुबह चार बजे स्टेशन पर पहुँची । मैंने पूछा, ''एक दिन ठहरकर नहीं जा सकते?'' उन्होंने कहा, ''क्यों? मुझे जाना आवश्यक है।'' मैं निराश हो गया। उन्होंने फिर पूछा, ''क्यों?'' मैंने कहा, ''घर में कोई बीमार है। मृत्यु-शय्या पर है। आपके दर्शन करना चाहती है''। गांधीजी ने कहा, ''मैं अभी चलूँगा।'' मैंने कहा, ''मैं इस जाड़े में ले जाकर आपको कष्ट नहीं दे सकता।'' उन दिनों मोटरें भी खुली होती थीं। जाड़ा

Not to be republished

और ऊपर से जोर की हवा, पर उनके आग्रह के बाद मैं लाचार हो गया। मैं उन्हें ले गया, दिल्ली से कोई पंद्रह मील की दूरी पर। वहाँ उन्होंने रोगी से बात कर उसे सांत्वना देकर दिल्ली केंटूनमेंट पर अपनी गाड़ी पकड़ ली। मुझे आश्चर्य हुआ कि इतना बड़ा व्यक्ति मेरी ज़रा-सी प्रार्थना पर सुबह के कड़ाके के जाड़े में इतना परिश्रम कर सकता है और कष्ट उठा सकता है। पर उनकी आत्मीयता थी, जो लोगों को पानी-पानी कर देती थी। मृत्यु-शय्या पर सोनेवाली यह मेरी धर्मपत्नी थी।

परचुरे शास्त्री एक साधारण ब्राह्मण थे। उन्हें कुष्ठ था। उनको गांधीजी ने अपने आश्रम में रखा सो तो रखा, पर रोजमर्रा उनकी तेल की मालिश भी स्वयं अपने हाथों करते थे। लोगों को डर था कि कहीं कुष्ठ गांधीजी को न लग जाय। पर गांधीजी को इसका कोई भय न था। उनको ऐसी चीज़ों से अत्यंत सुख मिलता था।

इस तरह की उनकी आत्मीयता थी जिसने हज़ारों को उनका दास बनाया। नेता बहुत देखे, संत भी बहुत देखे, मनुष्य भी देखे, पर एक ही मनुष्य में संत, नेता और मनुष्य की ऊँचे दर्जे की आत्मीयता मैंने और कहीं नहीं देखी। मैं अगर गांधीजी का कायल हुआ तो उनकी आत्मीयता का। यह सबक है जो हर मनुष्य के सीखने के लायक है। यह एक मिठास है जो कम लोगों में पाई जाती है।

एक बार उपवास करते समय, उनकी तबीयत पर मैंने आशंका व्यक्त की थी। तब गांधीजी ने कहा था कि ''मैं जिंदा रहना चाहता हूँ। बाकी तो राम के हाथ में है।'' उपवास तो समाप्त हुआ, लेकिन राम ने उन्हें छोड़ा नहीं।

एक दीपक बुझ गया, पर हमारे लिए रोशनी छोड़ गया ।

©KTBS
Not to be republished

**लेखक परिचय**

घनश्यामदास बिड़ला जी (१८९४ - १९८३) भारत के बड़े उद्योगपतियों में से एक थे। वे गांधीजी के सच्चे अनुयायियों में प्रमुख थे। वे राजस्थान के पिलानी के निवासी थे। उन्होंने बिड़ला इनस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी एंड साइन्स की स्थापना की थी। बिड़लाजी ने हिंदी में 'रुपये की कहानी', 'बापू' नामक दो पुस्तकें लिखी हैं। अंग्रेजी में भी उनकी दो पुस्तकें हैं - "In the shadow of the Mahathma', 'Krishnam Vande Jagadgurum'. बिड़लाजी जीवन के सच्चे मूल्यों के आराधक तथा पालक भी थे।

**शब्दार्थ :**

बृहत्-बहुत बड़ा , कठियावाड़ी-कठियावाड़ की , साफा-सिर की पगड़ी , संपर्क-मेल, अतिशयोक्ति-किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना, अमूल्य-अनमोल, कीमती; आत्मीयता-अपनापन, स्नेहभाव; समालोचना- आलोचना, बेदाम -निःशुल्क, मुफ्त; कूट-कूट कर भरना-पूर्ण रूप में समा लेना, आग्रह अनुरोध, प्रार्थना करना; सांत्वना- ढाढ़स, तसल्ली देना, रोजमर्रा-रोज का कार्य, कायल होना-श्रद्धावान होना, भक्त बनना

## अभ्यास

**I. उत्तर लिखिए :**

१. गांधीजी से लेखक का संपर्क कब हुआ?

२. दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी की शक्ल कैसी थी?

३. गांधीजी की भाषा कैसी थी?

४. गांधीजी के निकट रहनेवाले किससे डरते थे?

५. लेखक के घर में जो बीमार थी, उसकी इच्छा क्या थी?

६. मृत्यु-शय्या पर लेटी बीमार स्त्री कौन थी?

७. गांधीजी के आश्रम में रहनेवाले कुष्ठ रोगी का नाम क्या था?

८. गांधीजी के आश्रम में सेवा करने से लोग क्यों डरते थे?

©KTBS Not to be republished

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. लेखक गांधीजी के प्रथम दर्शन का स्मरण कैसे करते हैं?

२. लोग गांधीजी के बेदाम गुलाम क्यों बनते हैं?

३. लेखक गांधीजी को कहाँ और क्यों ले गये?

४. गांधीजी की आत्मीयता के बारे में लिखिए ।

**III. अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

**उदा : संपर्क**

वह विद्यार्थी अपने मित्रों से अच्छा संपर्क रखता है।

१. बृहत्

२. अमूल्य

३. आत्मीयता

४. बेदाम

५. रोज़मर्रा

**IV. सही अर्थ पर कोष्ठक चिह्न लगाइए :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उदा:** | सम्मान | - | समान | सामान | अपमान | (आदर) |
| १. | अनुमति | - | सम्मति | आज्ञा | समिति | असहमति |
| २. | जाड़ा | - | जोड़ना | सर्दी | झड़ना | झाड़ी |
| ३. | आयोजन | - | योजना | आलोचना | प्रबंध | याचना |
| ४. | लज्जित | - | लाज | शर्म | शर्मिंदा | इलाज |
| ५. | अवसर | - | समय | अक्सर | शाम | मौका |

**IV. 'वरन्' शब्द के कई पर्यायवाची शब्द हैं।**

**जैसे- वरन्- मगर, लेकिन, पर, परंतु, बल्कि आदि। अब आप इन सभी शब्दों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए।**

©KTBS Not to be republished

## VI. विलोम शब्द लिखिए:

१. नया X

२. सामने X

३. सीधी X

४. पवित्र X

५. धीरे-धीरे X

६. बीमार X

७. सुबह X

## VII. इन वाक्यों को किसने किससे कहा?

१. ''एक दिन ठहरकर नहीं जा सकते?''

२. ''मैं अभी चलूँगा।''

३. ''मैं जिंदा रहना चाहता हूँ।''

# भाषा-बोध

**संबंधबोधक अव्यय :**

**वाक्य में जिस शब्द के माध्यम से संज्ञा या सर्वनाम का संबंध अन्य शब्दों से जुड़ता हो, उसे संबंधबोधक कहा जाता है।**

जैसे- १. स्कूल के अंदर छात्र हैं।

२. राजेश के पास कलम है।

**अन्य कुछ उदाहरण:**

के बाद, के बिना, के पहले, के सामने, के कारण, की ओर, के सिवा, आदि।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**संबंधबोधक शब्दों से खाली जगह भरिए:**

१. गांधीजी की तस्वीर आज भी मेरी आँखों................नाचती है।

२. गांधीजी की अत्मीयता ...................लोग उनके बेदाम गुलाम बन जाते थे।

३. गांधीजी............ रहनेवालों को हमेशा एक डर रहता था ।

४. गांधीजी के आग्रह ............... लेखक लाचार हो गये।

**टिप्पणी :**

अव्यय - अविकारी शब्द

जो शब्द लिंग, वचन तथा काल के अनुसार बदलते नही, जिनका रूप समान रहता है वे अविकारी शब्द कहलाते हैं।

क्रिया विशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक और विस्मयादिबोधक ये चारों शब्द-भेद अव्यय हैं।

**योग्यता विस्तार :**

- गांधीजी के बारे में अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।
- समाज सेवा के कार्यक्रमों में भाग लीजिए।

****

©KTBS Not to be republished

# पूरक वाचन
## घर और संसार

सबसे पहले मेरे घर का
अंडे जैसा था आकार।
तब मैं यही समझती थी बस
इतना-सा ही है संसार।

फिर मेरा घर बना घोंसला,
सूखे तिनकों से तैयार।
तब मैं यही समझती थी बस
इतना-सा ही है संसार।

फिर मैं निकल गई शाखों पर,
जो थीं हरी-भरी सुकुमार।
तब मैं यही समझती थी बस
इतना-सा ही है संसार।

आखिर जब मैं आसमान में
उड़ी दूर तक पंख पसार
तभी समझ  में मेरी आया,
बहुत बड़ा है संसार।

©KTBS
Not to be republished

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. पक्षी के घर का आकार सबसे पहले कैसा था?

२. फिर उसका घोंसला कैसे तैयार हुआ?

३. शाखाएँ कैसी थीं?

४. पक्षी को कब पता चला कि संसार बहुत बड़ा है?

५. किन-किन को देखकर पक्षी संसार को इतना-सा ही समझता था?

******

©KTBS Not to be republished

पाठ-६

# साहसी शीजा

-संकलित

**आशय : साहस जीवन को रोचक एवं उल्लासमय बनाता है। मुसीबतों का सामना करने से ही जीवन बनता है। इस पाठ में एक लड़की ने अपनी बहन की जान बचाकर साहस का परिचय दिया है।**



धरती माता ने अपने अंत:स्तल में कई साहसिक, रोचक गाथाओं को समा लिया है। यहाँ के कई अनोखे कार्यों में इस धरा की शक्ति निहित है। समय-समय पर इसकी अमिट छाप इतिहास के पन्नों पर पड़ती जाती है। यहाँ की माटी में ऐसी सुरभि है जो समीर में समाकर दिशा के छोर-छोर को महका देती है।

यह एक सच्ची हृदयस्पर्शी घटना है जो केरल राज्य में १५ जून सन् १९८६ को कण्णानूर जिले के पेरिनतट्टा नामक गाँव में घटी है। कृष्णन थरमाल तथा लक्ष्मीदेवी की तीन संतानें थीं। तेरह साल की शीजा, नौ साल का भाई शाजी तथा पाँच वर्ष की बहन सीमा।

भौगोलिक दृष्टि से केरल राज्य उष्णता से भरा हुआ है। यह राज्य समुद्र के तट पर ढलाव प्रदेश में है। कई प्रदेश ऊँचे भू-भाग पर स्थित हैं। जैसे-जैसे

©KTBS Not to be republished

ऊँचाई बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे हवा में शीतलता बढ़ती जाती है। ढलाव में उतरते जाते हैं तो वहाँ गरमी बढ़ती जाती है। कण्णानूर जिले में ग्रीष्म ऋतु के समय गरमी अपनी चरम सीमा पर रहती है। दिन में ही तन पसीने से कई बार नहा लेता है। यहाँ के निवासी संध्यास्नान करके तन-मन को प्रसन्न कर लेते हैं।

कृष्णन थरमाल जी पेशे से दर्जी हैं। घर के करीब ही इनकी थोड़ी-सी खेती भी है। घर की कुछ ही दूरी पर एक खुला कुआँ है जो अच्छा-खासा गहरा है। कुएँ में गिरने से रोकने के लिए वहाँ कोई सहारा नहीं था। पानी निकालने के लिए एक रहँट था।



मेघ-मेह पता नहीं रूठकर कहाँ चले गये थे। ग्रीष्म ऋतु ही राज कर रहा था। नित्य की भाँति शीजा, शाजी तथा सीमा कुएँ के पास शाम के करीब साढ़े छः बजे नहाने के लिए गये। शीजा रहँट से पानी निकालकर नहाने के

© KTBS Not to be republished

बाद कुछ ही फासले पर कपड़े बदल रही थी। उसके भाई-बहन पानी के साथ खिलवाड़ कर रहे थे। एक दूसरे पर पानी उछालकर खेलते समय सीमा पाँव फिसलकर अचानक धड़ाम से कुएँ में गिर पड़ी। देखते ही उसका भाई शाजी घबराकर चिल्लाया ......... ''सिम्मी कुएँ में गिर पड़ी अम्मा ..... आओ, अम्मा आओ'' वह ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा। उसकी दर्द भरी पुकार सुनकर कुछ ही फासले पर खड़ी शीजा भागती हुई आई और कुएँ में वह देखती है तो क्या है उसकी बहन सिम्मी गोते लगा रही है। उसकी तड़प उससे देखी नहीं गई और वह बिना कुछ सोचे कुएँ में एकदम कूद पड़ी। उसने डूबती हुई सीमा को एक हाथ से पकड़ लिया और दूसरे हाथ से दीवार को पकड़ा। इस तरह पकड़ने से अपना भार और सीमा का भार उसे सँभालना कष्ट हो रहा था। उसने धीरे से अपनी बहन को कंधे पर उठा लिया और दोनों हाथों से दीवार को पकड़ने से थोड़ी राहत महसूस की।

शाजी की पुकार सुनकर राहगीर दामोदरन, कुलगंत और कुछ लोग इकट्ठे हो गए। कुएँ में गिरी अपनी बहन को बचाने के लिए कूदी शीजा को धीरज बँधाते हुए कहा - ''शीजा, डरो मत बेटी, हम आए हैं, धैर्य रखो, हम अभी टोकरी छोड़ते हैं।'' यह कहकर उन लोगों ने एक टोकरी को रस्सी से बाँधकर शीजा जिस ओर थी, उस ओर छोड़ दिया। शीजा ने बड़ी चतुरता से, धीरे से सीमा को टोकरी में बिठा दिया। ऊपर के लोगों ने सीमा को धीरे-धीरे खींचा। उसके बाद टोकरी साहसी शीजा के लिए छोड़ी गयी। वह भी उसमें बैठ गई। पूर्ववत लोगों ने उसे ऊपर खींचा।

©KTBS Not to be republished



घटनास्थल पर एकत्रित लोगों ने शीजा के साहस की प्रशंसा की। भाई की पुकार पर उसने पल भर भी नहीं सोचा। अपनी प्यारी बहन सिम्मी की जान बचाने अपनी जान की बाज़ी लगानेवाली शीजा वास्तव में साहसी है। भारत की बाल विकास मंडली ने सन् १९८७ को राष्ट्रीय बाल वीरता पुरस्कार के लिए शीजा का नामांकन किया। २५ जनवरी, १९८८ को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली में साहसी शीजा को शौर्य प्रशस्ति से नवाज़ा गया।

बच्चो, दुनिया में  इस प्रकार दूसरों की जान बचाने के लिए अपने प्राण निछावर करने के लिए तैयार कई लोग मिलते हैं। ऐसे लोगों को देखकर परमात्मा प्रसन्न होते हैं। परंतु जो मन आस-पड़ोस के प्रति, अपरिचितों के प्रति, प्राणी-्पक्षियों के प्रति व्याकुल हो उठता हो, सहायार्थ तड़प उठता हो, उसे

देखकर परमात्मा कहता है- ''यह मेरा अंश है, अर्थात् यही मेरी संतान है।''

**शब्दार्थ:**

अंत:स्तल-मन, अनोखा-अद्भुत, महत्वपूर्ण; सुरभि-खुशबू,सुगंध; समीर-हवा, पवन; छोर - किनारा, रहँट -कुएँ से पानी निकालने की चर्खी, ढलाव - उतार

**मुहावरे:**

**जान की बाजी लगाना** - प्राणों की परवाह नहीं करना

**निछावर करना** - सब कुछ त्याग करना

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

१. पेरिनतट्टा गाँव किस जिले में है?

२. शीजा के माता-पिता का नाम क्या है?

३. कुएँ में कौन गिरी थी?

४. शीजा के भाई का नाम क्या है?

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. धरती माता के अंत:स्थल में क्या समा हुआ है?

२. शीजा के साहस की घटना कब हुई थी?

३. कुएँ के पास कौन-कौन नहा रहे थे?

४. शीजा को शौर्य पुरस्कार किस वर्ष में मिला?

५. शीजा को शौर्य पुरस्कार कहाँ दिया गया?

©KTBS Not to be republished

**II. चार-छः वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१. शीजा के साहस के बारे में लिखिए।

२. 'यह मेरा अंश है' इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

**III. रिक्त स्थान भरिए :**

१. ग्रीष्म ऋतु के समय ........ अपनी चरम सीमा पर रहती है।

२. शीजा ने अपनी बहन सीमा को ........ पर बिठा लिया।

३. शीजा का साहस देखकर लोगों ने शीजा के ........की प्रशंसा की।

४. साहसी शीजा को दिल्ली में ........ प्रशस्ति से नवाज़ा गया।

**IV. अन्य वचन लिखिए :**

अनोखा, कपड़ा, मंडली, संतान, गाथा

**V. कपड़ा सीनेवाला दर्जी कहलाता है।**

**इन पेशेवारों को क्या कहते हैं- लिखिए:**

१. मिट्टी के बर्तन बनानेवाला -

२. सोना-चाँदी के गहने बनानेवाला -

३. लोहे का काम करनेवाला -

४. पाठ पढ़ानेवाला -

५. कानूनी कार्य करनेवाला -

६. चिकित्सा देनेवाला -

७. लकड़ी संबंधी काम करनेवाला -

©KTBS Not to be republished

**VI. उदाहरण के अनुसार 'इक' प्रत्यय जोड़कर लिखिए:**

**उदा: साहस+इक - साहसिक**

१. इतिहास

२. भूगोल

३. प्रदेश

४. वास्तव

५. अंश

**VII. शाजी और सीमा पानी उछालकर खेल रहे थे।** इस बात को सुनकर आपको किस त्योहार की याद आती है जिसमें आप एक दूसरे पर रंगीन पानी उछालकर खेलते हैं? इस त्योहार के बारे में पाँच वाक्य लिखिए।

## भाषा-बोध

**द्विरुक्तियों का परिचय:**

द्विरुक्ति का अर्थ है - दुहराना। अर्थात् एक ही शब्द को दो बार कहना। हिंदी में द्विरुक्तियाँ काफी संख्या में हैं।

कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं .................

१. संज्ञा शब्द की द्विरुक्ति - घर-घर; पानी-पानी; कौड़ी-कौड़ी आदि।

२. सर्वनाम शब्द की द्विरुक्ति - क्या-क्या; कुछ-कुछ; अपना-अपना- आदि।

३. क्रिया शब्द की द्विरुक्ति - आते-आते; जाते-जाते; हँसते-हँसते आदि।

४. क्रिया विशेषण शब्द की द्विरुक्ति - धीरे-धीरे; ऊपर-ऊपर, पास-पास आदि।

©KTBS Not to be republished

**कारक :**

संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के किसी अन्य शब्द के साथ संबंध प्रकट होता है उस रूप को **कारक** कहते हैं।

कारक को सूचित करने के लिए संज्ञा या सर्वनाम के साथ जो प्रत्यय लगाये जाते हैं, उन्हे **विभक्तियाँ** अथवा **कारक चिह्न** कहते हैं। हिंदी में आठ कारक हैं।

**१. कर्ता कारक** **चिह्न-ने**

क्रिया से जिस वस्तु के विषय में विधान किया जाता है उसे सूचित करनेवाले संज्ञा-रूप को कर्ता कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - राम ने पाठ पढ़ा।

**२. कर्म कारक** **चिह्न-को**

जिस वस्तु पर क्रिया के व्यापार का परिणाम पड़ता है उसे सूचित करनेवाले संज्ञा रूप को कर्मकारक कहते हैं।

**उदाहरण** - मैं ने भाई को बुलाया।

**३. करण कारक** **चिह्न-से**

संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के साधन का बोध होता है उसे करण कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - हम आँखों से देखते हैं।

**४. संप्रदान कारक** **चिह्न-को, के लिए**

उदाहरण - जिस वस्तु के लिए कोई क्रिया की जाती है, इसकी वाचक - संज्ञा के रूप को संप्रदान कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - राजा ने ब्राह्मण को दान दिया । मैं पिताजी के लिए कपड़े लाया।

©KTBS Not to be republished

**५. अपादान कारक** **चिह्न-से**

जिस वस्तु से कोई वस्तु अलग हाने का बोध हो उसे अपादान कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - पेड़ से पत्ते गिर रहे हैं।

**६. संबंध कारक** **चिह्न-का, के, की**

संज्ञा के जिस रूप से उसकी वाच्य - वस्तु का संबंध किसी दूसरी वस्तु के साथ सूचित होता है उस रूप को संबंध कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - यह उसका घर है।
वहाँ के लोग खेतीबारी करते हैं।
यह विजया की पुस्तक है।

**७. अधिकरण कारक - चिह्न-में, पर**

संज्ञा के जिस रूप से क्रिया के आधार का बोध होता है, उसे अधिकरण कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - शेर जंगल में रहता है।
पेड़ पर मत चढ़ो।

**८. संबोधन कारक - चिह्न-हे, अरे, अजी इत्यादि**

संज्ञा के जिस रूप से किसी का संबोधन किया जाता है उसे संबोधन कारक कहते हैं।

**उदाहरण** - हे राम! रक्षा करो।
अरे! इधर आना ।
अजी! मेरी बात सुनते हो कि नहीं?

**योग्यता विस्तार :**

- शीजा जैसे शौर्य पुरस्कार प्राप्त कर्नाटक के वीर बालक-बालिकाओं की कहानियाँ पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।

****

© KTBS Not to be republished

# पाठ- ७

# वरदान माँगूँगा नहीं

- शिवमंगल सिंह 'सुमन'

**आशय : जीवन लड़ाई का मैदान जैसा है। जीवन-संघर्ष में कभी जीत तो कभी हार मिलती है। कर्मवीर मनुष्य को हार जाने पर शोक नहीं मनाना है और न भगवान से भीख माँगनी है। उसे निडर होकर कष्टों का सामना करना चाहिए। कवि का संदेश यह है कि मानव को सदैव आशावान रहना चाहिए।**

यह हार एक विराम है
जीवन महा संग्राम है
तिल-तिल मिटूँगा पर दया की भीख लूँगा नहीं,
वरदान माँगूँगा नहीं।
स्मृति सुखद प्रहरों के लिए
अपने खंडहरों के लिए
यह जान लो, मैं विश्व की संपत्ति चाहूँगा नहीं,
वरदान माँगूँगा नहीं।
क्या हार में क्या जीत में
किंचित् नहीं भयभीत मैं
संघर्ष पथ पर जो मिले, यह भी सही, वह भी सही,
वरदार माँगूँगा नहीं।
लघुता न अब मेरी छुओ
तुम हो महान बने रहो
अपने हृदय की वेदना मैं व्यर्थ त्यागूँगा नहीं,
वरदान माँगूँगा नहीं।

©KTBS Not to be republished

चाहे हृदय को ताप दो
चाहे मुझे अभिशाप दो
कुछ भी करो कर्तव्य-पथ से किंतु भागूँगा नहीं,
वरदान माँगूँगा नहीं।

**कवि परिचय :**

शिवमंगल सिंह 'सुमन'(१९१५-२००२) का हिन्दी के आधुनिक कवियों में महत्व-पूर्ण स्थान है। आपकी कल्पना सुंदर और मार्मिक है। आपका कवि-हृदय अनेक भाव-भूमियों से होकर गुज़रा है। आपने जीवन की पीड़ा को गीतों में बहुत ही सुंदरता से पिरोया है। आपकी भाषा सरल और प्रौढ़ है। सुमनजी की रचनाएँ हिल्लोल, जीवन के गान, प्रलय-सृजन, विश्वास बढ़ता ही गया, विंध्य- हिमालय आदि हैं। आपकी कृति 'मिट्टी की बारात' को साहित्य अकादमी का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

**शब्दार्थ :**

विराम-विश्राम, आराम; संग्राम-युद्ध, लड़ाई, मुसीबत का समय; तिल-तिल-तड़प-तड़पकर, स्मृति-याद करने योग्य, सुखद-सुख देनेवाला, प्रहर -क्षण, किंचित्-ज़रा, थोड़ा; संघर्ष पथ-कष्टों से भरा हुआ जीवन, लघुता -छोटापन, वेदना-कष्ट, ताप -दुःख, अभिशाप - शाप

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

१. 'वरदान माँगूँगा नहीं' कविता के कवि का नाम क्या है ?
२. कवि क्या माँगना नहीं चाहते ?
३. कवि हार -जीत में क्या होना नहीं चाहते ?
४. कवि व्यर्थ किसे त्यागना नहीं चाहते ?
५. कवि कर्तव्य-पथ से क्या करना नहीं चाहते ?

©KTBS Not to be republished

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. कविता के अनुसार जीवन क्या है ?

२. कवि कौन-सी भीख नहीं चाहते हैं ?

३. कवि किसकी संपत्ति नहीं चाहते ?

४. संघर्ष-पथ पर कवि किससे भयभीत नहीं है?

**II. तीन- चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. विश्व की संपत्ति कवि क्यों नहीं चाहते ?

२. हार-जीत के बारे में कवि के क्या विचार हैं ?

३. कवि अपनी लघुता के बारे में क्या कहते हैं ?

४. कर्तव्य-पथ के बारे में कवि का अटल विश्वास क्या है ?

**III. चार-पाँच वाक्यों मे उत्तर लिखिए ।**

१. कवि कौन-कौन से वरदान माँगना नहीं चाहते ?

**IV. भाव स्पष्ट कीजिए :**

१. क्या हार में क्या जीत में
किंचित् नहीं भयभीत मैं
संघर्ष-पथ पर जो मिले
यह भी सही, वह भी सही,
वरदान माँगूँगा नहीं ।

२. चाहे हृदय को ताप दो
चाहे मुझे अभिशाप दो
कुछ भी करो कर्तव्य-पथ से
किंतु भागूँगा नहीं,
वरदान माँगूँगा नहीं ।

©KTBS Not to be republished

**V. विरुद्धार्थक शब्द लिखिए :**

१. वरदान २. सुखद ३. हार

४. भय ५. लघुता

**VI. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | विराम | ५. | वरदान |
| २. | जीवन | ६. | हार-जीत |
| ३. | महासंग्राम | ७. | संघर्ष |
| ४. | दया | ८. | कर्तव्य |

**VII. तुकांत शब्द पहचानकर लिखिए:**

१. विराम - ______

२. ______ - माँगूँगा

३. प्रहरों - ______

४. चाहूँगा - ______

५. ______ - भयभीत

६. छुओ - ______

७. ______ - माँगूँगा

८. ताप - ______

९. भागूँगा - ______

©KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

**संधि:**

**संधि का अर्थ है मेल या जुड़ना।**

जब दो शब्द पास-पास आते हैं तो उच्चारण की सुविधा के लिए पहले शब्द के अंतिम वर्ण तथा दूसरे शब्द के पहले वर्ण की ध्वनियाँ मिल जाती हैं और एक अलग शब्द बन-जाता है । इस परिवर्तन को संधि कहते हैं ।

**जैसे-**

१. विद्या + आलय → विद्यालय

२. सत् + जन → सज्जन

३. निः + काम → निष्काम

**संधि के तीन प्रकार हैं।**

**संधि**

**1. स्वर संधि** **2.व्यंजन संधि** **3.विसर्ग संधि**

स्वर संधि - स्वर ध्वनियों के मेल को स्वर संधि कहते हैं।

स्वर संधि के प्रकार - स्वर संधि के पाँच प्रकार हैं ।

१. दीर्घ संधि २. गुण संधि ३. वृद्धि संधि

४. यण् संधि ५. अयादि संधि

१. दीर्घ संधि : ह्रस्व या दीर्घ अ,इ,उ के बाद क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ अ,इ,उ आ जाए तो दोनों के स्थान पर दीर्घ हो जाता है तो उसको दीर्घसंधि कहते हैं।

उदा :

देव + आलय = देवालय

सुधि + इंद्र = सुधींद्र

भानु + उदय = भानूदय

©KTBS Not to be republished

२. गुण संधि - अ और आ के बाद यदि ह्रस्व या दीर्घ इ, उ या ऋ आए तो दोनों के स्थान पर क्रमशः ए, ओ तथा अर हो जाता है।

तो उसे गुण संधि कहते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा : | नर | + | इंद्र | = नरेंद्र |
| | महा | + | उन्नत | = महोन्नत |
| | सप्त | + | ऋषि | = सप्तर्षि |

३. वृद्धि संधि - अ, आ के बाद यदि ए, ऐ आए तो दोनों के स्थान पर ऐ हो जाता है तथा अ या आ के बाद ओ आए तो दोनों मिलकर औ हो जाता है तो उसे वृद्धि संधि कहते हैं ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा : | सदा | + | एव | = सदैव |
| | महा | + | ऐश्वर्य | = महैश्वर्य |
| | महा | + | ओषध | = महौषध |
| | महा | + | औषध | = महौषध |

४. यण् संधि -ह्रस्व या दीर्घ इ,उ या ऋ के बाद अन्य कोई स्वर आए तो इ का य, उ का व और ऋ का र हो जाता है तो उसे यण् संधि कहते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा : | यदि | + | अपि | = यद्यपि |
| | सु | + | आगत | = स्वागत |
| | पितृ | + | आज्ञा | = पित्राज्ञा |

५. अयादि संधि - ए,ऐ,ओ, औ, के बाद कोई अन्य स्वर आ जाए तो ए का अय ऐ का आय, ओ का अव और औ का आव हो जाय तो उसको अयादि संधि कहते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उदा : | ने | + | अन | = नयन |
| | नै | + | अक | = नायक |
| | पो | + | अन | = पवन |
| | नौ | + | इक | = नाविक |

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ- ८

## भारत-प्रेमी फादर कामिल बुल्के

**-संकलित**

**आशय : फादर कामिल बुल्के विदेश से भारत में ईसाई-धर्म का प्रचार करने आये थे। उन्होंने यहाँ आकर संस्कृत और हिन्दी सीखीं। गोस्वामी तुलसीदास का 'रामचरितमानस' पढ़कर वे इतने प्रभावित हुए कि वे तुलसीदास के परमभक्त बन गए। डॉ. कामिल बुल्के भारतीय संस्कृति में ऐसे घुलमिल गए कि वे भारतीय नागरिक बन गए। वे हिंदी के आराधक एवं सेवक बन गए।**

''भगवान के प्रति धन्यवाद, जिसने मुझे भारत भेजा और भारत के प्रति धन्यवाद, जिसने मुझे इतने प्रेम से अपनाया।'' -ये वचन हैं फादर कामिल बुल्के के जो उनके अतीव भारत-प्रेम को प्रकट करते हैं। वे भारत आये थे धर्म-प्रचार करने। परंतु वाल्मीकि रामायण तथा तुलसी रामायण से इतने अभिभूत हुए कि उन्हें सारा जग सियाराममय लगा। बस, वे इसी देश के हो गए। सचमुच फादर कामिल बुल्के संत थे, महात्मा थे।



कामिल बुल्के का जन्म बेल्जियम देश के पश्चिम फ्लैंडर्स के रम्सकपैले नामक गाँव में सितंबर सन् १९०९ को हुआ। उनके पिता का नाम था ओदाल्फ बुल्के तथा माता का नाम मरिया। उनके पिता हट्टे-कट्टे और धर्मभीरू थे तो उनके पुत्र कामिल बुल्के में इन दोनों गुणों का मणि-कांचन योग था।

©KTBS Not to be republished

बालक कामिल बुल्के पढ़ाई में होनहार थे। 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात'-यह कहावत कामिल बुल्के पर सौ प्रतिशत लागू होती थी। वे हर कक्षा में अव्वल आते थे। उन्होंने बी.एससी. इंजीनियरिंग परीक्षा भी अच्छी योग्यता के साथ उत्तीर्ण की। इसी समय उनके मन में सन्यासी बनने की प्रबल इच्छा पैदा हुई। माँ-बाप के न कहने पर भी वे ईसाई-सन्यासी बने और भारत को निकल पड़े।

कामिल बुल्के सन् १९३५ नवंबर में भारत आये। उन्होंने दो साल तक मिशनरी स्कूलों में गणित और रसायन विज्ञान पढ़ाया। साथ ही वे कक्षाओं में बैठकर हिंदी भाषा और साहित्य का अध्ययन करने लगे। कामिल बुल्के पं. बदरीदत्त शास्त्री का शिष्य बनकर संस्कृत और हिंदी का अभ्यास करने लगे। कामिल बुल्के ने थोड़े ही समय में वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस की गहराई में प्रवेश किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अवधी भाषा पर भी अधिकार पा लिया। गुरु बदरीदत्त शास्त्री अपने शिष्य के अद्भुत पांडित्य पर मुग्ध हो गये। उन्होंने कामिल बुल्के को 'चलता-फिरता शब्दकोश' कहा था।

कामिल बुल्के विज्ञान के विद्यार्थी होने पर भी साहित्य की ओर प्रवृत्त हुए। उन्होंने सन् १९४० में हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग से विशारद की परीक्षा पास की। बाद में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय से संस्कृत और हिंदी में बी.ए. की डिग्री लेकर सन् १९४७ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी एम.ए.में उत्तीर्ण हुए। कामिल बुल्के तुरंत उसी विश्वविद्यालय से राम कथा पर अनुसंधान करने में लग गए। कामिल बुल्के को सन् १९४९ में ''रामकथा - उत्पत्ति और विकास'' शोध-प्रबंध पर डी.फिल की उपाधि प्राप्त हुई।

©KTBS Not to be republished

डॉ. कामिल बुल्के सन् १९५० में राँची के संत जेवियर कॉलेज के संस्कृत और हिंदी विभाग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए और अंत तक वहीं रहे। डॉ. कामिल बुल्के का शोध-प्रबंध 'रामकथा-उत्पत्ति और विकास' का नाम दूर-दूर तक फैल गया। यह अमूल्य ग्रंथ रामायण के अध्येताओं के लिए एक संदर्भ-गंथ बन गया। डॉ. कामिल बुल्के ने 'रामकथा और तुलसीदास' नामक एक और पुस्तक लिखी थी। वह भी अत्यंत लोकप्रिय हुई।

. फादर कामिल बुल्के तुलसीदास के परम भक्त थे। वे हर साल तुलसी जयंती के अवसर पर देश के कोन-कोने में जाकर तुलसी की गरिमा पर भाषण दिया करते थे। फ़ादर बुल्के का रामायण प्रेम आसेतु हिमाचल फैल गया। रामायण कामिल बुल्के के लिए सर्वस्व थी। उन्होंने रामायण के विविध पात्रों के बारे में संस्कृत, हिंदी, और अंग्रेजी में कई लेख लिखे। इतना ही नहीं, वे लगातार रेडियो में वार्ताएँ प्रसारित करते थे और जगह-जगह पर भाषण करते थे। उनका एकमात्र विषय था-रामायण।

डॉ. कामिल बुल्के पूरी तरह रामायण के रंग में रंग गए थे। उन्होंने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन के अवसर पर वर्धा में १४ जनवरी १९७५ ई. को तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण करते हुए यों कहा- ''तुलसी ने कहा है- सबहिं नचावत राम गोसाई, किन्तु मैं कहता हूँ - मोहि नचावत तुलसी गोसाई''। इन पंक्तियों का अर्थ है-इस संसार में सब को राम नचाता है। लेकिन मुझे तो गोस्वामी तुलसीदास नचाते हैं। ऐसी थी डॉ. कामिल बुल्के की तुलसी-निष्ठा।

डॉ. कामिल बुल्के हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ थे। परंतु भक्ति-साहित्य पर उनका अधिकार असाधारण था। हिंदी के प्रति उनकी बड़ी आस्था थी। उनका अभिप्राय था कि हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है। उनका कहना था कि हिन्दी राष्ट्रभाषा बनकर भारत की अखंडता और एकता की रक्षा करेगी। हिंदी का विरोध करना देश की एकता का विरोध करने के सिवा कुछ और नहीं है। उनका विचार था कि हिन्दी विश्व-भाषा है और वह सारे संसार में भारतीयता का ध्वज फहराने में सक्षम है।

Not to be republished ©KTBS

डॉ. कामिल बुल्के ईसाई पादरी होते हुए भी भारतीय संस्कृति और साहित्य का बड़ा सम्मान करते थे। उन्होंने सन् १९५० में भारतीय नागरिक बन कर अपना देश-प्रेम व्यक्त किया। उनका वाक्य - 'संस्कृत महारानी, हिंदी बहूरानी, अंग्रेजी नौकरानी' -उनका भारत-प्रेम प्रकट करता है।

फादर कामिल बुल्के का देहांत १८ अगस्त, सन् १९८२ को दिल्ली में हुआ। हिंदी साहित्य जगत उस दिन शोक-सागर में डूब गया।

**शब्दार्थ :**

अतीव -अधिक, ज्यादा; अभिभूत होना -प्रभावित होना, धर्मभीरु -धर्म के प्रति श्रद्धा दिखानेवाला, मणिकांचन योग -रत्न और सोने का साथ अर्थात् दोनों के मिलन के कारण कीमती, मूल्यवान; होनहार बिरवान के होत चीकने पात -स्वस्थ पौधों के पत्ते स्वस्थ होते हैं- अर्थात् प्रतिभा के लक्षण दिखाई देना; उत्तीर्ण करना -सफल होना,अध्ययन करना -अच्छी तरह से पढ़ना, आसेतु हिमाचल -कन्याकुमारी से हिमालय तक याने सारे देश में; विविध -कई, मर्मज्ञ-सर्वस्व जाननेवाला, पंडित; आस्था -विश्वास

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. कामिल बुल्के किन-किन ग्रंथों से प्रभावित हुए?
२. मणि-कांचन योग का अर्थ क्या है?
३. बुल्के जी भारत कब आये?
४. कामिल बुल्के के गुरु का क्या नाम है?
५. गुरु ने अपने शिष्य बुल्के को किस नाम से पुकारा?
६. कामिल बुल्के को डी. फिल की डिग्री कब मिली?
७. डॉ. कामिल बुल्के के शोध-प्रबंध का क्या नाम है?
८. डॉ. कामिल बुल्के भारत के नागरिक कब बने?

Not to be republished ©KTBS

II. **इन प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. कामिल बुल्के पर माँ-बाप का कैसा प्रभाव पड़ा?

२. कामिल बुल्के की होनहारी पर प्रकाश डालिए ।

३. कामिल बुल्के की हिंदी-शिक्षा के बारे में लिखिए ।

४. आप कामिल बुल्के के शोध के बारे में क्या जानते हैं?

५. फ़ादर बुल्के के रामायण-प्रेम के बारे में लिखिए ।

६. हिंदी के बारे में फ़ादर बुल्के के क्या विचार हैं?

III. **इन कहावतों और मुहावरों का अर्थ लिख कर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

१. 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात'

२. 'मणि-कांचन योग' -

३. 'आसेतु हिमाचल' -

४. 'ध्वज फहराना' -

IV. **विलोम शब्द लिखिए :**

प्रेम, गुण, योग्यता, इच्छा, अधिकार, मूल्य, असाधारण, आस्था, एकता, सक्षम

V. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।**

१. भारत के प्रति ........, जिसने मुझे प्रेम से अपनाया ।

२. फादर बुल्के के पिता हट्टे-कट्टे और ........ थे।

३. 'राम कथा-उत्पत्ति और विकास' बुल्केजी का ........ है।

४. फादर बुल्के जी की ........ पुस्तक लोकप्रिय है।

५. हिंदी राष्ट्रभाषा बनकर भारत की ........ और ........ की रक्षा करेगी।

©KTBS Not to be republished

**VI. जोड़ी मिलाइए :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | कामिल बुल्के का जन्म | अ. सन् १९४० |
| २. | बुल्के का भारत आगमन | आ. सन् १९५० |
| ३. | विशारद की परीक्षा उत्तीर्ण | इ. सन् १९५० |
| ४. | संस्कृत तथा हिंदी-विभाग अध्यक्ष नियुक्त | ई. सन् १९३५ |
| ५. | प्रथम  हिंदी विश्व सम्मेलन | उ. सन् १९०९ |
| ६. | भारतीय नागरिकता की स्वीकृति | ऊ. सन् १९७५ |

# भाषा बोध

**मुहावरे :**

जब कोई वाक्यांश अपने साधारण अर्थ को छोड़ कर किसी विशेष अर्थ का बोध कराता है तो उसे मुहावरा कहते हैं। जैसे-कीचड़ उछालना। कुछ लोग हमेशा दूसरों पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए उनकी निंदा करते रहते हैं। ऐसे समय में विनय सदा मोहन पर कीचड़ उछालता रहता है का प्रयोग होता है। नीचे कुछ मुहावरे दिए जा रहे हैं जिनका प्रयोग हमारे रोजमर्रे की जिंदगी में अक्सर होता रहता है।

**उदाहरण :**

१. अपने पैरों पर आप कुल्हाडी मारना - खुद की हानि करना
२. अंधेरे घर का उजाला - एकमात्र सहारा
३. आग बबूला होना - बहुत नाराज़ होना
४. कमर टूटना - निराश होना
५. कफ़न बाँधकर चलना - प्राणों की परवाह नहीं करना

**कहावतें :**

कहावत का दूसरा नाम है-लोकोक्ति । जीवन के सच्चे और गहरे अनुभव को एक वाक्य या वाक्यांश में सुंदर रूप से कहा जाता है तो उस कथन को

©KTBS Not to be republished

कहावत अथवा लोकोक्ति कहा जाता है। कहावत अपने आप समृद्ध अर्थ को प्रकट करने वाली उक्ति है। कहावतों के प्रयोग से भाषा का सौंदर्य बढ़ता है और पाठक पर गहरा प्रभाव पड़ता है। कुछ लोग ज्ञानी या पंडित नहीं होते। फिर भी हर कहीं अपने पांडित्य का ढिंढोरा पीटते रहते हैं। ऐसे समय में 'अध जल गगरी छलकत जाए'-इस कहावत का प्रयोग किया जाता है। जैसे-उस दिन कृष्ण अपने अध्यापकों के सामने ऐसे बोल रहा था कि सब हँसने लगे। तब एक अध्यापक ने कहा-अध जल गगरी छलकत जाए।

नीचे कुछ कहावतों को दिया जा रहा है जिनका प्रयोग हमारे दैनंदिन जीवन में बार-बार होता रहता है।

१. अंधों में काना राजा - गुणहीन लोगों के बीच में थोड़े गुणवाले चमकते हैं।
२. आ बैल मुझे मार - मुसीबत मोल लेना।
३. कोयले की दलाली में हाथ काले होते हैं - बुरे लोगों के बीच रहने से बदनाम होते हैं।
४. छोटा मुँह बड़ी बात - अपनी योग्यता से बढ़ कर बातें करना।
५. दूध का दूध, पानी का पानी - सही या पूरा न्याय पाना, सत्य का पता चलना।

**योग्यता विस्तार :**

- संस्कृत महारानी, हिन्दी बहूरानी, अंग्रेजी नौकरानी - इस कथन का अर्थ पूरी तरह समझने का प्रयत्न कीजिए ।
- संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी - भाषाओं की ज़रूरत के बारे में जानकारी हासिल कीजिए ।
- राष्ट्रभाषा के लक्षणों की कसौटी पर हिन्दी खरी उतरेगी क्या? कैसे? जानकारी पाइए ।
- भारत सेवी विदेशी महिला सिस्टर निवेदिता के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए ।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ- ९

## प्रायश्चित्त

**- भगवतीचरण वर्मा**

**आशय: हमारे समाज में रीति-रिवाज़ों और परंपराओं के नाम पर कई अंधविश्वास चले आ रहे हैं। कुछ लोग अपने स्वार्थ को साधने के लिए इन्हें बढ़ावा भी दे रहे हैं। प्रस्तुत पाठ में ऐसे ही एक अंधविश्वास के प्रसंग को लेखक ने हास्य और विनोद के द्वारा चित्रित किया है।**

अगर कबरी बिल्ली घर भर में किसी से प्रेम करती थी तो रामू की बहू से और रामू की बहू घर भर में किसी से घृणा करती थी तो कबरी बिल्ली से। रामू की बहू दो महीना हुआ, मायके से प्रथम बार ससुराल आयी थी - पति की प्यारी और सास की दुलारी। भंडार-घर की चाभी उसकी करधनी में लटकने लगी, नौकरों पर उसका हुक्म चलने लगा और रामू की बहू घर में सब कुछ। सासजी ने माला ले ली और पूजा-पाठ में मन लगाया।

लेकिन बहू नयी थी तो कभी भंडार-घर खुला है, तो कभी भंडार-घर बैठे-बैठे सो गई। कबरी बिल्ली को मौका मिला, तो घी-दूध पर जुट गई । रामू की बहू की जान आफत में और कबरी बिल्ली के छक्के-पंजे। रामू की बहू हांडी में घी रखते ऊँघ गई, बचा हुआ घी कबरी के पेट में। रामू की बहू दूध ढककर मिसरानी को जिन्स देने गई और दूध नदारद। अगर बात यहीं तक रह जाती तो भी बुरा न था, कबरी रामू की बहू से कुछ ऐसी परच गई कि रामू की बहू के लिए खाना-पीना दुश्वार। रामू की बहू के कमरे में रबड़ी से भरी हुई कटोरी पहुँची और रामू जब तक आए, कटोरी साफ चटी हुई। बाजार से मलाई आई और जब तक रामू की बहू ने पान लगाया, मलाई गायब। रामू की बहू ने तय कर लिया कि या तो वह घर में रहेगी या कबरी बिल्ली । मोर्चाबंदी हो

©KTBS Not to be republished

गई और दोनों सतर्क। बिल्ली फँसाने का कटघरा आया, उसमें दूध, मलाई, चूहे और बिल्ली  को स्वादिष्ट लगने वाले विविध प्रकार के व्यंजन रखे गए, लेकिन बिल्ली ने उधर निगाह तक न डाली। इधर कबरी ने सरगर्मी दिखलाई। अभी तक तो वह रामू की बहू से डरती थी; पर अब वह साथ लग गई, लेकिन इतने फासले पर कि रामू की बहू उस पर हाथ न लगा सके।

कबरी के हौसले बढ़ जाने से रामू की बहू को घर में रहना मुश्किल हो गया। उसे मिलती थीं सास की मीठी झिड़कियाँ और पतिदेव को रूखा-सूखा भोजन।

एक दिन रामू की बहू ने रामू के लिए खीर बनाई। पिस्ता, बादाम, मखाने और तरह-तरह के मेवे दूध में औटाए गए, सोने का वर्क चिपकाया गया और खीर से भरकर कटोरा कमरे के एक ऐसे ऊँचे ताक पर रखा, जहाँ बिल्ली न पहुँच सके। रामू की बहू  पान लगा रही है। पान लगाकर रामू की बहू सास जी को पान देने चली गई और कबरी ने छलाँग मारी, पंजा कटोरे में लगा और झनझनाहट की आवाज़ के साथ फर्श पर।

आवाज़ रामू की बहू के कान में पहुँची। सास के सामने पान फेंककर वह दौड़ी। क्या देखती है कि फूल का कटोरा टुकड़े-टुकड़े और खीर फर्श पर और बिल्ली  डटकर खीर उड़ा रही है।  रामू की बहू के देखते ही कबरी चंपत।
रामू की बहू पर खून सवार हो गया, न रहे बाँस न बजे बाँसुरी। रामू की बहू ने कबरी की हत्या पर कमर कस ली। रात भर उसे नींद न आई, किस दाँव से कबरी पर वार किया जाए कि फिर जिंदा न बचे, यही पड़े-पड़े सोचती रही। सुबह हुई और वह देखती है कि कबरी देहरी पर बैठी बड़े प्रेम से उसे देख रही है।

रामू की बहू ने कुछ सोचा, इसके बाद मुस्कराती हुई वह उठी। कबरी रामू की बहू के उठते ही खिसक गई। रामू की बहू एक कटोरा दूध कमरे के दरवाजे की देहरी पर रखकर चली गई। हाथ में पाटा लेकर वह लौटी, तो देखती है कि कबरी दूध पर जुटी हुई है। मौका हाथ में आ गया। सारा बल लगाकर

©KTBS Not to be republished

पाटा उसने बिल्ली पर पटक दिया। कबरी न हिली न डुली, न चीखी चिल्लाई, बस एकदम उलट गई ।



आवाज़ जो हुई तो महरी झाड़ू छोड़कर, मिसरानी रसोई छोड़कर और सास पूजा छोड़कर घटनास्थल पर उपस्थित हो गईं। रामू की बहू सिर झुकाए हुए अपराधिनी की भाँति बातें सुन रही है।

महरी बोली-अरे राम, बिल्ली तो मर गई। माँ जी बिल्ली की हत्या बहू से हो गई, यह तो बुरा हुआ।

मिसरानी बोली-माँ जी, बिल्ली की हत्या और आदमी की हत्या बराबर है। हम तो रसोई न बनावेंगी जब तक बहू के सिर हत्या रहेगी।

सास जी बोलीं - हाँ, ठीक कहती हो। अब जब तक बहू के सिर से हत्या न उतर जाय, तब तक न कोई पानी पी सकता है, न खाना खा सकता है। बहू,

Not to be republished

यह क्या कर डाला।

महरी ने कहा - फिर क्या हो, कहो तो पंडित जी को बुला लाऊँ? सासजी की जान में जान आई - अरे हाँ, जल्दी दौड़कर पंडित जी को बुला ला। बिल्ली की हत्या की खबर बिजली की तरह पड़ोस में फैल गई। पड़ोस की औरतों का रामू की बहू के घर में ताँता बँध गया। चारों तरफ से प्रश्नों की बौछार और रामू की बहू सिर झुकाए बैठी।

पंडित परमसुख को जब यह खबर मिली, उस समय वे पूजा कर रहे थे। खबर पाते ही उठ पड़े । पंडिताइन से मुस्कराते हुए बोले -'भोजन न बनाना। लाला घासीराम की पतोहू ने बिल्ली मार डाली। प्रायश्चित्त होगा, पकवानों पर हाथ लगेगा।'

पंडित परमसुख चौबे छोटे-से, मोटे-से आदमी थे। लंबाई चार फुट दस इंच और तोंद का घेरा अट्ठावन इंच। चेहरा गोल-मटोल, मूँछें बड़ी-बड़ी, रंग गोरा, चोटी कमर तक पहुँचती हुई।

कहा जाता है कि मथुरा में जब पंसेरी खुराकवाले पंडितों को ढूँढ़ा जाता था तो पंडित परमसुख जी को इस सूची में प्रथम-स्थान दिया जाता था।

पंडित परमसुख पहुँचे, कोरम पूरा हुआ। पंचायत बैठी-सासजी, मिसरानी, किसनू की माँ, छन्नू की दादी और पंडित परमसुख। बाकी स्त्रियाँ बहू से सहानुभूति प्रकट कर रही थीं।

किसनू की माँ ने कहा-'पंडित जी, बिल्ली की हत्या करने से कौन नरक मिलता है?'

पंडित परमसुख ने पन्ने देखते हुए कहा-'बिल्ली की हत्या अकेले से तो नरक का नाम नहीं बतलाया जा सकता, वह मुहूर्त भी जब मालूम हो जाए - जब बिल्ली की हत्या हुई, तब नरक का पता लग सकता है।' 'यही कोई सात बजे सुबह।' मिसरानी ने कहा।

©KTBS Not to be republished



पंडित परमसुख ने पन्ने के पन्ने उलटे, अक्षरों पर उँगलियाँ चलाईं, मत्थे पर हाथ लगाया और कुछ सोचा। चेहरे पर धुंधलापन आया, माथे पर बल पड़े, नाक कुछ सिकुड़ी और स्वर गंभीर हो गया-'हरे कृष्ण! हरे कृष्ण! बड़ा बुरा हुआ, प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में बिल्ली की हत्या! घोर कुंभीपाक नरक का विधान! रामू की माँ, यह तो बड़ा बुरा हुआ।'

रामू की माँ की आँखों में आँसू आ गए-'तो फिर पंडित जी, अब क्या होगा, आप ही बतलाएँ।'

पंडित परमसुख मुस्कराए - 'रामू की माँ, चिंता की कौन-सी बात है? हम पुरोहित फिर किस दिन के लिए हैं? शास्त्रों में प्रायश्चित्त का विधान है, सो प्रायश्चित्त से सब कुछ ठीक हो जाएगा।'

रामू की माँ ने कहा-'पंडित जी, इसीलिए तो आपको बुलवाया था। अब आगे बतलाओ कि क्या किया जाए?



©KTBS Not to be republished

'किया क्या जाए - यही एक सोने की बिल्ली बनवा कर बहू से दान करवा दी जाय। जब तक बिल्ली न दे दी जाएगी तब तक तो घर अपवित्र रहेगा। बिल्ली दान देने के बाद इक्कीस दिन का पठन हो जाय।'

छन्नू की दादी-'हाँ, और क्या, पंडित जी ठीक कहते हैं, बिल्ली अभी दान दे दी जाए और पाठ फिर हो जाए।'

रामू की माँ ने कहा-'तो पंडित जी, कितने तोले की बिल्ली बनवाई जाए?'

पंडित परमसुख मुस्कुराए, अपनी तोंद पर हाथ फेरते हुए उन्होंने कहा - 'बिल्ली कितने तोले की बनवाई जाए? अरे रामू की माँ, शास्त्रों में तो लिखा है कि बिल्ली के वजन भर सोने की बिल्ली बनाई जाए। लेकिन अब कलियुग आ गया है, धर्म-कर्म का नाश हो गया है, श्रद्धा नहीं रही। सो रामू की माँ, बिल्ली के तौल भर की बिल्ली तो क्या बनेगी, क्योंकि बिल्ली बीस-इक्कीस सेर से कम की क्या होगी! हाँ, कम से कम इक्कीस तोले की बिल्ली बनवा के दान करवा दो, और आगे तो अपनी-अपनी श्रद्धा!'

रामू की माँ ने आँखें फाड़कर पंडित परमसुख को देखा-'अरे, बाप रे! इक्कीस तोला सोना! पंडित जी, यह तो बहुत है, एक तोले की बिल्ली से काम न निकलेगा?'

पंडित परमसुख हँस पड़े-'रामू की माँ ! एक तोला सोने की बिल्ली । अरे रुपए का लोभ बहू से बढ़ गया! बहू के सिर बड़ा पाप है - इसमें इतना लोभ ठीक नहीं!'

मोल-तोल शुरु हुआ और मामला ग्यारह तोले की बिल्ली पर ठीक हो गया। इसके बाद पूजा-पाठ की बात आई। पंडित परमसुख ने कहा-'उसमें क्या मुश्किल है, हम लोग किस दिन के लिए हैं? रामू की माँ, मैं पाठ कर दिया करूँगा, पूजा की सामग्री आप हमारे घर भिजवा देना।' 'पूजा का सामान कितना लगेगा?' - रामू की माँ ने पूछा।

©KTBS Not to be republished

'अरे, कम-से-कम सामान में पूजा हम कर देंगे। दान के लिए करीब दस मन गेहूँ, एक मन चावल, एक मन दाल, मन भर तिल, पाँच मन जौ, पाँच मन चना, चार पंसेरी घी और मन भर नमक भी लगेगा। बस, इतने में काम चल जाएगा।'

'अरे बाप रे! इतना सामान, पंडित जी, इसमें तो सौ-डेढ़ सौ रुपया खर्च हो जाएगा।' रामू की माँ ने रुआँ सी होकर कहा।

'फिर इससे कम में तो काम न चलेगा। बिल्ली की हत्या कितना बड़ा पाप है, रामू की माँ! खर्च को देखते वक्त पहले बहू के पाप को तो देख लो? यह प्रायश्चित्त है, कोई हँसी-खेल थोड़े ही है-और जैसी जिसकी मर्यादा, प्रायश्चित्त में उसे वैसा खर्च भी करना पड़ता है। आप लोग कोई ऐसे-वैसे थोड़े हैं और सौ-डेढ़ सौ रुपया आप लोगों के हाथ का मैल है।'

पंडित परमसुख की बात से पंच प्रभावित हुए। किसनू की माँ ने कहा - 'पंडित जी ठीक तो कहते हैं, बिल्ली की हत्या कोई ऐसा-वैसा पाप तो नहीं-बड़े पाप के लिए बड़ा खर्च भी चाहिए।'

छन्नू की दादी ने कहा-''और नहीं तो क्या, दान-पुण्य से ही पाप कटते हैं। दान-पुण्य में किफ़ायत ठीक नहीं।''

मिसरानी ने कहा-''और फिर माँ जी, आप लोग बड़े आदमी ठहरे! इतना खर्च कौन आप लोगों को अखरेगा?''

रामू की माँ ने अपने चारों ओर देखा-सभी पंच पंडित जी के साथ। पंडित परमसुख जी मुस्करा रहे थे। उन्होंने कहा,-'रामू की माँ, एक तरफ तो बहू के लिए कुंभीपाक नरक है और दूसरी तरफ तुम्हारे जिम्मे थोड़ा-सा खर्च है सो उससे मुँह न मोड़ो।'

एक ठंडी साँस लेते हुए रामू की माँ ने कहा-'अब तो जो नाच नचाओगे, नाचना ही पड़ेगा।'

पंडित परमसुख ज़रा कुछ बिगड़कर बोले-'रामू की माँ! यह तो खुशी

©KTBS Not to be republished

की बात है, अगर तुम्हें यह अखरता है तो न करो मैं चला!' इतना कहकर पंडित जी ने पोथी-पत्र बटोरा।

'अरे पंडित जी, रामू की माँ को कुछ नहीं अखरता-बेचारी को कितना दुःख है-बिगड़ो न।'-मिसरानी, छन्नू की दादी और किसनू की माँ ने एक स्वर में कहा।

रामू की माँ ने पंडित जी के पैर पकड़े और पंडित जी ने अब जमकर आसन जमाया।

'और क्या हो?'

'इक्कीस दिन के पाठ के इक्कीस रुपये और इक्कीस दिन तक दोनों वखत पाँच-पाँच ब्राह्मणों को भोजन करवाना पड़ेगा।'-कुछ रुककर पंडित परमसुख ने कहा - 'सो इनकी चिंता न करो, मैं अकेले दोनों समय भोजन कर लूँगा और मेरे अकेले भोजन करने से पाँच ब्राह्मण के भोजन का फल मिल जाएगा।'

'यह तो पंडित जी ठीक कहते हैं, पंडितजी की तोंद तो देखो!' मिसरानी ने मुस्कुराते हुए पंडित जी पर व्यंग्य किया।

'अच्छा, तो फिर प्रायश्चित्त का प्रबंध करवाओ, रामू की माँ! ग्यारह तोला सोना निकालो, मैं उसकी बिल्ली बनवा लाऊँ-दो घंटे में बनवाकर लौटूँगा, तब तक सब पूजा का प्रबंध कर रखो - और देखो, पूजा के लिए ........'

पंडितजी की बात खतम न हुई थी कि महरी हाँफती हुई कमरे में घुस आई और सब लोग चौंक उठे।

रामू की माँ ने घबराकर कहा-'अरी क्या हुआ री?'

महरी ने लड़खड़ाते स्वर में कहा-'माँ जी, बिल्ली तो उठकर भाग गई।'

****

© KTBS Not to be republished

**लेखक-परिचय :**

**भगवतीचरण वर्मा** (१९०३-८१) आधुनिक हिन्दी के महत्वपूर्ण कवि, कहानीकार और उपन्यासकार हैं। इनका जन्म ई. सन् १९०३ में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के शफीपुर गाँव में हुआ। भगवतीचरण वर्मा जी का उपन्यास 'चित्रलेखा' हिंदी का एक चर्चित उपन्यास है जिसमें पाप और पुण्य की चर्चा है। इस उपन्यास पर हिन्दी में फिल्म भी बनी है। इनकी अन्य कृतियाँ हैं - मधुकण, मानव, प्रेमसंगीत, इंस्टालमेंट, थके पाँव, टेढ़े-मेढ़े रास्ते। ई. सन् १९८१ में इनका स्वर्गवास हुआ।

**शब्दार्थ :**

कबरी-सफेद रंग पर काले, भूरे आदि रंगोंवाली, घृणा-नफरत आफत-मुसीबत, मिसरानी-खाना पकानेवाली, जिन्स-चीजें, नदारद-गायब, परचना-तंग करना, दुश्वार-मुश्किल, मोर्चाबंदी-लड़ाई की तैयारियाँ, सतर्क-सावधान, कटघरा-पिंजडा, सरगर्मी-चालाकी, हौसला-उत्साह, झिड़कियाँ-डाँट-फटकार, बौछार - वर्षा की झड़ी, किफ़ायत - बचत, अखरना -बुरा लगना।

**टिप्पणी :**

१. सोने या चाँदी का वर्क - सोने या चाँदी का महीन परत जिनको मिठाइयों पर चिपकाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है।

२. कोरम - किसी विषय के बारे में निर्णय लेने के लिए एक सभा में जो निश्चित संख्या की आवश्यकता होती है।

३. रामू की बहू - रामू की पत्नी । - देश के कई भागों में अपनी पुत्रवधू को बेटे के नाम के साथ बहू शब्द जोड़कर बुलाने की प्रथा है।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. प्रश्न पढ़िए और पाठ में उत्तर ढूँढ़कर लिखिए :**

१. रामू की बहू घर भर में किससे घृणा करती थी?

२. रामू की बहू ने कबरी पर क्या पटक दिया?

३. पंडित जी को क्यों बुलाया गया?

४. पंचायत के पंच कौन - कौन थे?

५. बिल्ली की हत्या से कौन-सा नरक मिलता है?

६. पंडित जी ने सबसे पहले कितने तोले की बिल्ली बनवाने को कहा था?

७. मामला कितने तोले की बिल्ली पर ठीक हो गया?

८. पंडित जी ने कितने दिनों का पाठ करवाने को कहा?

९. कबरी के उठकर भाग जाने की खबर कौन सुनाती है?

**II. प्रश्न पढ़िए और उत्तर लिखिए :**

१. रामू की बहू कबरी की हत्या करने क्यों तैयार हुई?

२. पंड़ित जी का हुलिया कैसा था?

३. पंड़ित जी ने दान में क्या-क्या देने के लिए कहा था?

४. इस कहानी का भाव अपने शब्दों में समझाइए।

**III. खाली जगह भरिए :**

१. रामू की बहू पति की ........ और सास की ........ थी।

२. बिल्ली की हरकत से तंग आकर उसे फँसाने का ........ घर में आया।

३. कबरी ने ........ मारी, पंजा कटोरे में लगा और वह फर्श पर गिरकर चूर-चूर हो गया।

©KTBS Not to be republished

४. रामू की बहू की मार खाकर कबरी न हिली .... बस एकदम उलट गई ।

५. 'मैं चला' कहकर पंडित जी ने ........ बटोरा ।

६. पंडित ........ की बात से पंच प्रभावित हुए ।

**IV. जोड़कर लिखिए :**

| | | |
|---|---|---|
| १. | मायके | खाना पकानेवाली |
| २. | ससुराल | मर जाना |
| ३. | मिसरानी | पति का घर |
| ४. | स्वर्गवास | घर में बर्तन माँझनेवाली । |
| ५. | महरी | माता-पिता का घर |

**V. इस कहानी में एक अंधविश्वास पर व्यंग्य किया गया है। अब आप कोई पांच अंधविश्वासों की सूची बनाइए ।**

**जैसे** - किसी अच्छे कार्य के लिए जाते समय 'बिल्ली का रास्ता काटना'।

१. ........................

२. ........................

३. ........................

४. ........................

५ ........................

**VI. कहानी में कुछ माप-तौल की बात हुई है । इन बातों को सही तरह समझिए और लिखिए :**

१. एक मन = चालीस सेर का तौल

दस मन = ........................

पांच मन = ........................

२. पंसेरी = पांच सेर

चार पंसेरी -

©KTBS Not to be republished

३. एक तोला = १० ग्राम (आजकल का हिसाब)

ग्यारह तोला =

इक्कीस तोला =

४. एक सेर = चार पाँव (अनाज का माप)

एक पाँव = चार चँटाक

लेकिन आजकल अनाज वगैरह किलो ग्रां (के.जि.) में तौला जाता है।

५. मीटर - कपडे आदि का माप/नाप

६. लीटर - तरल पदार्थों का माप

**VII**. कहानी में मेवों की बात बतायी गयी है। (मेवा = Dry fruits)

**जैसे** - पिस्ता, बादाम, मखाने

अब आप अन्य कूछ मेवों की सूची बनाइए :

१. ......................

२. ......................

३. ......................

४. ......................

५. ......................

**VIII. कहानी में 'कलियुग' शब्द का प्रयोग हुआ है । सोचकर या मित्रों से चर्चा करके लिखिए कि कुल कितने युग है? उनका नाम क्या है?**

©KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

**समुच्चयबोधक अव्ययः**

दो शब्द, दो वाक्यांश अथवा दो वाक्यों को जोड़नेवाले शब्दों को समुच्चयबोधक कहा जाता है।

**जैसे :** १. सविता और कविता अच्छी लडकियाँ हैं।

२. जैसे बीज बोओगे, वैसे फल पाओगे ।

३. काम थोड़ा कठिन है लेकिन मैं कोशिश करूँगी ।

**अन्य कुछ उदाहरण :**

एवं, अथवा, इसलिए, क्योंकि, पर, यद्‌यपि-तथापि, जब-तब, जहाँ-तहाँ, अर्थात, मानो आदि ।

समुच्चयबोधक अव्ययों को रेखंकित कीजिए और उनका प्रयोग करते हुए एक और वाक्य बनाइए :

१. सास जी ने माला ले ली और पूजापाठ में मन लगाया ।

२. कबरी बिल्ली को मौका मिला तो घी दूध पर जुट गयी।

३. कबरी रामू की बहू से ऐसी परच गयी कि रामू की बहू के लिए खाना-पीना दुश्वार ।

४. पंडित परमसुख को जब यह खबर मिली, तब वे पूजा कर रहे थे ।

५. जब तक बिल्ली न दे दी जाएगी, तब तक तो घर अपवित्र रहेगा।

६. यह तो खुशी की बात है, अगर तुम्हें यह अखरता है तो न करो।

**योग्यता विस्तार :**

- अपने सहपाठियों के साथ कुछ और अंधविश्वासों की चर्चा कीजिए।
- अध्यापक के मार्गदर्शन में अंधविश्वासों का विश्लेषण कीजिए ।
- अंधविश्वासों को दूर हटाने का संकल्प कीजिए ।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १०

## रक्षाबंधन

-डॉ परशुराम शुक्ल

**आशयः भाई-बहन के पवित्र संबंध की प्रगाढ़ता को दर्शानेवाला रक्षाबंधन त्योहार का महत्व समझने के साथ-साथ छात्र इस त्योहार को मनाने की विधि-से अवगत होंगे।**

आज बहन ने बड़े प्रेम से,
रंग बिरंगा चौक बनाया।
इसके बाद चौक के ऊपर,
अपने भैया को बैठाया।।

रंग बिरंगी राखी बांधी,
फिर सुन्दर-सा तिलक लगाया।
गोल गोल रसगुल्ला खाकर,
भैया मन ही मन मुस्काया।।

थाल सजा कर दीप जला कर,
भाई की आरती उतारी।
मन ही मन में कहती बहना,
भैया रखना लाज हमारी।।

करना सदा बहन की रक्षा,
भैया तुमको समझाना है।
कच्चे धागों का यह बन्धन,
रक्षाबंधन कहलाता है।।

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचयः**

**डॉ परशुराम शुक्ल** जी का जन्म ६ जून १९४७ को उत्तर प्रदेश के कानपुर में हुआ। आपने 'भारतीय वन्य जीव', 'भारतीय हिरन और गवय', 'जलचर कोश', 'मोघिया लोक कथाएँ', 'रेलों का विचित्र संसार' आदि २०० से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। समाज कल्याण-मंत्रालय और अनेक संस्थाओं द्वारा आप सम्मानित एवं पुरस्कृत हैं।

प्रस्तुत कविता-'रक्षाबंधन' आपकी 'प्रतिनिधि बाल कविताएँ' पुस्तक से उद्धृत है।

**शब्दार्थः**

तिलक- टीका, लाज-मान, सदा-हमेशा

**मौखिक प्रश्नः**

१. बहन ने भाई को कहाँ बैठाया?

२. बहन ने भाई को क्या खिलाया?

३. मन ही मन बहन (भाई से) क्या कहती है?

४. भाई को क्या समझना है?

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिएः**

१. बहन ने रंग बिरंगा चौक किस भाव से बनाया?

२. बहन ने चौक क्यों बनाया?

३. चौक पर बिठाने के बाद बहन ने भाई को क्या बाँधा ?

४. बहन ने भाई की आरती कैसे उतारी?

५. भाई को किसकी लाज रखनी चाहिए?

**II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिएः**

१. भाई के साथ बहन रक्षाबंधन कैसे मनाती है?

२. रक्षाबंधन के दिन बहन मन ही मन क्या सोचती है?

३. रक्षाबंधन का आशय क्या है?

©KTBS Not to be republished

**III. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१. इस कविता का सार लिखिए।

२. डॉ. परशुराम शुक्ल जी का परिचय लिखिए।

**IV. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

१. रंग बिरंगा ____________ बनाया।

२. सुंदर-सा ____________ लगाया।

३. भाई की ____________ उतारी।

४. भैया रखना ____________ हमारी।

**V. जोड़कर लिखिए:**

| | | |
|---|---|---|
| १. तिलक | - | हमेशा |
| २. सदा | - | दीया |
| ३. लाज | - | टीका |
| ४. दीप | - | मान |

**VI. भावार्थ लिखिए :**

मन ही मन में कहती बहना,
भैया रखना लाज हमारी।।
करना सदा बहन की रक्षा,
भैया तुमको समझना है।
कच्चे धागों का यह बंधन,
रक्षाबंधन कहलाता है।।

**योग्यता विस्तार:**

- नाग पंचमी त्योहार के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर कक्षा में चर्चा कीजिए।

****

©KTBS Not to be republished

## पाठ-११

# कमलादेवी चट्टोपाध्याय

**आशय : कर्नाटक में जन्मी, पली श्रीमती कमलादेवी चट्टोपाध्याय महान् स्वतंत्रता-सेनानी, समाज सुधारक एवं कला-प्रेमी हैं। इनका जीवन नारी-उद्धार तथा हस्त-कला विकास के लिए संपूर्ण रूप से समर्पित था। दीदी कमला देवी का जीवन त्याग, बलिदान तथा समाज-सेवा का प्रतीक है।**

कमलादेवी का जन्म ३ अप्रैल, १९०३ को कर्नाटक के मंगलूरु नगर में हुआ। इनकी माता का नाम था गिरिजाबाई और इनके पिता का नाम था अनंतय्या धारेश्वर। कमलादेवी की माँ प्रगतिशील दृष्टिकोण रखनेवाली थी जबकि पिता जिलाधीश होते हुए भी सरल जीवन बितानेवाले थे।



वे दिन स्वतंत्रता-आंदोलन के थे। मंगलूरु बड़ा शिक्षा-केंद्र था। वहाँ पढ़े-लिखे लोगों की तादाद भी बड़ी थी।

स्वतंत्रता-आंदोलन को फैलाने देश के विख्यात नेता मंगलूरु आया करते थे। सन् १९१६ में डॉ. अनिबिसेंट और सन् १९१७ में महात्मा गांधी ने वहाँ पधार कर स्वतंत्रता का शंखनाद किया था। बालिका कमला उन दोनों के भाषणों से बहुत प्रभावित हुई। कमलादेवी का विवाह श्री हरींद्रनाथ चट्टोपाध्याय से सन् १९१९ में हुआ। श्री हरींद्र 'भारत कोकिला' श्रीमती सरोजिनी नायडु के छोटे भाई थे। वे कवि, नाटककार, अभिनेता एवं गायक थे।

©KTBS Not to be republished

कमलादेवी बचपन से ही समाज सेवा के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया करती थीं। वे सन् १९२४ में एन. एस. हर्डिकर जी के सेवादल की सक्रिय कार्यकर्ता बनीं। वे थोड़े ही समय में सेवादल के महिला-विभाग की प्रधान सचिवा भी बनीं।

कमलादेवी दयामयी और करुणालु थीं। वे महिलाओं की दुर्दशा दूर करने के बारे में सोचा करती थीं। स्त्रियों की अशिक्षा, परावलंबन, गरीबी एवं दयनीयता उन्हें बहुत खटकती थी। बाल्य-विवाह के कारण छोटी-छोटी बच्चियाँ वैधव्य की शिकार होकर नारकीय यातना भुगतती थीं। कमलादेवी नारियों के जीवन में आशा की ज्योति जला कर उनके जीवन के अँधेरे को भगाने के लिए कटिबद्ध हुईं।

कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने बालिकाओं के लिए जगह-जगह पाठशालाएँ खोलीं। युवतियों के लिए महाविद्यालयों तथा प्रौद्योगिक महाविद्यालयों (Polytechnic Colleges) की स्थापना कीं। कमलादेवी का आशय था कि स्त्रियाँ भी पढ़-लिख कर कमाऊ होकर अपने पैरों पर आप खड़े हो जाएँ। वे चाहती थीं कि पुरुषों की तरह महिलाएँ भी चार पैसे कमा कर घर का निर्वाह करने में मददगार बनें। कमला जी स्त्रियों के स्वावलंबन पर बल देती थीं।

कमलादेवी सर्वतोमुखी विकास के कार्यों में तन-मन-धन से जुट गईं। खास कर उन्होंने बाल-विवाह का जोरदार खंडन किया। बाल-विवाह के दुष्परिणामों से स्त्रियों का परिचय कराया। उन्होंने मंगलूरु तथा उसके आसपास के प्रदेशों में महिला मज़दूर संघों की स्थापना भी की। कल-कारखानों में महिला स्वास्थ्य-केन्द्रों की स्थापना भी कीं। कमलादेवी जी ने परिवार-योजना की जरूरत महसूस करायी। वे हर कदम पर नारी के अधिकारों के लिए लड़ती रहीं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने कारावास के दौरान महिला कैदियों के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया। कमलादेवी को सारे भारत की स्त्रियाँ बड़े प्यार से 'दीदी' कहकर पुकारती थीं। अखिल भारतीय महिला संघ के द्वारा उन्होंने स्त्रियों की अनुपम सेवा की ।

©KTBS Not to be republished

कमलादेवी चट्टोपाध्याय स्वतंत्रता सेनानी थीं। वे आज़ादी के आंदोलन में कूद कर कई बार जेल भी गईं । वे सन् १९३० में नमक सत्याग्रह के दौरान जेल जानेवाली सर्वप्रथम महिला थीं। उन्हें 'भारत छोड़ो' आंदोलन में भाग लेने के कारण सन् १९४२ में पच्चीस महीने तक कैदखाने में मुसीबतें झेलनी पड़ीं। वे समाज के बीच में रहीं हों या जेल की चार दीवारों के बीच, सभी की आज़ादी या खुशहाली के लिए लड़ीं। वे मानवतावाद की सुंदर प्रतीक थीं।

श्रीमती कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने भारतीय हस्तकला के क्षेत्र में अनुपम योगदान दिया है। उन्होंने न्यूयार्क में १९६४ में संपन्न विश्व हस्त-कला अधिवेशन में सक्रिय भाग लिया। उस संस्था की उपाध्यक्षा के रूप में चुनी गईं। भारत के विविध राज्यों में ग्रामीण और आदिवासी अपने हस्त-कलाशिल्प के लिए मशहूर हैं। कमलादेवी ने इन अज्ञात कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय हस्त-कला परिषद की स्थापना की। देश के अनेक राज्यों में इस संस्था की शाखाएँ खोली गईं। उनके अथक प्रयत्न के कारण लाखों हस्त-कलाकारों का जीवन सुधर गया। भारतीय हस्त-कला की धूम सारे संसार में मच गई।

कमलादेवी को नाटकों में बड़ी रुचि थी। उनके पति हरींद्रनाथ नाटककार और कुशल अभिनेता थे। कमलादेवी ने नाटकों में अभिनय भी किया था। उन्होंने भारतीय नाट्य संघ की स्थापना की थी। उन्होंने केंद्र नाटक अकादमी की अध्यक्षा के रूप में भारतीय नाटक कला के विकास में बड़ी सेवा की।

उनकी कला-सेवा के लिए उन्हें सन् १९६६ में विश्वविख्यात रेमन मेगसेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी वर्ष उन्हें कला-सेवा के लिए ज़ेकोस्लो-वेकिया राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक भी प्राप्त हुआ। कमलादेवी चट्टोपाध्याय की प्रतिभा बहुमखी थी। शिक्षा, सहकारिता, समाज-सुधार, स्वतंत्रता-आंदोलन, कला आदि क्षेत्रों में उनकी सेवा अतुलनीय है। सन् १९७० में विश्व भारती विश्वविद्यालय ने उन्हें देशिकोत्तम (मानद डी. लिट) पदवी से विभूषित किया। भारत सरकार ने कमलादेवी की अपार सेवा को पहचान कर उन्हें 'पद्मविभूषण' पुरस्कार से अलंकृत किया।

कमलादेवी चट्टोपाध्याय भारत देश की अनुपम सेवा करके सन् १९८८ में मुंबई में चल बसीं।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थः**

प्रगतिशील दृष्टिकोण-सबकी तरक्की चाहनेवाली भावना, विख्यात - मशहूर, पधारना-आना , अभिनेता-अभिनय करनेवाला, अदाकार; दुर्दशा-बुरी हालत, परावलंबन-दूसरों पर निर्भर होना , नारकीय यातना-नरक के कष्ट याने बहुत कष्ट सहना , कटिबद्ध होना-कमर कसना, तैयार होना; कमाऊ-कमाने लायक, निर्वाह करना-सँभालना, मददगार-सहायक, स्वावलंबन-किसी पर निर्भर न होना, जुट जाना-पूरी तरह लग जाना, दुष्परिणाम-बुरा असर, खुशहाली-भलाई; हस्त-कला —हाथों से तरह-तरह की चीज़ें बनाने की कला(Handi craft); अज्ञात-अपरिचित, जिनकी जानकारी न हो; अतुलनीय-बड़ी, महान, जिसकी कोई तुलना न हो।

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्न :**

१. कमलादेवी चट्टोपाध्याय का जन्म कहाँ हुआ?

२. कमलादेवी के माता-पिता के क्या नाम हैं?

३. बालिका कमला किनके भाषणों से प्रभावित हुई?

४. कमलादेवी का विवाह किससे हुआ?

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. कमलादेवी ने बालिकाओं के लिए क्या किया?

२. कमलादेवी 'भारत छोड़ो' आंदोलन के समय जेल में कितने महीने रहीं?

३. कमला जी को रेमन मेगसेसे पुरस्कार किस के लिए दिया गया?

४. भारत सरकार ने कमलादेवी को किस पुरस्कार से सम्मानित किया?

©KTBS Not to be republished

**II. इन प्रश्नों का तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए :**

१. कमला देवी को अपने माता-पिता से कौन-से संस्कार मिले?

२. कमला देवी को किन-किन नेताओं ने प्रभावित किया? और कैसे?

३. कमला देवी को बचपन में समाजसेवा करने की प्रेरणा किससे मिली? और कैसे?

४. कमला देवी ने स्त्रियों की सेवा कैसे की?

५. कमलादेवी ने भारतीय हस्त-कला क्षेत्र में क्या-क्या सेवाएँ कीं?

६. कमला देवी को कौन-कौन-से पुरस्कार मिले हैं?

**III. इन शब्दों के विरोधार्थक रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नगर | सक्रिय | स्वतंत्रता | आशा |
| दया | आजादी | स्वावलंबन | अज्ञात |

**IV. इन मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

शंखनाद करना, नारकीय यातना भुगतना, आशा की ज्योति जलाना, अपने पैरों पर आप खड़े होना, तन-मन-धन से जुट जाना

**V. रिक्त स्थान भरिए :**

१. वे .......... की सुंदर प्रतीक थीं।

२. उनकी कला सेवा के लिए विश्वविख्यात .......... पुरस्कार मिला है।

३. श्रीमती सरोजिनी नायडू को .......... कहा जाता है।

४. कमला देवी नारियों के अंधकार भरे जीवन में .......... बन गईं।

५. उन्होंने अज्ञात कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय .......... की स्थापना की।

**VI. अन्य लिंग शब्द-लिखिए:**

| | |
|---|---|
| १. जिलाधीश - | ५. गायक - |
| २. उपाध्यक्ष - | ६. सेवक - |
| ३. अध्यक्ष - | ७. युवक - |
| ४. बालक - | |

© KTBS Not to be republished

## VII. उदाहरण के अनुसार लिखिए :

**उदाहरण :** नाटक लिखनेवाला - नाटककार

१. साहित्य की रचना करनेवाले - ______________

२. कहानी लिखनेवाला - ______________

३. नृत्य करनेवाला - ______________

४. उपन्यास लिखनेवाला - ______________

५. चित्र लिखनेवाला - ______________

## VIII. क्रिया-विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए :

१. बालिका कमला भाषणों से बहुत प्रभावित हुई।

२. कमला जी स्त्रियों के स्वावलंबन पर ज्यादा बल देती थीं।

३. कमला जी ने बाल विवाह का जोरदार खंडन किया।

४. उन्होंने स्त्रियों की अनुपम सेवा की।

५. वे आंदोलन में कूदकर कई बार जेल गयीं।

६. उन्होंने भारतीय नाटक कला के विकास में बड़ी सेवा की।

**योग्यता विस्तार :**

- कमलादेवी की तरह समाजसेवा करनेवाली अन्य महिलाओं की जानकारी हासिल कीजिए ।
- तुम समाज सेवा किस प्रकार कर सकते हो, सोचो,विचारो, लिखो।

Not to be republished ©KTBS

# पूरक वाचन
## पंच परमेश्वर

**-प्रेमचंद**

किसी गाँव में दो मित्र रहा करते थे। एक का नाम जुम्मन शेख और दूसरे का अलगू चौधरी था। जुम्मन की एक मौसी थी, जिसके पास कुछ ज़मीन थी। जुम्मन उस ज़मीन को हड़पना चाहता था। इसलिए वह मौसी को अपने पास रखे हुए था। जुम्मन अपने पास से मौसी को दाल-रोटी खिलाया करता था। मौसी को खुश रखने के लिए जुम्मन उसकी देखभाल का नाटक भी किया करता था। मौसी झाँसे में आ गई। उसने अपनी ज़मीन जुम्मन के नाम लिखवा दी।

कचहरी से ज़मीन पाने का आदेश पाते ही, जुम्मन का नाटक बंद हो गया। उसने मौसी की सेवा से मुँह मोड़ लिया। उसके घरवालों ने मौसी की देखभाल करना बंद कर दिया।

विवश होकर मौसी ने ग्राम पंचायत के दरवाज़े खटखटाए। शाम को पंचायत बैठी। पंचों ने मौसी से कहा कि अपने मामले में फ़ैसला करने के लिए वह एक सरपंच चुन ले। मौसी ने इसके लिए अलगू चौधरी का नाम सुझाया। अपने मित्र अलगू चौधरी का नाम सुनते ही जुम्मन खुश हो गया। उसने कहा - '' मुझे अलगू चौधरी का नाम मंजूर है।''

सरपंच बनने के बाद अलगू ने दोनों पक्षों की बातें सुनी। अपना फ़ैसला सुनाते हुए उसने कहा- ''मौसी की बातें ठीक हैं। जुम्मन को चाहिए कि वह मौसी के लिए महीना बाँध दे।''

फैसला सुनकर जुम्मन का दिल टूट गया। उसे अपने मित्र से ऐसी उम्मीद न थी। उस दिन से वह अलगू का पक्का दुशमन बन गया। मन ही मन उसने कहा कि मैं अलगू से इसका बदला ज़रूर लूँगा।

अलगू के पास खेत जोतने के लिए बैलों की एक जोडी थी। एक दिन जोड़ी का एक बैल मर गया। बाकी रह गए बैल को उसने तेली के हाथ बेच दिया। तेली ने कहा- ''अभी पैसे नही हैं, मैं अगले महीने पैसे चुका दूँगा।''

©KTBS Not to be republished

तेली के यहाँ बैल को खराब और कम खाना मिलता था। ऊपर से तेली बैल से काम भी बहुत ज़्यादा लेता था। बैल कमज़ोर हो गया और एक महीने के भीतर ही मर गया। तेली ने अलगू को बैल के दाम नहीं दिए। अलगू पैसे माँगते-माँगते थक गया।

अंत में अलगू ने पंचायत की शरण ली।

शाम को पंचायत बैठी। तेली को मालूम था कि अलगू जुम्मन का पक्का दुश्मन है। इसलिए तेली ने अपने मामले के लिए जुम्मन शेख को अपना सरपंच चुना। जुम्मन को अलगू से बदला लेने का मौका मिल गया। पंचायत में जुम्मन ने दोनों पक्षों की बातें सुनीं। उसने अपने मन में सोचा- ''पंच तो परमेश्वर के बराबर होता है। उसे न्याय का ही पक्ष लेना चाहिए। उसका न कोई दोस्त होता है, न दुश्मन।''

जुम्मन ने फ़ैसला सुनाते हुए कहा- ''अलगू चौधरी की बात ठीक है। तेली को चाहिए कि वह बैल के दाम चुका दे।''

जुम्मन का फ़ैसला सुनकर सब लोगों के आश्चर्य का ठिकाना न रहा। सब लोगों ने एक साथ कहा-''पंच परमेश्वर की जय!''

**प्रश्नों का उत्तर लिखिए :**

१. मौसी की ज़मीन हड़पने के लिए जुम्मन क्या करता था ?

२. जुम्मन और अलगू के बीच की दुशमनी का कारण बताइए।

३. अलगू तथा तेली के बीच के सौदे के बारे में लिखिए।

४. तेली का बैल क्यों मर गया?

५. तेली ने जुम्मन को अपना सरपंच क्यों चुना?

६. जुम्मन का फ़ैसला क्या था?

७. फ़ैसला सुनकर सब लोगों ने क्या कहा?

****

Not to be republished ©KTBS

# पाठ- १२

## बाल-मज़दूरी:राष्ट्रीय कलंक

-संकलित

**आशय : बच्चे समाज की संपत्ति है। आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। बच्चों की खुशहाली में ही देश का भविष्य निर्भर होता है। इन्हें आवश्यक शिक्षा प्रदान करके देश को मज़बूत बनाना है। इसके लिए बाल-मज़दूरी को खतम करना है। प्रस्तुत पाठ में इस समस्या पर प्रकाश डाला गया है। कई खतरे भरे स्थानों में बाल-मज़दूर काम करते हैं। बाल-मज़दूरी राष्ट्रीय कलंक मानी जाती है। बाल-मज़दूरी देश के लिए एक अभिशाप है।**

मासूम, कोमल बच्चे हँसते-खेलते हुए ही अच्छे लगते हैं। जीवन की प्रत्येक चिंता से मुक्त मुस्कुराता हुआ बचपन जीवन की अनमोल धरोहर है। यह बचपन जीवनपर्यंत स्मृति में रहता है। न जीवनयापन का बोझ, न ही कर्तव्य-पालन की चिंता, केवल हँसना-खेलना और जीवन जीने की कला को सीखने का प्रयास करना, यही होता है बचपन। परंतु कुछ मासूम चेहरों का दुर्भाग्य उनके कोमल कंधों पर जिम्मेदारी का भारी बोझ डाल देता है और इस प्रकार जन्म लेती है बाल-मज़दूरी। हमारे विशाल भारत में प्रत्येक नगर-महानगर में, गाँव-कस्बे में मासूम बचपन मज़दूरी करते हुए देखा जा सकता है। यद्यपि सरकार ने बाल-मज़दूरी पर प्रतिबंध लगाया है, परंतु जनसंख्या-वृद्धि और गरीबी बाल-मज़दूरी को रोकने में बाधक बनी हुई हैं।

बच्चों को देश का भविष्य कहा जाता है। हँसते-खेलते हुए बच्चे, शिक्षा ग्रहण करते हुए योग्य नागरिक बनने की दिशा में जब आगे बढ़ेंगे, तभी देश का भविष्य उज्ज्वल हो सकेगा। परंतु जिस देश में बचपना मिल-कारखानों में, खेत-खलिहानों में, ढाबों-चाय की दुकानों में पिसता-सिसकता रहेगा, उस देश का भविष्य कैसा होगा-अशिक्षित और बीमार। वास्तव में बाल-मज़दूरी किसी

©KTBS Not to be republished

भी राष्ट्र के लिए कलंक के समान है। जिन बच्चों को माता-पिता का प्यार-दुलार मिलना चाहिए, उन्हें मिल-मालिकों, होटल-मालिकों की गालियाँ सुननी पड़ती है। जिस आयु में शिक्षा ग्रहण करके योग्यता अर्जित करनी चाहिए, उस आयु में प्रदूषित कारखानों में बीमारियों से लड़ना पड़ता है। वास्तव में बाल-मज़दूरों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। बीड़ी, दीयासलाई, आतिशबाजी आदि के कारखानों में सस्ती दर पर उपलब्ध होने के कारण बाल-मज़दूरों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है। इन कारखानों में बाल-मज़दूरों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनके लिए चिकित्सा की भी समुचित व्यवस्था नहीं होती। अपनी जान जोखिम में डालकर मासूम बच्चे मिल-कारखानों में काम करते हैं।

स्पष्टतया बाल-मज़दूरी का प्रमुख कारण गरीबी है। घर पर भुखमरी के शिकार बच्चे ही ज्यादातर मज़दूरी करने पर विवश होते हैं। गरीब परिवारों में एक व्यक्ति की आय से परिवार का भरण-पोषण संभव नहीं होता। अज्ञान और अशिक्षा के कारण परिवार में सदस्यों की संख्या बढ़ती रहती है। अतः सभी के भरण-पोषण के लिए होश संभालते ही परिवार के बच्चों को मेहनत-मज़दूरी करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। घर से भागे हुए बच्चों को भी पेट की भूख शांत करने के लिए मज़दूरी करने पर विवश होना पड़ता है। इन बच्चों की विवशताओं का लाभ मिल-मालिक, ढाबा-मालिक उठाते हैं। वे बच्चों से दिन-रात काम लेते हैं और मेहनताना नाम मात्र को देते हैं। कोठी-बंगलों में काम करनेवाले घरेलू नौकरों की स्थिति भी गुलामों से कम नहीं है। घरेलू बाल-मज़दूरों को देर रात तक काम करना पड़ता है और मालिकों की गालियाँ भी सुननी पड़ती है। अनेक बाल-मज़दूरों को मालिकों द्वारा बेरहमी से पीटने की भी घटनाएँ सुनने-पढ़ने में आई हैं।

बाल-मज़दूरी दंडनीय अपराध होने पर भी मज़दूरी के लिए बच्चों का निरंतर शोषण किया जा रहा है। वास्तव में केवल कानून बनाने से गरीब बच्चों

©KTBS Not to be republished

के जीवन में विशेष सुधार होना सम्भव नहीं हैं। गरीब परिवारों के पेट की भूख बच्चों को मज़दूरी के लिए विवश करती है। इस समस्या के निवारण के लिए सरकार को गरीब बच्चों के लालन-पालन और शिक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी। समाज के संपन्न नागरिकों को भी गरीब बच्चों की सहायता के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए। देश का भविष्य माने जानेवाले बच्चों के विकास के लिए समाज में जागरूकता की आवश्यकता है। बच्चों का शोषण करनेवाले मिल-मालिकों, होटल-मालिकों आदि को भी विचार करने की आवश्यकता है कि अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए वे मासूम बच्चों पर अत्याचार करके पाप के भागी बन रहे हैं।

निस्संदेह किसी भी देश के बच्चे उसके भविष्य हैं। यह भी आवश्यक नहीं है कि प्रतिभा पर केवल धनवान परिवार के बच्चों का अधिकार हो। प्रतिभा गरीब बच्चों में भी होती है। अतः प्रत्येक वर्ग के बच्चों को स्वस्थ, शिक्षित और योग्य होना आवश्यक है, तभी देश का भविष्य उज्जल हो सकता है। देश के उज्जल भविष्य के लिए हमें बाल-मज़दूरी के कलंक को मिटाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए।

**शब्दार्थः**

मुक्त-स्वतंत्र, खुला; मासूम - अबोध, अनमोल - कीमती, धरोहर - विरासत, स्मृति - याद, बचपना - लड़कपन, प्रतिबंध - रुकावट, प्रतिरोध; बाधक-रुकावट, अड़चन; उज्ज्वल-प्रकाशमान, कलंक-दाग, धब्बा; अर्जित करना-कमाना; प्रदूषित-कलुषित, गंदा; आतिशबाजी-कई रंगीन पटाखे, प्राथमिकता - प्रधानता, चिकित्सा-इलाज, उपचार; व्यवस्था - प्रबंध, जोखिम - खतरा, संकट; विवश - लाचार, मेहनताना - मजूरी, वेतन; बेरहमी - निर्दयता, दंडनीय-सज़ा के योग्य, निरंतर-सदा, हमेशा; संपन्न - अमीर, धनी; यथासंभव - जितना हो सके , युद्धस्तर - बड़े पैमाने पर, जोरों से।

©KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. मासूम कोमल बच्चे कैसे अच्छे लगते हैं?

२. कुछ बच्चों का दुर्भाग्य कैसा होता है?

३. बाल-मज़दूरों को कहाँ-कहाँ देख सकते हैं?

४. बाल-मज़दूरी का प्रमुख कारण क्या है?

५. बाल-मज़दूरी के समस्या-निवारण के लिए सरकार को क्या करना है?

६. देश का भविष्य कब उज्ज्वल हो सकता है?

**II. इन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. बचपन के लक्षण क्या हैं?

२. बाल-मज़दूरों की स्थिति कैसी होती है?

३. बाल-मज़दूरी दूर करने के उपाय क्या हैं?

४. देश का भविष्य उज्ज्वल होने के लिए बच्चों की स्थिति कैसी होनी है?

**III. वाक्य बनाइए :**

**उदा :** खेत-खलिहान

किसान खेत-खलिहान में ही ज़्यादा समय बिताते हैं।

१. हँसते-खेलते : ..........................................

२. अनमोल धरोहर : ..........................................

३. जीने की कला : ..........................................

४. उज्ज्वल होना : ..........................................

५. योग्यता अर्जित करना : ..........................................

६. प्राथमिकता देना : ..........................................

७. विवश होना : ..........................................

८. शोषण करना : ..........................................

©KTBS Not to be republished

**IV. पाठ में से चुनकर दस शब्द-युग्मों की सूची बनाइए :**

जैसे: हँसते-खेलते

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. नगर | - | ____________ | ६. माता | - | ____________ |
| २. गाँव | - | ____________ | ७. प्यार | - | ____________ |
| ३. मिल | - | ____________ | ८. भरण | - | ____________ |
| ४. खेत | - | ____________ | ९. लालन | - | ____________ |
| ५. पिसता | - | ____________ | १०. मेहनत | - | ____________ |

**V. अन्य वचन रूप लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. चिंता | - | ____________ | ६. व्यवस्था | - | ____________ |
| २. चेहरा | - | ____________ | ७. परिवार | - | ____________ |
| ३. कस्बा | - | ____________ | ८. नौकर | - | ____________ |
| ४. गाली | - | ____________ | ९. गुलाम | - | ____________ |
| ५. बीमारी | - | ____________ | १०. समस्या | - | ____________ |

**VI. जनसंख्या वृद्धि बाल-मज़दूरी को रोकने में बाधक बनी हुई है। इसी प्रकार जनसंख्या वृद्धि से होनेवाली अन्य पाँच समस्याएँ लिखिए:**

१. ________________________________________

२. ________________________________________

३. ________________________________________

४. ________________________________________

५. ________________________________________

©KTBS Not to be republished

**VII. संधि-विच्छेद करके संधि का नाम लिखिए:**

1. प्रत्येक - प्रति+एक यण् संधि
2. यद्यपि - ________ ________
3. अत्याचार - ________ ________
4. पावन - ________ ________
5. पवन - ________ ________

**योग्यता विस्तार:**

- 'मद्यपान के दुष्परिणाम' इस विषय पर एक छोटा-सा निबंध लिखिए।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ -१३

## हम होंगे कामयाब

-गिरिजाकुमार माथुर

**आशयः जीवन जीने के लिए है। जीवन-यात्रा में कदम-कदम पर हमें मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। तब हमें उनसे नहीं डरना चाहिए। हमें विश्वास और हिम्मत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। तब हम ज़रूर विजयी होंगे।**

होंगे कामयाब
हम होंगे कामयाब ....... एक दिन
मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब ....... एक दिन ।।

होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर
होगी शांति चारों ओर....... एक दिन
मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब....... एक दिन ।।

नहीं डर किसी का आज
नहीं भय किसी का आज
नहीं डर किसी का ....... आज के दिन
मन में है विश्वास
पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब ....... एक दिन ।।

©KTBS Not to be republished

**कवि परिचयः**

**श्री गिरिजाकुमार माथुर (१९१९ -१९९४)** प्रयोगवादी कवि के रूप में हिंदी काव्य-जगत में आए। लेकिन वे सरल, स्पष्ट और सहज रीति से मानव के सुख-दुःख को प्रकट करनेवाले कवि के रूप में प्रसिद्ध हुए । उनके काव्य - संकलनों में 'नाश और निर्माण', 'धूप के धान', 'शिला-पंख चमकीले' तथा 'वक्त के सामने खड़ा हुआ हूँ मैं' सुप्रसिद्ध हैं। इनकी कविता में जीवन के प्रति आस्था और विश्वास की सुंदर अभिव्यक्ति पाई जाती है।

**शब्दार्थः**

कामयाब - सफल, विजयी ।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :**

१. एक दिन हम क्या होंगे?
२. मन में क्या है?
३. चारों ओर क्या होगी?
४. आज हमें क्या नहीं है?

**II. इस कविता का सारांश पाँच-छः वाक्यों में लिखिए ।**

**III. विलोम शब्द लिखिए :**

कामयाब, विश्वास, शांति, पूरा, भय

**IV. परीक्षा में कामयाबी हासिल करने के लिए आप क्या-क्या करेंगे?**

©KTBS Not to be republished

**V. चारों ओर शांति की स्थापना के लिए अनेकता में एकता की आवश्यकता है। आप कोई ऐसे पाँच विषय लिखिए जिनमें आपको अनेकता दिखाई देती हो:**

**उदा:** आहार-विहार में अनेकता है।

१. आचार - ______________________

२.

३.

४.

५.

**VI. आपको कई बार कई विचारों पर डर लगता है। लेकिन आप उस डर को दूर करने की कोशिश करते होंगे। अब आप कोई ऐसी पाँच बातें लिखिए जिनसे अपको डर लगता हो और किस प्रकार आप उसे दूर करने की कोशीश करते हों:**

**जैसे :** परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने का डर लगता है।

दिन-रात पढ़ाई करके उस डर को दूर करने की कोशिश करता/करती हूँ।

१. ____________________________________________

२. ____________________________________________

३. ____________________________________________

४. ____________________________________________

५. ____________________________________________

**योग्यता विस्तार:**

- जीवन के प्रति आस्था और विश्वास भरनेवाली अपनी मातृभाषा की कोई कविता पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।

****

Not to be republished ©KTBS

# पाठ- १४

# कौन जीता? कौन हारा?

**छत्तीसगढ़ की लोककथा**

**आशय : स्त्री और पुरुष जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। दोनों का समान गति से चलने पर ही जीवन सुखमय हो पाता है। दोनों के बीच समरसता होनी चाहिए। आदमी और औरत में न कोई बड़ा है और न कोई छोटा। एक गोंड और गोंडिन के बीच में बुद्धि की परीक्षा होती है तो दोनों चतुर निकले। दोनों के बीच स्नेह-भाव पैदा हुआ और दोनों विवाह के सूत्र में बँध गए। जीवन में समझौता और समरसता की आवश्यकता पर बल देती है-यह लोककथा।**

छत्तीसगढ़ में गोंड जाति बहुत चतुर मानी जाती है, तो उस चतुराई का एक उदाहरण इस कहानी में प्रस्तुत है।

किसी गाँव में एक अत्यंत चतुर गोंडिन अकेली ही रहती थी। परिवार का कोई भी सदस्य उसके साथ नहीं था। निर्भीक होने के साथ-साथ वह स्वावलंबी भी थी। अभी तक उसका विवाह नहीं हुआ था। विवाह के अनेक प्रस्ताव उसके पास आते थे, किंतु उसका यह निश्चय था कि वह प्रस्ताव स्वीकारने के पूर्व सबकी परीक्षा लेगी । जो भी व्यक्ति उस परीक्षा में खरा उतरेगा अथवा यों कहें कि जो व्यक्ति उसे हरा देगा, तब गोंडिन आए हुए विवाह-प्रस्ताव पर हामी भर देगी। कुतूहल होता है आखिर गोंडिन की परीक्षा थी किस प्रकार की । वह व्यक्ति के सब्र या धैर्य तथा विवाह-प्रस्ताव के प्रति सच्चाई को परखती थी। यही उसकी परीक्षा थी जिसमें अनेक गोंड असफल हो चुके थे। किंतु एक गोंड इस निश्चय से गोंडिन के घर आया कि वह गोंडिन को हरा कर उससे विवाह करके ही अपने घर वापस लौटेगा। दृढ़ निश्चय के समक्ष सभी कठिनाइयाँ दूर हो जाती हैं।

एक दिन गोंडिन ने देखा कि उसका स्वजातीय घर आया। उसके आगमन का अभिप्राय गोंडिन समझ गई और उसने कहा - ''तुम मेरे मेहमान हो, तुम्हारा आतिथ्य करना मेरा धर्म है। पर मैं तो गरीब हूँ मेरे पास कुछ अन्न नहीं। मैं गाँव में किसीके यहाँ से चावल-दाल, आटा माँगकर लाती हूँ ताकि तुम्हें भोजन दे सकूँ। तुम यहीं बैठो, मैं अभी लौट आती हूँ।'' यह कह कर वह चली गई और बहुत शाम होने पर वह घर लौटी, तो उसके विस्मय का ठिकाना न रहा। उसने पाया कि वह अतिथि वहीं विराजमान था। उसे ऐसी उम्मीद न थी क्योंकि कितनी ही बार उसने आए हुए मेहमानों के साथ ऐसा किया था पर कोई भी उसके लौटने तक

नहीं रुका था। इसलिए उसका विस्मित होना स्वाभाविक ही था। पर इधर अतिथि भी दृढ़ था। किंतु गोंडिन इतनी चतुर थी कि उसने कहा कि गाँव के किसी घर से उसे अन्न प्राप्त नहीं हुआ और अब वह आए हुए गोंड को क्या खिलाए।

इतना सुनना था कि गोंड ने अपना नाटक शुरू किया। अचानक वह डर के मारे थर-थर काँपने लगा। गोंडिन को आभास हुआ  कि शायद यह ज्वरग्रस्त है पर पूछने पर गोंड ने इसका कारण यों प्रतीकात्मक ढंग से बतलाया, ''इस घर में दो बड़े-बड़े साँप हैं जिनकी लंबाई गन्ने के बराबर है, उन साँपों के दाँत उतने ही श्वेत हैं जितने तुम्हारे घर में काली मटकी में रखे चावल हैं। उनकी आँखें वैसी ही चमक रही थीं जैसे तुम्हारे घर मटकी में मसूर की दाल है।'' इतना कह कर गोंड अपनी सूझ-बूझ को मन ही मन सराहते हुए मुस्कुराया।

गोंडिन तुरंत समझ गई कि इसने घर का सब कुछ देख लिया है, उसे खीझ तो बहुत आयी पर खीझ को हँसी के आवरण में ढाँकते हुए उसने यह बात उसे जता दी कि तुम तो बहुत ही होशियार निकले जो सब देख लिया। यह कह उसने अतिथि को गन्ना चूसने को दिया और खाना बनाने में लग गई। जब भोजन पक चुका तो वह तालाब से पीने का पानी लेने चली। इस बीच गोंड ने  ताका -झाँकी कर घी का भी पता लगा लिया। गोंडिन लौट कर आयी, उसने थाली लगाई। गोंड ने देखा दाल में घी नहीं पड़ा है, उसने घी माँगा फिर गोंडिन ने घी न होने का सफेद झूठ कहा, तो गोंड, जो इस बीच में जमे हुए घी को आग में चढ़ा कर पिघला चुका था, बोला कि ऐसा करो कि घी की वह मटकी जो टोकनी से ढकी है उसे मेरी थाली में उलट दो। मैं आँख मूँद लेता हूँ, ताकि मेरे मन को संतोष हो जाए कि दाल में घी पड़ा है। गोंडिन ने वैसा ही किया पर वह क्या जानती थी कि गोंड उससे भी अधिक चतुर निकलेगा, उसने देखा घी एकदम से उसकी थाली पर गिरा। अपनी असफलता पर उसे अत्यधिक खीझ आयी, पर वह विवश थी और दूसरी ओर इस खीझ तथा हार का आनंद गोंड ने लिया।

अब गोंडिन ने देखा कि इस गोंड से चतुराई में पार आना कठिन है तो उसने कहा कि - ''हे संबंधी, हमारे यहाँ एक परंपरा है कि जब भी कोई संबंधी आता है हम उसके साथ एक ही थाली में भोजन करते हैं। गोंड ने प्रसन्नता से स्वीकृति दे दी। दोनों खाने बैठे। गोंडिन ने देखा सब घी गोंड की तरफ की दाल में है, तो वह बोलती है, ''एक पड़ोसी की कहानी तो सुनो-दो भाई थे, दोनों में आपसी झगड़े और मत-भेद थे । अतः पंचों की राय से उनकी संपत्ति का बँटवारा हो गया और घर के आँगन के बीचोंबीच उन्होंने दीवाल खड़ी कर ली। ऐसा कहते हुए प्रत्यक्ष में दाल के बीच भात की दीवाल खड़ी कर दी ताकि सब घी उधर न जाए।''

©KTBS Not to be republished

पर गोंड की भी तात्कालिक बुद्धि कम न थी, उसने कहा दीवाल उठाने से तो उनकी गुज़र न होती होगी, आखिर दोनों भाई थे, तो उन लोगों ने उस दीवाल के बीच में एक दरवाजा बनाया होगा । ऐसा कह कर उसने परोसे हुए भात (चावल) की भीत को फोड़ दिया ताकि घी उसकी तरफ आ जाए।

तो हर तरह की कोशिशों के बावजूद भी गोंडिन जीत न सकी, अतः उसने इसी गोंड़ से विवाह करने का निश्चय किया और अपना अभिप्राय सुना दिया। गोंड़ भी प्रसन्न हुआ। दोनों ने एक दूसरे को एक-एक कौर खिलाया और दूसरे दिन उनका विवाह सम्पन्न हुआ।

**शब्दार्थः**

प्रस्ताव- विचारार्थ रखी हुई बात, सब्र-धैर्य, सहनशीलता; मेहमान-अतिथि, उम्मीद-विश्वास, स्वभाविक-सहज, आभास-महसूस, अनुभूति; प्रतीकात्मक-संकेतात्मक, खीझ-गुस्सा, ताका-झाँकी-ध्यान से देखना, टोकनी-छोटा टोकरा, टोकरा-बड़ी टोकरी बिना ढक्कन की, विवश-लाचार, निस्सहाय; अतः-इसलिए, भीत-दीवार, दीवाल।

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिएः**

१. गोंड जाति किसके लिए प्रसिद्ध है?

२. गोंडिन का कैसा स्वभाव था?

३. गोंडिन की विवाह-परीक्षा का मुद्दा कौन-सा था ?

४. गोंडिन बाहर क्यों निकल गई?

५. गोंडिन के घर लौटने पर गोंड ने क्या नाटक रचा?

६. क्या गोंडिन के घर में सचमुच साँप थे?

७. गोंड और गोंडिन की होड़ में कौन हारा? कौन जीता?

**II. चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिएः**

१. गोंडिन विवाह के पहले वर की परीक्षा क्यों लेना चाहती थी?

२. वर परीक्षा कैसे होती थी?

३. गोंड ने गोंडिन के बाहर जाने पर क्या किया?

©KTBS Not to be republished

४. गोंड की चतुराई देखकर गोंडिन ने कैसी चाल चली?
५. जीवन-निर्वाह के लिए स्त्री-पुरुष में कौन-कौन से गुणों की आवश्यकता है?

**III. रिक्त स्थान भरिए:**

१. छत्तीसगढ़ की गोंड जाति बहुत ________ मानी जाती है।
२. गोंडिन ________ रहती थी।
३. उसकी परीक्षा में अनेक गोंड ________ हो चुके थे।
४. उसके विस्मय का ________ न रहा।
५. गोंडिन को आभास हुआ कि शायद वह ________ है।
६. दूसरे दिन उन दोनों का ________ संपन्न हुआ।

**IV. अन्य लिंग रूप लिखिए:**

**'गोंड-गोंडिन'-यहाँ 'इन' प्रत्यय को जोड़कर पुल्लिंग शब्द को स्त्रीलिंग रूप में बदला गया है। इसी प्रकार के अन्य पाँच पुल्लिंग शब्द उनके स्त्रीलिंग रूप के साथ लिखिए:**

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| उदा: | गोंड | गोंडिन |
| १. | | |
| २. | | |
| ३. | | |
| ४. | | |
| ५. | | |

**V. ऐसे कोई पाँच संदर्भ लिखिए, जब बहुत सब्र या धैर्य रखना पड़ता है:**
**जैसे: परीक्षा परिणाम निकलने के दिन सब्र रखना है।**

१.
२.
३.

© KTBS Not to be republished

४.

५.

**VI. सबके घरों में कोई न कोई मेहमान आते रहते हैं। आपके घर में जब मेहमान आते हैं तब आप और आपके परिवारवाले उनका सत्कार कैसे करते हैं? कोई चार विधाएँ लिखिए:**

**जैसे: उनको हाथ-पैर धोने के लिए पानी देते हैं।**

१.

२.

३.

४.

**VII. यहाँ प्रतीकात्मक दो लोकोक्तियाँ हैं। इनकी पुष्टी में दो छोटी-छोटी घटनाएँ लिखिए:**

१. कुत्ते की पूँछ टेढ़ी।

२. अधजल गगरी छलकत जाय।

**VIII. गद्यांश में विराम चिह्नों को पहचानकर उनकी विधा बताइए:**

**गोंडिन ने कहा - ''तुम मेरे मेहमान (अतिथि) हो, तुम्हारा आतिथ्य करना मेरा धर्म है। पर मैं तो गरीब हूँ, मेरे पास कुछ अन्न नहीं। मैं गाँव में किसीके यहाँ से चावल-दाल, आटा माँगकर लाती हूँ ताकि तुम्हें भोजन दे सकूँ।''**

**योग्यता विस्तार:**

- 'दृढ़ निश्चय के सामने सभी कठिनाइयाँ भाग जाती हैं ' इस बात की पुष्टी के लिए मित्रों से चर्चा कीजिए तथा जीवन के प्रमुख विषयों में दृढ़ निश्चय लेने का निर्णय लीजिए।
- कभी-कभी जीवन में हारनेवाला जीत जाता है- इसके बारे में विचार कीजिए।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १५

# बीदर की यात्रा

-संकलित

**आशयः यात्रा करने से मनोरंजन होता ही है, साथ में मनोविकास भी। पुस्तकीय ज्ञान हमें जानकारी देता है, लेकिन किसी किले, मंदिर-मसजिद अथवा बाग-बगीचों को खुद देखने से वह दृश्य हमारे दिल में बस जाता है। कर्नाटक का एक ऐतिहासिक नगर है-बीदर। इस लेख में बीदर जिले के कई ऐतिहासिक स्थलों की झाँकी प्रस्तुत की गई है जो पाठक के मन को आह्लाद पहुँचाती है, साथ में उसका विकास भी कराती है।**

**'देश नोडबेकु, कोश ओदबेकु'**- देश देखना चाहिए, शब्दकोश पढ़ना चाहिए। कन्नड की यह कहावत ज्ञान की कुंजी है। देश के कई प्रदेशों में घूम-घूमकर आनंद लेना है। शब्द-कोश पढ़ कर अपने ज्ञान की वृद्धि करनी है। सममुच देश का भ्रमण करना कई दृष्टियों से लाभदायक है।

देशाटन करने से हमें कई लाभ होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न प्रांतों की भौगोलिक परिस्थिति, वहाँ के लोगों के आचार-विचार, वेष-भूषा, भाषा-संस्कृति का परिचय प्राप्त होता है। हम वहाँ के प्रमुख स्थलों की गरिमा, मंदिर-मसजिद की शिल्प तथा वास्तु-कला का सौंदर्य जान सकते हैं। पुस्तकीय ज्ञान अधूरा होता है जब कि यात्रा हमारे मन में अमिट छाप छोड़ जाती है। इतना ही नहीं, यात्रा के दौरान हमें कई समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। यात्रा के अनुभव हमें सुदृढ़, साहसी और सहिष्णु बनाते हैं ।

कर्नाटक राज्य का बीदर जिला इतिहास प्रसिद्ध प्रदेश है। इस जिले के किले, मंदिर-मसजिद ऐतिहासिक गरिमा से संपन्न हैं।

बीदर जिले के पूरब में आंध्रप्रदेश है तो पश्चिम में महाराष्ट्र है। यह जिला दो राज्यों के बीच में स्थित है। अतः यहाँ के निवासियों के रहन-सहन, रीति-रिवाज़ तथा भाषा-संस्कृति पर इन दो प्रदेशों का प्रभाव देखा जा सकता है। यह प्रदेश बहमनी बादशाहों के अधीन में रहने के कारण यहाँ के लोगों पर मुसलमान-संस्कृति की छाप भी पाई जाती है।

यहाँ का किला मजबूत और सुंदर है। इस किले की विशेषता उल्लेखनीय है। इस किले में रंगीनमहल, चिनी महल, तरकश महल तथा गगन महल हैं। ये राजमहल बहुत ही विशाल, हवादार तथा खूबसूरत हैं। इन महलों की दीवारों,

©KTBS Not to be republished

छतों की सुंदरता देखने लायक है। वैसे तो यह किला आठवीं सदी में बना था। परंतु बीदर के सुलतान अहमद शाह बहमनी ने ई. १४२६-१४३२ के बीच इस किले की मरम्मत करा कर, नये महलों को बना कर इस किले में चार-चाँद लगाये थे।











यहाँ की 'सोलह खंभा मसजिद' की शोभा निराली है। यह निर्माण हमें रोम के सुंदर भवनों की याद दिलाता है। यहाँ की 'जामा मसजिद' भी दर्शनीय है। यह बहुत बड़ी है। इसका प्रार्थनास्थल बहुत बड़ा है। इसका गुंबज भी बड़ा है। यह मसजिद हमें स्पेइन देश के काईनोवा की मसजिद का स्मरण कराती है।

बीदर का 'गवान मदरसा' तिमंजिला भवन है। इसके मीनार ऊँचे तथा सुंदर हैं। यहाँ इस्लाम धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जाती थी। आज भी यह एक मशहूर शिक्षा-केंद्र रहा है।

बीदर के शिवनगर में पापनाश ईश्वर का मंदिर है। स्थल-पुराण के अनुसार भगवान श्रीराम ने यहाँ शिवलिंग की स्थापना की थी। यहाँ का शिवलिंग देखने दूर-दूर से भक्त नित्य आते रहते हैं।

'नरसिंह झरना' बीदर के दर्शनीय स्थानों में प्रमुख है। यहाँ ढाई फर्लांग लंबा सुरंग है जिसके अंदर सदा छाती तक पानी लबालब भरा रहता है। सुरंग के अंत में भगवान नरसिंह की मनोहर मूर्ति है। इस गुहालय की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है।

©KTBS Not to be republished

'गुरुनानक झीरा' बीदर का एक विशिष्ट स्थान है। कहा जाता है कि सिक्ख धर्म के आदिगुरु गुरुनानक तीर्थ यात्रा करते-करते यहाँ पधारे थे। उन्होंने शिष्यों की प्यास बुझाने के लिए अपनी लाठी से एक टीले को छू लिया। तब वहाँ से पानी का झरना फूट पड़ा। इस झरने का पानी बहुत ही निर्मल और स्वादिष्ट होता है । यह सिक्खों का पवित्र एवं पूजनीय स्थान है।

बीदर जिले का 'बसव कल्याण' बहुत प्रख्यात है। यह एक पावन स्थल है। यहाँ बसवेश्वर का मंदिर है। सुप्रसिद्ध अनुभव मंटप यहीं पर है। इस ऐ-तिहासिक मंडप में अल्लमप्रभु, बसवण्णा, चेन्नबसवण्णा, अक्कमहादेवी आदि शरण और शरणी धार्मिक चर्चाएँ किया करते थे।

बीदर जिले का एक और ऐतिहासिक एवं धार्मिक क्षेत्र है - माणिक नगर। यह हुमनाबाद  से दो किलोमीटर की दूरी पर है। यहाँ 'सकल मताचार्य' माणिक प्रभु जी का मंदिर है। ये संत महात्मा अठारहवीं सदी के प्रसिद्ध साधु थे। जात-पाँत का भेद-भाव न माननेवाले माणिक प्रभु जी एक सिद्ध पुरुष थे। देश के कोने-कोने से हजारों  भक्त आकर माणिक प्रभु जी के मंदिर में प्रभु की मूर्ति के चरण-कमलों में फूल चढ़ाते हैं।

कर्नाटक का बीदर कई ऐतिहासिक, पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों का निलय है। इस प्रदेश के दर्शनीय स्थलों की यात्रा करना. एक मधुर और अविस्मरणीय अनुभव है। तो बच्चो, आप इस जिले की यात्रा पर क्यों नहीं निकल पड़ते? हाँ, एक शेर जरूर याद रखना, ''सैर कर दुनिया की गाफिल, जिंदगानी फिर कहाँ ? ज़िंदगी गर रही है तो नौजवानी फिर कहाँ?'' (हे सोनेवालो! यह जीवन छोटा है। इसलिए सैर-सपाटे पर निकल कर देश का भ्रमण करो। तुम्हें यह जीवन मिला है और नौजवानी का पूरा फ़ायदा उठाओ।)

**शब्दार्थः**

शब्दकोश -Dictionary, डिक्शनरी; भ्रमण - यात्रा, गरिमा-बड़प्पन, महानता; अमिट-न मिटनेवाला, शाश्वत; सुदृढ़ - ताकतवर, मजबूत; सहिष्णु - कष्ट सहनेवाला, मदरसा -पाठशाला, स्थल-पुराण—किसी प्रदेश के बारे में लिखी - कही गई कहानियाँ, मनोहर -सुंदर, प्रख्यात -मशहूर, शरण-शरणी -शिव के भक्त, अविस्मरणीय -कभी भी न भूलनेवाला, शेर-उर्दू की दो पंक्तियोंवाला पद्य, गाफिल -बेसुध, अनजाना

© KTBS Not to be republished

## अभ्यास

**मौखिक प्रश्नः**

१. 'देश नोडबेकु, कोश ओदबेकु' - इस कन्नड कहावत का क्या अर्थ है?
२. क्या पुस्तकों का ज्ञान पूरा होता है?
३. यात्रा हमें कौन-सा अनुभव देती है?
४. बीदर किन-किन राज्यों की सरहद पर स्थित है ?
५. बीदर किले के भीतर कौन-कौन-से महल हैं?

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. सोलह खंभा मसज़िद किसकी याद दिलाती है?
२. गवान मदरसे में कितनी मंजिलें हैं?
३. शिवनगर में शिवलिंग की स्थापना किसने की थी?
४. नरसिंह झरने का सुरंग कितना लंबा है?
५. गुरुनानक झीरे का पानी कैसा है?
६. अनुभव मंटप की क्या विशेषता है?
७. माणिक प्रभु जी किस नाम से मशहूर हैं?

**II. इन प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

१. देशाटन करने के क्या-क्या प्रयोजन हैं?
२. बीदर किले का वर्णन कीजिए ।
३. सोलह खंभा मसजिद की क्या विशेषता है?
४. नरसिंह झरने का परिचय दीजिए ।
५. नानक झीरा के बारे में लिखिए ।
६. बसव कल्याण किस कारण से प्रख्यात हैं ?
७. आप माणिक नगर के बारे में क्या जानते हैं?

**III. इन मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

अमिट प्रभाव छोड़ना, लबालब भर जाना,
चार-चाँद लगाना ।

Not to be republished ©KTBS

**IV. सही शब्दों को जोड़िए :**

| | अ | | आ |
|---|---|---|---|
| १. | पुस्तकीय ज्ञान | अ) | तिमंजिला भवन |
| २. | गवान मदरसा | आ) | चर्चा का केंद्र |
| ३. | अनुभव मंटप | इ) | सकल मताचार्य |
| ४. | माणिक प्रभु जी | ई) | अधूरा होता है। |

**V. इन शब्दों के विरुद्धार्थक रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १. | लाभ | २. | प्रमुख |
| ३. | सुंदर | ४. | बनाना |
| ५. | ऊँचे | ६. | शिक्षा |
| ७. | प्रख्यात | ८. | दूर |
| ९. | लंबा | | |

**VI. अन्य वचन शब्द लिखिए:**

| | |
|---|---|
| १. शिल्प - | ६. यात्रा - |
| २. लाभ - | ७. भाषा - |
| ३. ज्ञान - | ८. विशेषता - |
| ४. अनुभव - | ९. चर्चा - |
| ५. प्रदेश - | |

**VII. ऐतिहासिक गरिमा से संपन्न चित्रदुर्गा किले के बारे में एक छोटा-सा निबंध लिखिए।**

**योग्यता विस्तार :**

- कर्नाटक के किसी एक जिले के संबंध में जानकारी प्राप्त कीजिए।

****

©KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

## समास

**'समास'** वह शब्द-रचना है जिसमें अर्थ की दृष्टि से आपस में स्वतंत्र संबंध रखनेवाले दो या दो से अधिक शब्द मिलकर किसी अन्य स्वतंत्र शब्द की रचना करते हैं। समास रचना में दो शब्द (पद) होते हैं। पहला पद पूर्वपद कहलाता है और दूसरा पद उत्तर पद कहलाता है। इन दोंनों के मेल से बना शब्द समास-पद कहलाता है। जैसे -

राजा का कुमार = राजकुमार

राम और लक्ष्मण = राम-लक्ष्मण

**समास - विग्रह :** जब समास-पद के सभी पद अलग-अलग किए जाते हैं तब उस प्रक्रिया को समास - विग्रह कहते हैं। जैसे 'सियाराम' समास-पद है। इसका विग्रह होगा 'सिया और राम।'

**समास के भेदः**

**समास के निम्नलिखित छः प्रमुख भेद हैं-**

१. तत्पुरुष समास

२. कर्मधारय समास

३. द्वंद्व समास

४. द्विगु समास

५. बहुव्रीहि समास

६. अव्ययीभाव समास

©KTBS Not to be republished

१. **तत्पुरुष समासः** जहाँ पूर्वपद गौण हो और उत्तरपद प्रधान हो, वहाँ तत्पुरुष समास होता है।

सामान्यतः तत्पुरुष समास दो प्रकार से बनते हैं ।

**(अ)** संज्ञा + संज्ञा के मेल से,

**जैसे** - युद्ध की भूमि - युद्ध भूमि

दान में वीर - दानवीर

**(आ)** संज्ञा + क्रिया मूलक शब्दों के मेल से,

**जैसे** - शरण में आगत - शरणागत

आप पर बीती - आपबीती

२. **कर्मधारय समास :** जहाँ पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है वहाँ कर्मधारय समास होता है।

**जैसे** - नीलकमल- नीला कमल, पीताम्बर - पीला अम्बर

३. **द्वंद्व समास :**जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, उसे द्वंद्व समास कहते हैं।

**जैसे** - गंगा-जमुना : गंगा और जमुना

शिव-पार्वती : शिव और पार्वती

राधा-कृष्ण : राधा और कृष्ण

©KTBS Not to be republished

**४. द्विगु समास :** इसमें पूर्वपद संख्यावाची होता है।

**जैसे -** त्रिभुवन - तीन भुवन

चौराहा - चार राह,

नवरत्न - नौ रत्न

**५. बहुव्रीहि समास :** जहाँ समस्त पद में आए दोनों पद गौण होकर, किसी तीसरे पद का बोध कराया जाता है वहाँ बहुव्रीहि समास होता है।

**जैसे -** दशकंठ - जिसके दस कंठ हैं (रावण)

त्रिलोचन - जिसके तीन लोचन हैं (शंकर)

गिरिधर - गिरि को धारण करनेवाला (कृष्ण)

**६. अव्ययीभाव समास :** जिस समास में पूर्व पद अव्यय होता है, उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं।

**जैसे -** प्रति दिन - प्रति +दिन, यथाशक्ति - यथा + शक्ति

भरपेट - भर + पेट

**योग्यता विस्तार:**

- कर्नाटक के अन्य जिलों की यात्रा करने की योजना बनाइए ।
- कर्नाटक के कुछ ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी प्राप्त कीजिए ।
- मृगालय तथा अभयारण्यों की सैर करके अपने अनुभव लिखिए।

****

©KTBS Not to be republished

# पाठ - १६

# दादू के दोहे

-दादूदयाल

**आशय : संत दादूदयाल की कविताओं में भगवान के प्रति अपार प्रेम है। गुरु की महत्ता, भगवान के प्रति भक्ति, संत-साधुओं के प्रति आदर की भावना तथा प्रेम को आवश्यक मान कर इनका आचरण करने का संदेश देते हैं।**

१) दादू सतगुरू सूं सहजै मिल्या, लिया कंठि लगाइ ।
दाया भई दयाल की, तब दीपक दिया जगाइ ।।१।।

२) साहिब का दर छांडि करि, सेवग कहीं न जाइ ।
दादू बैठा मूल गहि, डालौ फिरै बलाइ ।।२।।

३) पर उपगारि सन्त सब, आये इहि कलि माहि ।
पीवै पिलावै रामरस, आप सवारथ नाहिं ।।३।।

४) दादू इस संसार में, ये द्वै रतन अमोल ।
इक साँई अरू संतजन, इनका मोल न तोल ।।४।।

५) दादू पाती प्रेम की, बिरला बाँचै कोइ ।
वेद पुरान पुस्तक पढ़ै, प्रेम बिना क्या होइ ।।५।।

**कवि परिचय :**

संत कवि दादूदयाल का जन्म मध्य प्रदेश में सन् १५१४ में हुआ। इनकी बानी कबीरदास की बानी के जोड़ की कही जाती है। ये निर्गुण भक्ति के महान कवि थे। इनका प्रेमतत्व बहुत ऊँचा और गहरा है। इनके सबदों और साखियों पर कबीर का प्रभाव देखा जाता है। इन्होंने प्रेम के नवनीत और दया के समभाव को दोनों हाथों लूटा है। इनकी भाषा बड़ी रोचक और जानदार है। दादूदयाल का निधन राजस्थान में सन् १६०३ में हुआ।

©KTBS Not to be republished

**शब्दार्थः**

१) सहजै - आसानी से, मिल्या-मिला, सूं-से, दाया-दया, भई-हुई, कंठि-गले से

२) साहिब - मालिक, भगवान; दर-दरवाजा, छांडिकरि-छोड़कर, सेवग-सेवक, भक्त; गहि-पकड़ना

३) पर उपगारि - दूसरों की मदद करनेवाले, इहि-इसी, कलि- कलियुग, माहि-में, पीवै-पीते हैं, पिलावै-पिलाते हैं, रामरस-राम नाम का रस, सवारथ-स्वार्थ

४) द्वै - दो, अमोल-कीमती, इक-एक, साँई-भगवान, अरू-और, मोल-कीमत, तोल-तौलना

५) पाती - पत्र, चिट्ठी; बिरला-विशिष्ट, अपूर्व ; बाँचै-पढ़ता है

**भावार्थः**

१) दादूदयाल जी प्रस्तुत दोहे में कहते हैं कि वे अपने सद्गुरु से सहज, सरल रूप से मिले। मिलते ही उन्होंने गले लगाया। दादू पर जैसे ही सतगुरु की दया हुई वैसे ही ज्ञान का दीपक जल उठा। सतगुरु के आशीर्वाद से ज्ञान प्राप्त हुआ।

२) दादूदयाल जी प्रस्तुत दोहे में कहते हैं कि उस भगवान या मालिक का दर, स्थान छोड़कर यह सेवक और कहीं नहीं जाएगा। दादू मूल स्थान, सही स्थान में बैठा है। उसने अपनी सारी पीड़ा, कष्ट-बलाओं को बाहर निकालकर फेंक दिया है।

३) दादूदयाल जी के अनुसार संत जन दूसरों की सहायता और सेवा करने के लिए ही इस कलियुग में आए हैं। साधु संतों का मुख्य काम है —राम-नाम का रस पीना और सभी को पिलाना। इसमें किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं है।

४) दादू प्रस्तुत दोहे में कहते हैं कि इस संसार में दो रतन अनमोल और कीमती हैं जिनका मूल्य नहीं लगा सकते। एक स्वयं भगवान और दूसरा

© KTBS Not to be republished

साधु-संत। इन दोनों की कीमत नहीं लगा सकते और इन्हें तोल भी नहीं सकते।

५) दादूदयाल जी प्रस्तुत दोहे में कहते हैं-प्रेम का पत्र पढ़नेवाला कोई विशिष्ट ही होगा, विरला ही होगा। प्रेम का पाठ पढ़ना सभी के वश में नहीं है। वेद पढ़ें, पुराण पढ़ें, सभी बड़े-बड़े ग्रंथ पढ़ें, यदि प्रेम रूपी ग्रंथ या चिट्ठी नहीं पढ़ेंगे तो वेद, शास्त्र, पुराण पढ़ना बेकार है। प्रेम ही सब कुछ है।

## अभ्यास

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:**

१. सत्‌गुरु से मिलते ही दादू क्या करते हैं?

२. दादू सदा कहाँ रहना चाहते हैं?

३. संत लोगों का स्वभाव कैसा होता है?

४. इस संसार में दो कीमती रत्न कौन-से हैं?

५. प्रेम की पाती कौन पढ़ेगा?

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए:**

१. दादू के अनुसार सत्‌गुरु का क्या महत्व है?

२. इस कलियुग में संतों का जन्म क्यों हुआ है?

३. प्रेम के बारे में दादू क्या कहते हैं?

**III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

१. साहिब का ________________ कहीं न जाइ।

२. दादू इस संसार में, ________________।

३. इक साँई ________________ तोल।

४. दादू पाती ________________ कोइ।

५. वेद पुरान ________________ क्या होइ।।

©KTBS Not to be republished

**IV. भाव स्पष्ट कीजिए :**

१. पीवै पिलावै रामरस, आप सवारथ नाहिं ।।

२. वेद पुरान पुस्तक पढ़ै, प्रेम बिना क्या होइ।।

**V. पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

दीपक, दर, सेवग, सवारथ, संसार, अमोल, पाती ।

**VI. सही शब्द जोड़कर लिखिए :**

| | **'अ'** | | **'ब'** |
|---|---|---|---|
| १. | सत्गुरू | क) | पर उपगारि |
| २. | साहिब | ख) | साँई अरू संतजन |
| ३. | संत | ग) | बिरला बाँचै |
| ४. | अमोल रतन | घ) | सेवग |
| ५. | पाती प्रेम की | ङ) | लिया कंठि लगाइ |

©KTBS
Not to be republished

# भाषा - बोध

**शब्द-युग्मः**

बातें करते समय अथवा लिखते समय कुछ शब्द साथ-साथ प्रयुक्त होने वाले शब्दों के जोड़े को शब्द-युग्म कहा जाता है। जैसे —राधा-कृष्ण, हुब्ली-धारवड़, हैदराबाद-सिकिंदराबाद । शब्द-युग्म अथवा शब्दों के जोड़े का अपना महत्व भी है और अपनी अलग पहचान भी।

**निकटता का संबंधः**

कुछ शब्द-युग्मों का प्रयोग परस्पर निकट संबंध को प्रकट करते है। जैसे-'राम-लक्ष्मण'। राम और लक्ष्मण भाई-भाई हैं। वे एक दूसरे से बिछुड़ कर नहीं रह सकते। यह उन दोनों की निकटता का बोध कराता है।

**दूरी का बोधः**

कुछ शब्द-युग्म लंबी दूरी को प्रकट करते हैं। जैसे- जमीन-आसमान। वैसे तो जमीन और आसमान एक दूसरे से बहुत दूर हैं। दोनों का मेल-मिलाप कभी भी नहीं हो सकता। फिर भी यह शब्द-युग्म साथ-साथ चलता है।

**विरुद्ध अर्थ पर बलः**

कुछ शब्दों के जोड़े प्रयोग में एक साथ होने पर भी एक दूसरे से विरोध को प्रकट करते हैं। जैसे- पाप-पुण्य, राग-द्वेष तथा गोरा-काला ।

**समान अर्थ पर बल :**

कुछ शब्द-युग्म स्वरूप और स्वभाव में एक जैसे रहते हैं। वाक्यों में इनका प्रयोग जब-तब होता रहता है। एक ही अर्थ प्रकट करनेवाले इस शब्द-युग्म के प्रयोग से कथन-पद्धति में तीव्रता आ जाती है।

**जैसे :** कभी-कभी, बात-बात, पत्ता-पत्ता, शब्द-युग्म के प्रयोग से वाक्य रचना में सुंदरता बढ़ती है और अर्थ में वृद्धि भी होती है

**योग्यता विस्तार :**

- कबीर, तुलसी, रहीम, वृंद के दोहों का संकलन कीजिए ।
- नैतिक शिक्षा की अवधि में दोहों के महत्व की चर्चा कीजिए ।

****

© KTBS Not to be republished

# पाठ - १७

# दो थैलियाँ

-डॉ गिरिराज शरण अग्रवाल

**आशय : केवल काम करना काफी नहीं है । कोई भी काम करने से पहले सोच विचार करके तन-मन लगाकर काम में जुट जाना चाहिए । विवेक से काम करने पर ही कोई सुखी या विजयी हो सकता है ।**

## पात्र - परिचय

| | | |
|---|---|---|
| गिरधारी | : | मोहित का पिता |
| मोहित | : | गिरधारी का बड़ा पुत्र |
| रोहित | : | गिरधारी का छोटा पुत्र |
| कांता | : | मोहित, रोहित की माँ |
| सुधा | : | मोहित, रोहित की बहिन |

## दृश्य : एक

(मंच पर बूढ़ा किसान गिरधारी खाट पर बैठा दिखाई देता है । भोर का समय है । वह अपने दोनों बेटों को आवाज़ देता है ।)

**गिरधारी** : अरे, ओ मोहित !

**मोहित** : हाँ ! पिताजी !

**गिरधारी** : क्या कर रहे हो तुम ? अपने छोटे भाई रोहित को लेकर मेरे पास आओ। अपनी माँ से कहो, वह मेरे लिए नाश्ता तैयार कर दे। (दोनों लड़के रोहित और मोहित अपने पिता गिरधारी के पास खड़े दिखाई देते हैं।)

©KTBS Not to be republished

**मोहित** : कहिए पिताजी! क्या आदेश है ?

**गिरधारी** : बेटे ! तुम जानते हो, मेरा पूरा जीवन खेतों में काम करते बीता है। पचास साल से अधिक हो गए कड़ी मेहनत करते हुए । मैं बहुत थक गया हूँ।

**रोहित** : हम तो आपसे बार-बार कहते हैं पिताजी, अब आराम करें। खेत-किसानी का काम हम खुद सँभाल लेंगे, पर आप मानते ही नहीं हैं।

**गिरधारी** : मानूँ कैसे ? एक तो काम करने की आदत है, फिर मुझे तुम दोनों पर इतना विश्वास नहीं है कि तुम खेत-किसानी का पूरा काम सँभाल सकते हो ।

**मोहित** : आप विश्वास तो करके देखें, पिताजी। हम दोनों आपकी संगत में खूब जान गए हैं खेती के काम को ।

**गिरधारी** : केवल काम जानना ही काफी नहीं है ।

**रोहित** : किसान को अपने विवेक का प्रयोग भी करना पड़ता है कई बार। यही ना ।

**मोहित** : जब तक आप हम लोगों को मौका नहीं देंगे, हम अपने विवेक का प्रयोग कैसे कर पायेंगे?

**गिरधारी** : ठीक है मोहित ! तुम ठीक कहते हो । जब तक आदमी को मौका नहीं मिलता, वह अपना विवेक दिखा ही नहीं पाता ।

**मोहित** : पिताजी आप यही सोचते हैं ना कि हम अकेले ठीक ढंग से काम नही कर पाएँगे ?

**गिरधारी** : नहीं ! मेरे बच्चो, ऐसा नहीं है । अब मैं कुछ समय के लिए तुम दोनों पर ही काम छोड़कर कहीं घूम आना चाहता हूँ ।

**कांता** : (गिरधारी के निकट आते हुए) जी, भोजन तैयार कर दिया है । पर मेरा मन नहीं मानता है, बुढ़ापे में आपको कहीं जाने देने को।

©KTBS Not to be republished

**गिरधारी** : कांता, मैं तो जीवन-भर तेरे पाँव से पाँव बाँधे बैठा रहा । खेत और घर के अलावा दुनिया में कुछ देखा ही नहीं, अब चार-छः महीने के लिए घूम आने दे मुझे ।

**कांता** : जाओगे कहाँ ?

**गिरधारी** : यह देश बहुत बड़ा है । बहुत विशाल । क्या नहीं है यहाँ? पर्वत हैं, सागर हैं, अनेक रमणीय स्थान हैं । घूम-घूम कर जगह-जगह इस माटी की महक सूँघूँगा ।

**मोहित** : कितने दिन में लौटेंगे, पिताजी ?

**गिरधारी** : बस कोई चार महीने बाद ! अब हमने साढ़ी की फसल उठाई है ना, अगले महीने धान बोए जाएँगे । जब तुम लोग धान की फसल काट रहे होंगे, तब मैं लौट आऊँगा ।

**कांता** : मैंने कपड़े और ज़रूरत का दूसरा सामान तैयार कर दिया है जी।

**गिरधारी** : (खिड़की की ओर देखते हुए) सुधा! मैंने तुझे दो थैलियाँ दी थीं। जा, उन्हें उठा ला।

(सुधा कपड़े की दो थैलियाँ उठाकर लाती है। इनमें कोई चीज़ भरी हुई है।

**सुधा** : लीजिए पिताजी।

**गिरधारी** : (दोनों थैलियों को सँभालते हुए) ठीक है, आ बैठ जा, बैठ जा बेटी मेरे पास!

(सुधा खाट पर बैठ जाती है।)

**सुधा** : पिताजी, आप कहीं जा रहे हैं ना? मेरे लिए क्या लेकर आएँगे परदेश से?

**गिरधारी** : (प्यार से) तेरे लिए बहुत अच्छी-अच्छी ढेर सारी चीज़ें लेकर आऊँगा। तू घर के कामों में अपनी माँ का हाथ बाँटना,समझी?

**सुधा** : हाँ पिताजी !

**गिरधारी** : (दोनों बेटों को संबोधित करते हुए) लो मोहित, एक थैली तुम रखो और दूसरी रोहित को दे दो।

(दोनों लड़के एक-एक थैली ले लेते हैं)

©KTBS Not to be republished



**मोहित** : इनका क्या करना है पिताजी?

**गिरधारी** : इनमें आधा-आधा किलो धान है। बहुत बढ़िया किस्म का। कुछ दिन पहले मँगवाया था मैंने।

**रोहित** : पर पिताजी! हम इसका क्या करें?

**गिरधारी** : तुम लोग इसे सावधानी से अपने पास रखना। ख़राब न होने देना इसे। लौट कर देखूँगा, तुमने इस धान को किस तरह सुरक्षित रखा है?

**मोहित** : ठीक है पिताजी!

(गिरधारी उठता है और अपना सामान लेकर घर से बाहर निकल जाता है। कांता, दोनों बेटे और लड़की उसे दरवाज़े तक छोड़ने आते हैं ।)

**दृश्य : दो**

**(स्थान पूर्ववत्)**

**रोहित** : भैया मोहित! समझ में नहीं आया, पिताजी ने धान की ये थैलियाँ हमें किसलिए दी हैं ?

©KTBS Not to be republished

**मोहित** : साथ ही यह निर्देश भी दिया है कि इन्हें खराब न होने देना। सुरक्षित रखना इन्हें।

**रोहित** : थैलियों में केवल आधा-आधा किलो धान है। यह तो किसी भी काम में नहीं आ सकता है।

**मोहित** : हमें काम में लाने की आवश्यकता ही क्या है भैया? हमें आदेश मिला है कि थैलियों को सँभालकर रखना। पिताजी के आने पर इन थैलियों को लौटा देंगे।

**रोहित** : पर यह तो कोई समझदारी की बात नहीं लगती मुझे!

**मोहित** : क्यों नहीं लगती?

**रोहित** : चार महीने तक हम आधा-आधा किलो धान रखें, इसमें तो पिताजी का हित क्या है और हमारा हित क्या है?

**मोहित** : तुम बेकार चक्कर में पड़ रहे हो? जैसा पिताजी ने कहा है, वैसा करो। धान इधर-उधर हो गया तो बहुत नाराज़ होंगे पिताजी लौटकर।

**सुधा** : (भाइयों के पास आते हुए) अजी नहीं, नाराज़ क्यों होंगे? उन्हें तो याद भी नहीं रहेगा कि उन्होंने जाते हुए आधा-किलो धान दिया था।

**मोहित** : हाँ, तुम ठीक कहती हो। यह इतना कम है कि पिताजी को याद ही नहीं रहेगा कि वह जाते हुए क्या दे गए थे हमें?

**सुधा** : तो फिर? अगले हफ्ते विवाह करूँगी मैं अपनी गुड़िया का, इनका भात बना लेंगे?

**मोहित** : कैसे?

**सुधा** : कैसे क्या? यह दोनों थैलियाँ तुम मुझे दो, मैं कूट छान कर इनका चावल निकाल लेती हूँ। पिताजी कहते थे कि यह बहुत बढ़िया किस्म का धान है। खाने में बहुत मज़ा आएगा।

© KTBS Not to be republished

**मोहित** : ऐसा बढ़िया चावल हमने इससे पहले नहीं खाया होगा, सुधा!

**सुधा** : हाँ, भैया। लगता तो ऐसा ही है। पिताजी कहते थे बहुत दूर से मँगाया है, उन्होंने इस धान को।

**कांता** : (बच्चों की ओर आते हुए) सुन रही हूँ मैं भी तुम लोगों की बातें! ऐसी मूर्खता का काम मत करना बच्चो!

**सुधा** : मूर्खता की क्या बात है इसमें?

**कांता** : जब तुम्हारे पिताजी ने उन थैलियों को सावधानी से रखने को कहा है, तो तुम्हें उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए।

**मोहित** : पर माँ, कोई तुक भी है। आधा किलो धान क्या भाड़ फोड़ेंगे? न खाने के न बोने के । पिताजी तो कभी-कभी ऐसा काम बताते हैं जिसका कोई अर्थ ही नहीं होता।

**कांता** : फिर भी मेरी सलाह यही है कि तुम इन थैलियों को सँभाल कर रखो।

(कांता वापस जाती है ।)

**दृश्य : तीन**

(रोहित एक क्यारी में कुछ रोपता हुआ दिखाई देता है।)

**मोहित** : क्या कर रहे हो भैया?

**रोहित** : धान रोप रहा हूँ क्यारी में।

**मोहित** : कैसे बच्चोंवाले काम में लगे हो, भैया क्या प्राप्त होगा तुम्हें?

**रोहित** : तुम इसकी चिंता न करो। जो कर रहा हूँ करने दो मुझे ?

**मोहित** : पिताजी लौटकर बहुत नाराज़ होंगे तुमसे? अगर उन्हें थैली याद आ गई और वह माँग बैठे तो क्या करोगे?

**रोहित** : देखा जाएगा, तुम चिंता न करो इसकी।

(मोहित उसे क्यारी में काम करता छोड़ वापस चला जाता है।)

©KTBS Not to be republished

## दृश्य : चार

**कांता** : अरे मोहित? तुम्हारे पिताजी की चिट्ठी आई है आज । वह शाम तक आ रहे हैं। कहीं जाना नहीं तुम लोग ।

**मोहित** : ठीक है माँ जी !

**कांता** : रोहित और सुधा कहाँ हैं ?

**मोहित** : वे भी यहीं हैं घर में !

**कांता** : उन्हें भी बता दे।

(मंच पर गिरधारी और उसके साथ परिवार के अन्य सदस्य दिखाई देते हैं।)

**मोहित** : यात्रा कैसी रही पिताजी ?

**गिरधारी** : बहुत अच्छा बेटे, कोई कष्ट नहीं हुआ यात्रा में ।

**सुधा** : आप मेरे लिए क्या लाए पिताजी?

**गिरधारी** : बताता हूँ बेटी ज़रा रुको (फिर बेटों की ओर देखते हुए) मैं तुम लोगों को दो थैलियाँ दे गया था। वह कहाँ हैं, लाकर दो मुझे। रोहित और मोहित जाकर लौटते हुए दिखाई देते हैं। मोहित के हाथ में वही आधे किलो की थैली है जबकि रोहित के सिर पर बहुत बड़ा बोरा है।



©KTBS Not to be republished

**गिरधारी** : (आश्चर्य से) अरे रोहित! तुमने थैली को बोरे में कैसे बदल दिया?

**रोहित** : मैंने इन्हें बोया और यह एक बोरा बन गया। अगले वर्ष एक बोरे से पूरा खेत भर जाएगा।

**गिरधारी** : (बेटे की कमर थपकते हुए) शाबाश! इसी विवेक की आशा थी तुमसे। और मोहित तुम तो बिल्कुल बुद्धू निकले। देखो, अपने भाई से तो सीख लो।

**लेखक परिचय:**

**डॉ. गिरिराजशरण अग्रवाल** हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार हैं। इन्होंने साहित्य की कई विधाओं में अपनी कलम चलाई हैं। इन्होंने विशेषतया बच्चों के लिए कई नाटक लिखे हैं। इन नाटकों की विषयवस्तु सरल होते हुए भी बाल मनोवैज्ञानिक और नीतिप्रद है। यह एकांकी पाठशालाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अभिनय योग्य है।

**शब्दार्थ:**

भोर-सबेरा, आदेश-आज्ञा, रमणीय-सुंदर, महक-सुगंध, खुशबू; साढ़ी की फसल-आषाढ़ में बोयी जानेवाली फसल, बढ़िया किस्म-अव्वल दर्जे का प्रकार, निर्देश-सूचना, तुक-विशेष अर्थ, बुद्धू-मूर्ख, बेवकूफ

## अभ्यास

**I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए:**

१. गिरधारी क्यों घूमने निकला?

२. गिरधारी ने अपने बेटों को क्या दिया?

३. गिरधारी के जाने के बाद रोहित ने क्या सोचा?

४. मोहित ने अपने पिताजी की बात पर क्या सोचा?

५. रोहित ने धान का क्या किया?

६. गिरधारी रोहित से क्यों खुश हुआ?

©KTBS Not to be republished

**II. तीन-चार वाक्यों में उत्तर लिखिए:**

१. गिरधारी ने यात्रा करने की बात क्यों सोची?

२. रोहित और मोहित ने आपस में क्या-क्या बातें कीं?

३. मोहित ने धान की थैली का उपयोग कैसे किया?

४. रोहित ने पिताजी की बातों पर क्या सोचा?

५. रोहित ने पिता की दी हुई थैली का क्या किया?

६. गिरधारी यात्रा से लौटने के बाद किस बेटे से खुश हुआ और क्यों?

**III. विलोम शब्द लिखिए :**

**उदाहरण : अधिक X कम**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | कष्ट | २. | बुद्धू | ३. | विवेक |
| ४. | बुढ़ापा | ५. | सुरक्षित | ६. | परदेश |
| ७. | बढ़िया | ८. | सावधानी | ९. | हित |

**IV. उदाहरण के अनुसार पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

**उदाहरण - जीवन - ज़िंदगी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | दुनिया | २. | रमणीय | ३. | माटी |
| ४. | महक | ५. | ज़रूरत | ६. | किस्म |
| ७. | खराब | ८. | निर्देश | ९. | नाराज़ |
| १०. | मेहनत | ११. | सागर | १२. | प्राप्त |

**V. मुहावरे**

१. पाँव से पाँव बाँधकर चलना = कदम से कदम मिलाकर चलना

२. हाथ बाँटना = मदद करना, सहायता करना

**VI. कोई चार मुहावरे लिखकर उनका अर्थ लिखिए।**

**VII. उपयुक्त मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो ।**

१. इस एकांकी को कहानी के रूप में लिखिए।

© KTBS Not to be republished

# भाषा बोध

## विस्मयादिबोधक अव्यय

वाक्य में विस्मय आदि विभिन्न भावों को प्रकट करनेवाला शब्द विस्मयादिबोधक अव्यय कहलाता है।

जैसे: १. अहा! कितना सुंदर दृश्य है। (हर्ष सूचक)

२. हाय! यह क्या हो गया? (शोक सूचक)

विस्मय आदि भावों को सूचित करनेवाला चिह्न है-'!'

विस्मयादिबोधक के कुछ भेद:

१. विस्मय बोधक - अरे!, क्या!, ओह!, सच!, बापरे! आदि

२. शोक बोधक - हाय!, बापरे बाप!, हे राम!, आह! आदि

३. घृणा या तिरस्कारबोधक - छिः!, थू-थू!, धिक्कार! आदि

४. स्वीकृतिबोधक - अच्छा!, ठीक!, हाँ! आदि

५. हर्षबोधक - वाह-वाह!, धन्य, अहा!, शाबाश! आदि

६. संबोधनबोधक - हे!, अरे!, अजी!, ओ!, हो! आदि

विस्मयादिबोधक अव्यय का प्रयोग सदा वाक्य के आरंभ में होता है।

विस्मयादिबोधक के सभी भेदों से एक-एक शब्द लेकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।

**योग्यता विस्तार:**

- एकांकी को अभिनय के साथ प्रस्तुत कीजिए।

****

Not to be republished ©KTBS

# पूरक वाचन
## जगदीशचंद्र बोस

भारत के महान वैज्ञानिकों में श्री जगदीशचंद्र बोस भी एक हैं। इन्होंने सदा विश्व की शुभकामना की।

जगदीशचंद्र बोस बंगाल के राढीखाल में पैदा हुए। उनका जन्म ३० नवंबर १८५८ में हुआ। जगदीशचंद्र बोस बचपन से होनहार तथा होशियार थे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद कलकत्ता के सेंट जेवियर कॉलेज में इन्होंने बी.ए. परीक्षा पास की। उसके बाद विदेश जाकर केंब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके भारत लौटकर आये। कलकत्ता प्रेसिडेन्सी कॉलेज में प्रवक्ता बने। उसी कॉलेज में कुछ अंग्रेजी लोग भी सह-प्रवक्ता बनकर काम करते थे। भारतीय प्रवक्ताओं को वेतन अंग्रेजी लोगों से बहुत कम मिलता था। यह बात बोस को अच्छी नहीं लगी। उन्होंने तीन साल बिना वेतन लिये छात्रों को अच्छी शिक्षा दी। अंत में उस विद्यालय के अधिकारी वर्ग हार गये। तीन वर्षों का पूरा वेतन उन्हें वापस दिया गया। उसके बाद सभी प्रवक्ताओं को समान वेतन देने लगे। उसी दिन से बोस के मन में भी देश को स्वतंत्र कराने का संकल्प दृढ़ होने लगा।

जगदीशचंद्र बोस को वनस्पति तथा प्रकृति-विज्ञान में अधिक रुचि थी। उनका विचार था कि जिस प्रकार मानव जीवन में सुख-दुःख होते हैं उसी प्रकार पेड़-पौधों के जीवन में भी सुख-दुःख होते हैं। अगर हम प्यार से पानी डालें तो पेड़-पौधे अधिक फल-फूल देते हैं, क्योंकि पेड़ पौधों में भी भावनाएँ होती हैं। बोस के इस विचार पर विदेशी लोग हँसने लगे। जब यह बात सत्य निकली तब संसार को बहुत आश्चर्य हुआ। स्वामी विवेकानंद ने भी बोस की प्रशंसा की।

©KTBS Not to be republished

बोस ने अपनी कमाई से एक निजी प्रयोगशाला की स्थापना की। वह संसार की प्रसिद्ध प्रयोगशाला बनी। बोस ने 'क्रेस्कोग्राफ' उपकरण का आविष्कार किया। बेतार संकेत भेजने में अपनी प्रतिभा दिखाई। अपने इस ज्ञान के कारण उन्होंने शिक्षा विभाग में श्रेष्ठ पद भी ग्रहण किया।

जगदीशचंद्र बोस ने संसार के कोने-कोने में भारत की ख्याति फैला दी। २३ नवंबर १९३७ में बोस का देहांत हो गया। भारतीय विज्ञान क्षेत्र में इनका सहयोग अमर है।

I. **प्रश्नों का उत्तर लिखिए:**

१. जगदीशचंद्र बोस कौन थे?

२. उनका जन्म कब और कहाँ हुआ?

३. प्रेसिडेन्सी कॉलेज की कौन-सी बात उनको अच्छी नहीं लगी?

४. वनस्पति तथा प्रकृति -विज्ञान के बारें में बोस जी के विचार क्या थे?

५. विज्ञान के क्षेत्र के लिए उनकी क्या देन है?

६. जगदीशचंद्र बोस का देहांत कब हुआ?

*****

©KTBS Not to be republished

# भाषा - बोध

## व्यावहारिक पत्र

**चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए:**

प्रेषक:

सोनु . के

मनहल्ली रोड, नवोदय नगर

हासन - ५

सेवा में,

प्रधानाध्यापक

टी.एम.पी. स्कूल, शिवनगर,

हासन - ५

महोदय,

मैं आपके विद्यालय में छठी कक्षा 'अ' विभाग में पढ़नेवाली छात्रा हूँ। मेरी बहन की शादी इस महीने की तारीख ०४-०६-२०१७ को विजयपुरा में होनेवाली है। इसलिए मैं दिनांक ०३-०६-२०१७ से ०६-०६-२०१७ तक विद्यालय नहीं आ सकूँगी। आपसे सविनय प्रार्थना है कि मुझे चार दिन की छुट्टी प्रदान करें।

धन्यवाद

दिनांक: ०३-०६-२०१७ आपकी आज्ञाकारी छात्रा

सोनु.के

©KTBS Not to be republished